लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष -2, अंक -303, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5- रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 37.9° अधिकतम तापमान | 29.3° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 05

कानपुर, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज.. 16

परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णान

सकारात्मक पहल

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

नई दिल्ली। प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

दो बच्चों समेत मां ने जहर खाकर जान दी

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- भाई से विवाद के बाद दादा के घर में रह रही थी महिला
- नोएडा में करती थी मजदूरी पिछले हफ्ते आई थी गांव

अमृत विचार : घरेलू कलह से ऊबकर महिला ने अपने दो बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी खा लिया। इसमें महिला और बड़े बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटे बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम बंडवा निवासी राजकुमारी (50) पत्नी रामकुमार ने बताया कि उसकी पुत्री 26 वर्षीय मोहिनी ने 10 वर्ष पूर्व ग्राम कछुवा राठ निवासी हेमंत से प्रेम विवाह किया था। पिछले दो वर्षों से दोनों अलग रह रहे थे। मोहिनी अपने दो बच्चों गौतम और हर्ष के साथ नोएडा में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन चला रही थी। पिछले हफ्ते ही नोएडा से वह अपने ग्राम बंडवा आई थी। घर आने के बाद मोहिनी के भाई गोलू से विवाद हुआ तो उसने घर से निकल जाने की बात कह दी थी। इसके बाद मोहिनी अपने दादा धन्नु के घर में रह रही थी। शनिवार को वह दोपहर अपने दोनों बच्चों को लेकर नोएडा जाने की बात कहकर घर से मुस्करा आ गई। दिन में तीन बजे नोएडा में मोहिनी के पास रहने वाली उसकी सहेली दीपा का फोन आया कि मोहिनी ने उसे फोन किया है कि मैंने दोनों बच्चों सहित जहर की गोली खा ली है और मरने जा रही हूं। मां को सूचना कर दो। इसके बाद वह तुरंत ही मुस्करा आई और घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि बेटी मोहिनी और 5 वर्षीय नाती गौतम की मौत हो चुकी थी। जबकि 3 वर्षीय नाती हर्ष गंभीर हालत में था। उसे सीएचसी ले जाया गया वहां पर इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ. शिवजी गुप्ता ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में छोटे बच्चे हर्ष की भी मौत हो गई। गोलू ने बताया कि मोहिनी उसकी बात नहीं मानती थी। वह उसके दादा के लड़के भूपेंद्र का कहना मानती थी। जिसके चलते भाई-बहन में विवाद हुआ था। दादा का लड़का भूपेंद्र बहन को लेकर मुस्करा आया था और छोड़कर कहीं भाग गया। थाना प्रभारी शशि पांडे ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थिति पर नियंत्रण पाने को की गई आपात कटौती
- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

अमृत विचार : प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद चल रही तीन इकाइयों को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की आपात कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

शासन ने कई आईपीएस अफसरों के तबादले किए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।

एक नजर

उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

देहरादून। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है। चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है।

सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा

नई दिल्ली। सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था।

बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

कोझिकोड। केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया।

जीएसटी काउंसिल की डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ करने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार को हुई 53वीं बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की शनिवार को हुई 53वीं बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है।

बैठक के बाद सीतारमण ने कहा व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा।

पेट्रोल-डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की तैयारी : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

रेल सेवाओं में राहत

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद ने सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय के साथ ही रेलवे की सेवाओं के साथ ही कई अन्य सेवाओं पर जीएसटी से राहत देने की सिफारिश की है। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिसका अर्थ है स्टील, लोहा, एल्युमीनियम, चाहे किसी भी उपयोग में हो। उन्हें दूध के डिब्बे कहा जाता है, लेकिन जहां भी उनका उपयोग किया जाता है, वही दर लागू होगी, ताकि कोई विवाद उत्पन्न न हो।

आरक्षी पद पर पदावनत किए गए सीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शनिवार देर रात को डीजीपी कार्यालय से जारी हुआ आदेश
- तीन साल पहले कानपुर के होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े गए थे सीओ

अमृत विचार : डीजीपी प्रशासन ने प्रोन्नत डिप्टी एसपी कृपाशंकर कन्नौजिया को मूल पद पीएसी आरक्षी पर वापस करने का आदेश जारी किया है। वर्तमान समय में कृपाशंकर उन्नाव के बीघापुर में तैनात हैं। उनकी पहली नियुक्ति 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में आरक्षी पद पर हुई थी। डीजीपी मुख्यालय से यह आदेश शनिवार देर रात को जारी हुआ।

उन पर तीन साल पहले महिला सिपाही के साथ कानपुर के होटल में रंगरेलियां मनाने के मामले में जांच चल रही थी। जांच में दोषी पाए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने यह कार्रवाई की है।

मूलरुप से गोरखपुर के रहने वाले कृपा शंकर कन्नौजिया की भर्ती पीएसी में की 26वीं वाहिनी में हुई थी।

भर्ती होने के बाद से वर्ष 2020 के बीच कृपाशंकर को चार प्रोन्नति मिली। मुख्य आरक्षी, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर और वर्ष 2020 के अंत में वह डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नत किए गए। उनकी तैनाती उन्नाव में हुई।

होटल में महिला सिपाही के साथ मिले

वर्ष 2021 में कृपाशंकर महिला सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में मिले। उस वक्त मामला सुर्खियों में भी रहा। वर्दी पर दाग लगता देख उन्नाव के तत्कालीन एसपी ने शासन से शिकायत भी की थी। जबकी महिला सिपाही को तत्काल निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के बाद डिप्टी एसपी कृपाशंकर पर उच्चस्तरीय जांच बैठा दी गई थी। जांच रिपोर्ट में विवाहेतर संबंध की पुष्टि होने पर शासन ने उनके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। शनिवार रात को डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में उनको मूल पद पीएसी के आरक्षी पर वापस कर दिया गया है।

नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में

देवघर (झारखंड), एजेंसी

- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

पटना। बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

आरटीओ में सर्वर ठप कामकाज रुका, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। संभागीय परिवहन विभाग (आरटीओ) का कंप्यूटर सिस्टम शनिवार दोपहर करीब सवा एक बजे खराब हो गया। इसके बाद कई घंटे कार्य बाधित रहा। भीषण उमस भरी गर्मी में दूर दराज से आए लोग काफी देर परेशान रहे फिर हंगामा किया।

शनिवार दोपहर सबसे पहले सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन के ऑफिस का इन्वर्टर फुंक गया। इसके एक घंटे बाद कार्यालय में लगे सिस्टम का सर्वर धड़ाम होने से कामकाज रुक गया। काफी देर काम नहीं होने से विभिन्न खिड़कियों के बाहर लाइन में लगे लोगों के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने शोर मचाया और हंगामा किया। आरटीओ कार्यालय के स्टाफ ने इंजीनियर को बुलाकर सर्वर ठीक कराया। करीब तीन घंटे तक वाहनों की आरसी, परमिट, वाहनों का ट्रांसफर, ड्राइविंग लाइसेंस समेत जैसे कार्य प्रभावित रहे।

उधर, आरटीओ ऑफिस की बिजली आती-जाती रही जिससे गर्मी में लोग बेहाल रहे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजेश राजपूत का कहना है कि सर्वर के मुख्य पैनल में खराबी आ गई थी जिसे ठीक कर लिया गया।

संयुक्त निदेशक ने किया मॉडल ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

कानपुर। पंचायती राज विभाग के संयुक्त निदेशक एस.के. सिंह ने अपनी टीम के साथ मॉडल ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया और अन्य ग्राम पंचायतों के कार्यों की प्रगति देखने के साथ ही समय पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

शनिवार को संयुक्त निदेशक ने कानपुर नगर एवं कानपुर देहात में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान दोनों जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी समेत संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में एसबीएमजी फेज-2 योजनान्तर्गत चयनित मॉडल ग्राम पंचायतों एवं आरआरसी संचालन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण आदि कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी।

मसलक के अंदर मसलक, क्या करेगा मुशावरत

अमृत विचार विशेष

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- मुसलमानों में हर मसलक के कई-कई शहरकाजी पहले इनको एक करने की जरूरत
- आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल ने खड़े किए मुशावरत की सक्रियता पर सवाल
- संगठन तो रोज बनते हैं लेकिन मुसलमानों के दुख-दर्द में कोई मदद नहीं करता

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के 60 साल बाद एक बार फिर से सक्रिय होने की खबर अमृत विचार ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल ने मुशावरत की कवायद पर कई सवाल खड़े किए हैं। काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस ने बयान जारी किया है कि वर्तमान में मुसलमानों का न तो कोई रहनुमा है और न ही कोई सियासी कायद (जनप्रतिनिधि)। मुसलमानों का एक भी संगठन ऐसा नहीं है जो उनकी आवाज उठा सके। इसकी वजह यह है कि मुसलमानों में मसलक के अंदर मसलक बने हुए हैं, हर मसलक के कई-कई शहरकाजी हैं।

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तर्ज पर मजबूत बनाकर सक्रिय करने के संबंध में आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल के महामंत्री का कहना है कि मुसलमान मसलक में बंटे हुए हैं। शिया, सुन्नी, देवबंदी, अहले हदीस समेत कई फिरकों में मुसलमान बंटा है। पहले मुशावरत को इन सभी को एकजुट करने का काम करना होगा। मुस्लिम संगठनों से मुशावरत के लोग पहले संपर्क स्थापित करें। उन्हें हर मीटिंग में आने की दावत दें। सभी मसलक के लोगों को एक करें फिर मुसलमानों के बीच जाएं। मुशावरत को अपना संगठन राज्य, जिला और वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा। यूं ही संगठन बनाने से कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि संगठन तो रोज बनते हैं।

पर्सनल लॉ बोर्ड अध्यक्ष मौलाना सैफ उल्लाह रहमानी भी सदस्य

आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत के प्रमुख जिम्मेदार मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष मौलाना सैफ उल्लाह रहमानी भी मुशावरत के सदस्य हैं। उनके अलावा कमाल फारुकी एवं सैयद कासिम रसूल इलियास (आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य) भी मुशावरत के सदस्य हैं। सुलेमान के मुताबकि सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क किया गया है, मुशावरत में देश भर के मुस्लिम बुद्धिजीवियों को लेने का काम शुरू किया गया है। कमाल फारुकी, मंजूर अहमद (आईपीएस), हाफिज आरए चौधरी, अहमद रशीद शेरवानी, अताउर्रहमान कासिमी, मुजतबा फारुक (औरंगाबाद), बशीर अहमद खान (नई दिल्ली), सैयद तहसीन अहमद (नई दिल्ली), अब्दुल अजीज (कोलकाता), उजमा नाहिद (मुंबई) के अलावा अनवारुल इस्लाम प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया देश के लगभग सभी मुस्लिम संगठनों से संपर्क साधा गया है, जो शेष रह गए हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है, सभी के सहयोग से मुशावरत को मजबूत किया जाएगा।

25 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट का डीपीआर बनाने से पहले सर्वे

जाना गांव में लगाया जाना है सोलर प्लांट, नगर निगम में हुई संबंधित विभागों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

19 फरवरी की बैठक में सदन में पास हुआ था प्रस्ताव

100 करोड़ रुपये के म्यूनिसिपल बांड से बनना है प्लांट

60 एकड़ भूमि जाना गांव में सीवेज फार्म की चिह्नित हुई

09 करोड़ रुपये नगर निगम का मासिक बिजली खर्च बचेगा

भूमि की खतौनी देखें स्वामित्व एवं वाद-विवाद की ली जाए जानकारी

नगर निगम द्वारा प्रोजेक्ट के आसपास की भूमि की खतौनी देखी गयी। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश ने बैठक में प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) को निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट से सम्बन्धित जाना गांव, रूमा एवं मवईया गांव में नगर निगम की रिक्त पड़ी भूमि की समस्त खतौनी निकलवाने के साथ-साथ साइट सर्वे किया जाए। जमीनों के स्वामित्व एवं वाद-विवाद की स्थिति की जानकारी की जाए।

अमृत विचार। जाना गांव में 25 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित करने से पहले नगर निगम और यूपीपीटीसीएल (यूपी पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड) प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण करेंगे। इसके बाद यूपीनेडा योजना की डीपीआर बनाएगी। सोलर प्लांट लगाने को लेकर नगर निगम ने केस्को, एनएचएआई, एयरपोर्ट, नेडा, पीडब्ल्यूडी विभागों के साथ बैठक कर ली है। सभी विभागों ने अपने-अपने सुझाव दिए हैं। बैठक में निर्णय हुआ है कि प्लांट लगाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी समेत कई विभागों से एनओसी लेना जरूरी होगा।

शासन के निर्देश पर 100 करोड़ रुपये के म्यूनिसिपल बांड से स्थापित होने वाले सोलर प्लांट के लिए जाना गांव में सीवेज फार्म की जमीन पर 60 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्लांट लगाने के लिए हुई बैठक में एक-एक बिन्दु पर चर्चा हुई। यूपीपीटीसीएल के अधीक्षण अभियंता ने कहा कि प्रोजेक्ट की वास्तविक स्थिति जानने के लिये नगर निगम और यूपीपीटीसीएल का साझा सर्वे कराया जाना अति आवश्यक है। इससे ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशन को प्रोजेक्ट से जोड़ने की वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सकेगी और ट्रांसमिशन लाइन की लागत का भी अनुमान लगाया जा सकेगा। सर्वे से ही ज्ञात हो सकेगा कि प्रोजेक्ट के लिए किन-किन विभागों से एनओसी ली जानी है। बैठक में एयरपोर्ट के अधिकारी ने कहा कि कानपुर एयरपोर्ट का इंडियन एयरफोर्स द्वारा संचालन किया जा रहा है। इसलिए प्रोजेक्ट के लिए चीफ आपरेटिंग आफीसर, एयरफोर्स स्टेशन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि उनका कोई भी स्टेट हाइवे उस क्षेत्र से नहीं गुजरता है, जहां सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। लेकिन वह अपनी अंतिम राय नगर निगम एवं यूपीपीटीसीएल के सर्वे के बाद ही दे पाएंगे। नेडा के अधिकारी ने कहा कि सोलर प्रोजेक्ट का डीपीआर बनाने का काम सर्वे के बाद ही होनी चाहिए।

सरसौल सीएचसी में खुला पहला मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एनीमिया के समय से प्रबंधन, इलाज व रोकथाम की मिलेगी सुविधा

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को काम करने और खून की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से सरसौल ब्लाक की सीएचसी में पहले मातृ एनीमिया प्रबंधन कॉर्नर की शुरूआत की गई है। एनीमिया प्रबंधन के लिए यहां पर प्रसव पूर्व जांचें की जाएगी। एनीमिया ग्रस्त गर्भवती में हीमोग्लोबिन की मात्रा में सुधार लाने का काम किया जाएगा। ऐसे कॉर्नर जिले के अन्य केंद्रों पर भी खोले जाएंगे।

सरसौल ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिले के पहले मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर की जानकारी देते हुए परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि एनीमिया की पहचान हीमोग्लोबीन जांच से की जाती है। इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहला हिमोग्लोबीन लेवल 11 ग्राम से ज्यादा है तो इसी सामान्य मानकर दवाइयां दी जाती हैं। हीमोग्लोबीन सात ग्राम से 11 ग्राम होता है तो उसे मॉडरेट कहते हैं। यदि हिमोग्लोबीन सात ग्राम से नीचे है तो उसे सीवियर एनीमिया माना जाता है। हीमोग्लोबीन सात ग्राम से 10 ग्राम के बीच रहता है तो दूसरी या तीसरी तिमाही में उस महिला को मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर में आयरन सूक्रोज का इंजेक्शन दिया जाएगा। ताकि प्रसव के समय खून से संबंधित कोई जटिलताएं ना हो सके। वर्तमान में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से एनेमिया ग्रस्त गर्भवतियों की जांच की जा रही है। जटिल प्रसव के कुशल प्रबंधन के लिए खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। इसी उद्देश्य से ग्रामीण स्तर पर पहला मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसौल में स्थापित किया गया है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मातृ एनीमिया प्रबंधन कार्नर स्थापित करने की तैयारियां चल रही हैं। जल्द ही सभी केंद्रों में गर्भवतियों और महिलाओं को सेवाएं मिलेगी।

सरसौल सीएचसी में स्थापित एनीमिया प्रबंधन कार्नर। अमृत विचार

इन लक्षणों को न करे नजरअंदाज

- गर्भावस्था के दौरान रक्तस्राव होना,
- खून की कमी यानि कमजोरी या थकान महसूस होना
- बुखार आना, पेडू में दर्द या बदबूदार पानी आना,
- उच्च रक्तचाप यानि अत्यधिक सिरदर्द
- झटके आना या दौरे पड़ना
- गर्भ में शिशु का कम घूमना

कॉर्नर में मिलेंगी यह सेवाएं

- एनीमिया की जांच के लिए लैब की सुविधा
- आयरन फोलिक एसिड दवा
- कृमिनाशक दवाएं
- आयरन सुक्रोज इंजेक्शन व इलाज
- पोषण संबंधित परामर्श सेवाएं
- ब्लड ट्रांसफ्यूजन

बच्चे का विकास प्रभावित होने का रहता खतरा

यूपीटीएसयू की जिले की स्पेशलिस्ट कम्युनिटी आउटरीच कुसुम सिंकू के मुताबिक हीमोग्लोबीन की कमी एनीमिया की मुख्य वजह है। गर्भावस्था के दौरान 80 फीसदी महिलाओं को एनीमिया से ग्रसित होने का खतरा रहता है। एनीमिया की वजह से प्रसव संबंधी जटिलता बढ़ने के साथ गर्भस्थ शिशु का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित होने का खतरा रहता है। यहीं नहीं एनीमिया मातृ-शिशु मृत्यु के प्रमुख कारणों में से भी एक है। वहीं, सामान्य महिलाओं के एनीमिक होने से माहवारी के दौरान रक्तस्त्राव व तकलीफ बढ़ती है। बालों का झड़ना, डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर व शारीरिक दुर्बलता होना आम हो जाता है।

पोषक तत्वों की भूमिका अहम

चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रणव के मुताबिक फोलिक एसिड गर्भस्थ शिशु में मस्तिष्क और रीढ़ के विकास में सहायक होता है। बच्चों को जन्मजात दोषों से बचाया जा सकता है। आयरन के सेवन से रक्त संचार में वृद्धि होती है, जिससे गर्भवती और गर्भस्थ शिशु तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बेहतर होती है। कैल्शियम गर्भ में पल रहे शिशु की हड्डियों के निर्माण और गर्भवती के रक्तचाप को नियंत्रित रखने व हड्डियों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सही मात्रा में कैल्शियम का सेवन करने से मांसपेशियां और तंत्रिका तंत्र मजबूत होते हैं। गर्भावास्था में खाद्य पदार्थों मे कार्बोहाइड्रेट, वसा, आयोडीन, ओमेगा-3, प्रोटीन और विटामिन जैसे अन्य पोषक तत्वों को शामिल करें।

संचारी रोग नियंत्रण में लापरवाही पर नजर

चलेगा अभियान

- डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर्विभागीय टॉस्क फोर्स की बैठक की
- पिछली बार चले अभियान की स्थिति ठीक नहीं होने पर मिली फटकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बारिश के मौसम में मच्छरों से होने वाली बीमारियों का आंकड़ा काफी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जिले में एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा, जिसमें राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, कालाजार आदि की रोकथाम की जाएगी। डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अभियान में शिथिलता बिल्कुल भी क्षम्य नहीं होगी। पिछली बार जैसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अंतर्विभागीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई में चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तैयारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग समेत 13 सहयोगी विभागों से जानकारी ली गई। विभागों द्वारा माइक्रोप्लान तैयार न करने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की और जल्द माइक्रोप्लान तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि अभियान में किसी भी विभाग के अधिकारी की शिथिलता को क्षमा नहीं किया जाएगा। माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत कार्य का संपादन करें। सभी विभाग डाटा फीडिंग और मॉनिटरिंग पर ध्यान दें। पिछली बार चले अभियान के आंकड़े देख संबंधित विभाग के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। निर्देश दिया कि नगर या ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी जल जमाव, गंदगी आदि की स्थिति पैदा न हो। शहर में नगर निगम और ग्रामीण में पंचायती राज व ग्राम विभाग तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करे। सीएचसी व पीएचसी स्तर पर ही डेंगू आदि के मरीजों का इलाज किया जाए।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी रिपोर्ट को ई-कवच पोर्टल पर फीड किया जाएगा और परिवार के सभी सदस्यों की आभा आईडी बनाई जाएगी, जिसकी नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

इस दौरान एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा, एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश, जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, संबंधित विभागों के मुख्य अधिकारी, ब्लॉक के अधीक्षक मौजूद रहे।

बेल्ट बनाने वाली कंपनी के कारखाने पर छापेमारी

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र में नामी कंपनी के बेल्ट और बक्कल बनाने वाले कारखाने में पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने माल जब्त करा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

एसीपी कैंट अंजली विश्वकर्मा ने बताया कि जाजमऊ पुलिस ने शनिवार को तिवारीपुर स्थित एक कारखाने में छापेमारी की, जहां पर पुलिस को कई नामी कंपनियों के करीब 1500 बेल्ट व बक्कल मिले। छापेमारी पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

ईदे गदीर पर अपनों के नाम से रोपेंगे पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

बैठक करते आल इंडिया शिया यूनिट के चेयरमैन शहाब रिजवी व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। हर साल मनाई जाने वाली ईदे गदीर मंगलवार को है। इस मौके पर जूही चौराहा समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सबील लगाई जाएगी। सबील के बाद लोग अपने माता-पिता के नाम पर पौधे लगाएंगे और उनकी रखवाली भी तय की जाएगी ताकि पौधे सूखे नहीं। लोगों को बताया जाएगा कि जब तक आपका लगाया पेड़ लोगों को छाया देता रहेगा तब तक आपको उसका सवाब मिलता रहेगा। यह एक तरह की इबादत है।

ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट की शनिवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन शहाब रिज़वी ने कहा कि इस दिन मौला अली को खलीफा घोषित किया गया था। हजरत मुहम्मद साहब ने अपने आखिरी हज से वापस आने के दौरान गदीर नामक मैदान पर अल्लाह के हुक्म से हजरत अली को अपना जानशीन और खलीफा घोषित किया था। कमेटी के अध्यक्ष दानिश रिज़वी ने कहा कि इस दिन कमेटी शरबत, ठंडा पानी और मिष्ठान का वितरण करेगी। महासचिव नायाब आलम ने बताया कि लोगों से आह्वान किया जाएगा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इस मौके पर शहादत रिज़वी, तहसीन हैदर, नजर अब्बास, आमिर अब्बास, शारिब अब्बास, नाजिश रिजवी मौजूद रहे।

श्रमशक्ति में बीमार यात्री की हुई मौत

कानपुर। नई दिल्ली से इलाज कराकर श्रमशक्ति के जनरल कोच से लौट रहे बीमार की शनिवार को मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर सेंट्रल स्टेशन पर शव उतारा गया। कन्नौज के गुरसहायगंज निवासी मो. सलीम (56) टीवी की बीमारी से पीड़ित थे। नई दिल्ली में इलाज चल रहा था। मो. सलीम को लेकर उनकी पत्नी व बेटा दिल्ली से लौट रहे थे। शनिवार को जब ट्रेन सेंट्रल स्टेशन पहुंची तो रेलवे चिकित्सक ने जांच की। डाक्टर ने मो. सलीम को मृत घोषित कर दिया।

कार्यवाही सोमवार से टीमें 152 स्कूलों में जाकर करेंगी जांच, खंगालेंगी अभिलेख

कोरोना काल की फीस वापस कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आरटीई के बाद अब फीस वापसी को लेकर निजी स्कूलों पर शिकंजा कस गया है। सोमवार से शहर में दस टीमें स्कूलों में जाकर फीस वापसी की जांच करेंगी। इस जांच में ऐसे स्कूलों को भी शामिल किया जाएगा जिन्होंने अब तक कोरोनाकाल की फीस अभिभावकों को वापस नहीं की है। शिक्षा विभाग की ओर से जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है।

शहर के 152 स्कूल ऐसे हैं, जिनको शिक्षा विभाग ने अप्रैल महीने में फीस वापसी की रिपोर्ट साझा करने का आदेश दिया था। स्कूलों की ओर से रिपोर्ट साझा न किए जाने के बाद विभाग की ओर से उन्हें नोटिसें भी जारी की गई थीं। इनमें शहर के कई नामी स्कूल भी शामिल हैं। रिपोर्ट साझा न करने वाले स्कूलों के खिलाफ जांच के लिए अब विभाग की ओर से कमेटियों का गठन कर दिया गया है। इस कमेटी में एसीएम, खंड शिक्षा अधिकारी व जीआईसी के प्रधानाचार्यों को भी रखा गया है। इसके अलावा एक जिला स्तरीय कमेटी भी बनाई गई है जिनमें जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी शामिल किया गया है। यह कमेटी जिले के सभी स्कूलों की स्क्रीनिंग करेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि निजी स्कूलों को कोरोनाकाल के दौरान अभिभावकों से ली गई फीस को समायोजित या वापस किए जाने का आदेश कोर्ट की ओर से हुआ था।

58 स्कूलों का दावा फीस समायोजित की

- शिक्षा विभाग को अब तक 58 निजी स्कूलों ने बताया है कि उन्होंने फीस समायोजित की है। इन स्कूलों को भी जांच की जद में रखा गया है। इन स्कूलों की ओर से दी गई रिपोर्ट को भी जांच टीम खंगालने उनके परिसर जाएगी।

आरटीई पर भी फंसे स्कूल

- इससे पहले आरटीई पर भी निजी स्कूलों पर प्रशासन व बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शिकंजा कसा जा चुका है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पूर्व में तीन लॉटरी जारी होने के बावजूद भी स्कूलों की मनमानी जारी है। इस पर जिले के 45 स्कूलों को जिला प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया था। इस पर निजी स्कूलों की ओर से स्कूल खुलते ही प्रवेश लिए जाने की बात लिखकर दी गई है। नए सत्र के पहले दिन से ही आरटीई के तहत एडमिशन का अभियान चलाया जाएगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र रविन्द्र कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है जिससे आहत होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। **–महेश सिंह पुत्र उजागर सिंह वीरपुर, सौरिख, कन्नौज**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रीना सिंह पत्नी स्व0 संदीप सिंह, निवासिनी–692ख/91, नेपालगंज, तेलीबाग, लखनऊ** मेरा नाम विवाह से पूर्व हाईस्कूल प्रमाण पत्र में कु0 रीना कुमारी था लेकिन विवाह के पश्चात मेरा नाम रीना सिंह हो गया है। मेरे पति का स्वर्गवास दिनांक 10.01.2023 को हो गया। यह कि कु0 रीना कुमारी व रीना सिंह यह दोनों ही नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैं शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल निवासी मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला कस्बा व तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरा सगा पुत्र अनूप व पुत्रवधु नीलम को उनके गलत चाल चलन के कारण उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं. भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य व लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे उनसे व उसके परिवार का उन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा **।–शिवकुमार पुत्र रघुबर दयाल, निवासी– मोहल्ला माकूम कुआँ अशराफ टोला थाना व तहसील संडीला (हरदोई)**

सूचना

सूचित हो कि मैं **श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 मुन्ना कश्यप, निवासिनी–फेजुल्लागंज, निकट–सीताराम मन्दिर, थाना–मडियावाँ, लखनऊ, मो0– 7007357077** मैने अपनी पालित पुत्री याशिका के द्वारा परिवार के साथ दुव्यहार एवं गलत आचरण करने के कारण मैं अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। याशिका के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मधुकर सिन्हा पुत्र श्री कृष्ण मोहन सिन्हा, निवासी–एस–358, शक्ति नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0** का भवन संख्या–17/89एवं 17/144, सेक्टर–17, इन्दिरा नगर, लखनऊ का मूल्य विक्रय विलेख वास्तव में कहीं खो गया है। यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त मूल विक्रय विलेख का दुरूपयोग करता है, तो वह अवैध माना जायेगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.–5188932 वर्ष 2013 है और इंटरमीडिएट का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं. 2377370 वर्ष 2016 है और बी.एस.सी. का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नं.18308158975 वर्ष 2020 है। वास्तव में कही खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **–अजीत यादव पुत्र विजयलाल यादव निवासी चौकी टेहवा, पोस्ट तरवा जिला आजमगढ़। पिन कोड –276123, मो0– 9161896046**

आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण धूल भरी आँधी के साथ छुटपुट बूंदाबादी होने की संभावना है।

39.0⁰	29.8⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 17	सूर्यास्त 07 : 05

शहर में आज

- **पुरस्कार :** रोटरी इंटरनेशनल की ओर से 120 क्लबों के पदाधिकारियों के पुरस्कार वितरण मर्चेंट चैंबर हॉल में सुबह 10 .45 बजे।
- **कार्यक्रम :** हिंदू जागरण मंच की ओर से हिंदू सम्राज्य दिवस का आयोजन शिवाजी द्वार मोतीझील में शाम 6 बजे।
- **सम्मेलन :** मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज का सांस्कृतिक कार्यक्रम गोविंदनगर रामलीला मैदान स्थित धर्मशाला में शाम 6 बजे।
- **मासिक बैठक :** सपा महानगर के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, विधानसभा व फ्रंटल अध्यक्षों की मासिक बैठक सपा कार्यालय नवीन मार्केट में शाम 5 बजे।

खाली प्लाट में 15 मवेशियों के शव मिलने पर बजरंग दल का हंगामा

सीसामऊ नाला के पास बंद पड़े स्लाटर हाउस के पास मृत मवेशियों को किया गया था डंप

गोकशी का आरोप

- मृत मवेशियों में 6 गायों के शव भी थे, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में सीसामऊ नाला के पास बंद पड़े स्लाटर हाउस के पास स्थित एक प्लाट में शनिवार को 15 मवेशी मृत अवस्था में मिले। इनमें 6 गाय भी थीं। दुर्गंध आने पर इलाकाई लोगों ने मामले की जानकारी बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी। मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गोकशी का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर कर्नलगंज पुलिस और नगर निगम टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

शनिवार सुबह सीसामऊ नाले के पास बंद पड़े स्लाटर हाउस के पास खाली प्लाट में मवेशियों के मृत पड़े होने की सूचना मिली थी। मवेशियों के शव मिलने की सूचना पर बजरंग के महानगर प्रमुख कृष्णा तिवारी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और गोकशी का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। डीसीपी सेंट्रल रामसेवक गौतम ने बताया कि सूचना पाकर एसीपी कर्नलगंज समेत कोहना और ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि खाली प्लाट पर गाय, भैंस, घोड़ा समेत अन्य मृत मवेशियों को डंप किया गया था। बकरीद की कुर्बानी पर निकला अपशिष्ट यहां पर बड़ी मात्रा में जमा किया गया था। नगर आयुक्त को भी मामले की जानकारी दी गई। मृत मवेशियों को डंप करने के लिए पनकी स्थित प्लांट के पास जगह बनी है, इसके बावजूद मवेशियां को यहां पर कैसे फेंका गया है, इसकी जांच की जा रही है। नगर निगम की भी एक टीम मौके पर जांच करने पहुंची। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि कर्नलगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मवेशियों को कहीं अवैध रूप से तो नहीं काटा जा रहा है इसकी भी जांच की जा रही है।

बकरीद में जमा जानवरों के अवशेष भिजवाए प्लांट

नगर आयुक्त के निर्देश पर बकरमण्डी स्लाटर हाउस में पड़े मृत जानवरों के अवशेष हटवाए गये। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा ने अधिकारियों को बताया था कि बकरीद के दौरान निकले वेस्टेज से क्षेत्र में वातावरण दूषित हो रहा है। इस पर अपर नगर आयुक्त (प्रथम), नगर स्वास्थ्य अधिकारी और प्रभारी रविश रहमान मौके पर पहुंचे। मृत जानवरों के अवशेषों को उठाकर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में भिजवाया गया। 17 जून को बकरीद पर्व की दृष्टिगत पशुओं की कुर्बानी के उपरांत उनके अवशेष का निस्तारण समयबद्ध नहीं होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई। नगर आयुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक के विरुद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये जोनल स्वच्छता अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया।

टोल प्लाजा पर लगाए धर्मकांटा ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा

पहली से अभियान

- हाईवे की सड़कें हो रहीं क्षतिग्रस्त, दुर्घटना में मानवीय क्षति होने के साथ बढ़ता जा रहा है प्रदूषण भी
- ओवरलोड वाहनों का परमिट होगा निरस्त, विवाद करने पर दो लाख रुपये लगेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ओवरलोड वाहनों के कारण समय से पहले खराब होने वाली हाईवे की सड़कों की सुरक्षा के लिए जिले के सभी टोल प्लाजा पर धर्मकांटा लगा दिए गए हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय ने मार्गों को क्षतिग्रस्त कर रहे ओवरलोड वाहनों की धरपकड़ के लिए देश के सभी टोलप्लाजा पर धर्मकांटा लगाने के निर्देश दिए थे। अब पहली जुलाई से ओवरलोड वाहनों को टोलप्लाजा पर ही दबोचा जाएगा और उनके परमिट निरस्त करने के साथ ही विवाद या जोर-जबरदस्ती करने दो लाख रुपये जुर्माना भी लगेगा।

ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर अंकुश लगाने का काम

संभागीय परिवहन अधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है। टोल प्लाजा पर तैनात टीम को अगर लगेगा कि वाहन ओवरलोड है, तो उसे धर्मकांटा से होकर निकलने के लिए कहा जाएगा। आरटीओ ने इसे लेकर सख्ती भी शुरू कर दी है। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय ने ओवरलोड वाहनों द्वारा जुर्माना के बाद भी नहीं मानने वाले वाहनों के परमिट निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय द्वारा निर्देशित किया गया है कि ओवरलोड वाहनों की टोल प्लाजा पर नियमित चेकिंग की जाए।

मंत्रालय ने कहा है कि ओवरलोडिंग के कारण न केवल सड़कों की आधारभूत संरचना क्षतिग्रस्त होती है, बल्कि दुर्घटना में मानवीय क्षति होने के साथ प्रदूषण भी बढ़ता है। सड़क, पुलिया, पुल के क्षतिग्रस्त होने से राजस्व की क्षति होती है। वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 5000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इनमें अधिकतर मामलों में ओवरलोडिंग के कारण वाहन पर ड्राइवर का नियंत्रण कम हो जाने से दुर्घटना का कारण सामने आया है। ओवरलोड वाहनों पर जुर्माना की रकम प्रति टन 20 हजार रुपये के हिसाब से वसूली जाएगी।

एक नजर

आईआईटी के पास रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में लगी आग

कानपुर। फर्रुखाबाद ट्रैक पर शनिवार को रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने सूचना कल्याणपुर स्टेशन को दी और पानी व मिट्टी फेंककर आग बुझाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि इस बीच कोई ट्रेन नहीं गुजरी। आईआईटी के पास रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में आग लगने से दुकानदार परेशान रहे। लोगों के अनुसार एक माह से तेज धूप के कारण लाइन के किनारे पड़ी पत्तियां व लकड़ियां काफी सूखी थीं। हो सकता है किसी राहगीर ने जलती बीड़ी या सिगरेट फेंक दी हो, जिससे आग लग गई। करीब आधा घंटे तक लपटें उठती रहीं। दुकानदारों व आसपास के लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

बिल्डर को गृहकर बिल, फ्लैट बिकते ही होगी वसूली

- अपार्टमेंट में गृहकर निर्धारण में लापरवाही को लेकर महापौर की बैठक में हुआ फैसला
- जोन-5 और 6 में राजस्व वसूली की समीक्षा, श्रम विभाग की कॉलोनी से भी होगी वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम अब अपार्टमेंट के बिल्डर को सीधे गृहकर का बिल थमाएगा। फ्लैट की रजिस्ट्री होते ही नाम चढ़ाने के बाद तुरंत वसूली होगी। शनिवार को नगर निगम में अपार्टमेंट से गृहकर निर्धारण में लापरवाही पर महापौर की बैठक में यह फैसला हुआ। जोन-6 में गृहकर की वसूली में 1985 फ्लैटों में से मात्र 955 से ही टैक्स वसूली के सम्बन्ध में महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नगर निगम को अधिकारियों की वजह से राजस्व की हानि हो रही है। जिम्मेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

नगर निगम मुख्यालय में जोन-5, 6 की राजस्व वसूली हुई। बैठक में जोनल अधिकारी जोन 5 विनय प्रताप सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से दिनांक 30 जून 2024 तक राजस्व वसूली का लक्ष्य 10 करोड़ 98 लाख 18 हजार के सापेक्ष 5 करोड़ 29 लाख 76 हजार रुपये वसूली हुई है। जोनल अधिकारी, जोन-6 राजेश गुप्ता ने कहा कि 1 अप्रैल 2024 से दिनांक 30 जून 2024 तक राजस्व वसूली का लक्ष्य 7 करोड़ 48 लाख 50 हजार रुपये के सापेक्ष 6 करोड़ 24 लाख 44 हजार रुपये की वसूली हुई है।

मालिकाना हक न होने से कैसे लगाएं टैक्स

- जय प्रकाश नगर में 750 झोपड़ियां हैं और किसी के पास भूमि सम्बन्धित कोई कागज नहीं है। मालिकाना हक न होने के कारण टैक्स नहीं लगा सकते हैं। महापौर ने निर्देशित किया कि सोसाइटी वाले प्लाट बेचकर भाग जाते हैं और जनता जलभराव, गन्दगी से परेशान रहती है, उन पर कार्यवाही करें। अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव ने कहा कि कॉलोनियों के नियमितीकरण और सोसाईटियों के रजिस्ट्री का काम कानपुर विकास प्राधिकरण का है। महापौर ने जोनल अधिकारी जोन-5 को निर्देशित किया कि पराग डेयरी के बाहर फुटपाथ पर जो मुर्गा, मछली बेच रहे हैं, उन्हें पराग डेयरी से वार्ता करके किराये पर भूमि लेकर दें। बैठक में अमित कुमार भारतीय, अपर नगर आयुक्त, जोन-5, 6 के समस्त कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

सुविधाएं नगर निगम देता, केडीए वसूलता किराया

- महापौर को दोनों जोनल अधिकारियों ने बताया कि श्रम विभाग की कॉलोनी एवं केडीए की कॉलोनियों विजय नगर, शास्त्री नगर से कोई आय नहीं होती है, जबकि नगर निगम सभी सुविधायें देता है। किराया केडीए वसूलता है। महापौर ने निर्देशित किया कि उपाध्यक्ष, केडीए को पत्र लिखें कि कॉलोनी में निगम सुविधायें देता है, किन्तु किराया वह वसूलते हैं। इसलिये कॉलोनियों में सुविधायें केडीए ही प्रदान करें अन्यथा नगर निगम में सुविधा मद में राजस्व जमा कराया जाए।

जोन-6 में बिल्डरों को सोमवार से भेजे जाएंगे बिल

- जोन-6 में बन रहे फ्लैटों के बिल्डर को सोमवार से टैक्स का बिल भेजने की तैयारी की जा रही है, जैसे-जैसे फ्लैटों की बिक्री होगी, वैसे ही फ्लैट मालिक का नाम चढ़ाकर टैक्स लिया जायेगा।

दुकानें दिलाने के नाम पर एक करोड़ की ठगी

- पुलिस कमिश्नर के आदेश पर नवाबगंज पुलिस ने टप्पेबाज दंपति पर दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम की दो दुकानें दिलाने का झांसा देकर दंपति ने कारोबारी से एक करोड़ रुपये हड़प लिए। दुकानें नहीं मिलने पर रकम वापस मांगी तो दंपति ने कई चेक थमा दीं, जो बाउंस हो गईं। दबाव बनाने पर दंपति ने कर्मचारी के साथ मिलकर कारोबारी से मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लखनपुर निवासी सत्यजीत सिंह ने बताया कि तीन माह पहले नवाबगंज निवासी नेहा वर्मा व उसके पति विकास हर्ष ने गुरुदेव चौराहे के पास एक करोड़ में नगर निगम की दो दुकानें दिलाने की बात कही थी। झांसे में आकर उन्होंने एक करोड़ रुपये उनके खातों में ट्रांसफर कर दिए। दुकानें नहीं मिलने पर उन्होंने दंपति से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने स्टांप पर लिखापढ़ी कर एक करोड़ की कई चेक उनको दीं, जो बाउंस हो गईं। आरोप है कि विरोध पर आरोपियों ने अपने कर्मचारी सागर मित्रा के साथ मिलकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। नवाबगंज थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिस पर वह पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचे। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर नवाबगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के अविरल को मिली तीसरी रैंक

यूपी कैटेट

- परास्नातक एमजी में उन्नाव के अविनाश को तीसरा स्थान

कार्यालय संवादादाता, कानपुर

अमृत विचार। यूपी कैटेट 2024 का परिणाम शनिवार को घोषित हो गया। स्नातक के चारों ग्रुप में जौनपुर के शिवम यादव ने पहला स्थान हासिल किया। शहर के अविरल सिंह ने स्नातक के पीसीबी ग्रुप में तीसरा स्थान हासिल किया है। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वावधान में 11 एवं 12 जून को हुई यूपी कैटेट के घोषित परिणाम में स्नातक के पीएजी ग्रुप में कन्नौज के अंकित ने दूसरी रैंक हासिल की है। परास्नातक के (एमएजी) ग्रुप में उन्नाव के अविनाश सिंह ने तीसरी रैंक पायी। है। एमएफएस ग्रुप उन्नाव के डीपी सिंह ने पहली रैंक हासिल की। एमएफआर ग्रुप में जालौन के युवराज सिंह ने पहली रैंक हासिल की है। यह जानकारी देते हुए चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आनंद सिंह ने बताया प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 3354 सीटों का परिणाम घोषित हुआ है। सीएसए की 881, कृषि विवि अयोध्या 1123, कृषि विवि मेरठ 742, कृषि विवि बांदा 578 एवं कृषि विवि कुशीनगर की 30 सीटों में प्रवेश के लिए 07 मई तक आनलाइन आवेदन आए थे। विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था। 15724 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए। स्नातक पाठ्यक्रम में 12390 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया और कुल 11201 अभ्यर्थी शामिल हुए। परास्नातक पाठ्यक्रम में 3152 अभ्यर्थी एवं एमबीए में 400 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए करेंगे काम

उरई के छात्र युवराज सिंह ने सीएसए के वानिकी से बीएससी ऑनर्स किया है। शिक्षक संतोष कुमार के पुत्र युवराज कहते हैं कि वह वैज्ञानिक बनकर देश में ग्लोबल वार्मिंग पर काम करना चाहते हैं। एमएफआर ग्रुप में पहली रैंक लाने वाले युवराज कहते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करूंगा।

सीएसए में पढ़ाई करने को देंगे प्राथमिकता

- स्नातक के पीसीबी ग्रुप में तीसरा स्थान पाने वाले केशवपुरम निवासी शिक्षक सतेंद्र सिंह एवं प्रज्ञा सिंह के पुत्र अविरल सिंह को पहले प्रयास में यह सफलता मिली है। अविरल ने अन्य प्रवेश परीक्षा भी दी हैं। उनके मुताबिक यदि यूपी कैटेट का चुनाव करना पड़ा तो सीएसए को पहली प्राथमिकता देंगे।

एमएससी के बाद पीएचडी करने का है इरादा

- ठठिया क्षेत्र के औसेर के पास के गांव करसाहा के रहने वाले किसान शेर सिंह के बेटे अंकित यादव ने मेहनत व परिजनों की प्रेरणा से यह सफलता प्राप्त की है। स्नातक के पीएजी ग्रुप में दूसरी रैंक लाने वाले अंकित कहते हैं कि कृषि से एमएससी के बाद पीएचडी करना है फिर शिक्षा के क्षेत्र में ही करियर बनाना है।

ट्रेन चालकों और गार्डों को दिया गया ओआरएस घोल

कानपुर। रेलवे जीएम रविंद्र गोयल के आदेश पर शनिवार को सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन चालकों व गार्डों को ओआरएस घोल दिया गया। यात्री जनकल्याण समिति ने स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर कई ट्रेनों के रनिंग स्टाफ को गर्मी से राहत के लिए ओआरएस का घोल और पैकेट दिए। समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि यात्रियों की सेवा, सुविधा, सुरक्षा के लिए यह काम किया जा रहा है। प्रदेश सचिव मंजू पांडे ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने को कहा। डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार सिंह, एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी, स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार तिवारी, आरपीएफ प्रभारी बीपी सिंह, रामानुज तिवारी मौजूद रहे।

अपार्टमेंट में लिफ्ट गिरने से बुजुर्ग दंपति हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। किदवई नगर के ब्लॉक स्थित तीन मंजिला अपार्टमेंट में लगी लिफ्ट शनिवार को अचानक नीचे आ गिरी। हादसे के दौरान लिफ्ट में फंसे बुजुर्ग दंपति घायल हो गए। शिकायत पर लिफ्ट की मरम्मत करने वाली कंपनी की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दंपति के बेटे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

घायल बुजुर्ग उमेश।

किदवई नगर के ब्लॉक स्थित बालाजी अपार्टमेंट निवासी बिल्डर प्रदीप अग्निहोत्री ने बताया कि वह पहली मंजिल पर बने फ्लैट में पत्नी बच्चों, पिता उमेश चंद्र व मां माधुरी के साथ तीन वर्षों से किराए पर रहते हैं। अपार्टमेंट में लिफ्ट लगी है, जिसका दो हजार रुपये प्रति माह मेंटीनेंस चार्ज दिया जाता है। बीती 16 जून को वह काम से बाहर गए थे, उसी दिन शाम को माता-पिता लिफ्ट से नीचे उतर रहे थे। उन्होंने जैसे ही बटन दबाई, लिफ्ट तेजी से नीचे जा गिरी। तेज आवाज सुनकर बेटा व अपार्टमेंट के अन्य लोग दौड़े और दोनों को बाहर निकाला। पिता के पैर में गहरी चोट आई। हादसे की लिफ्ट का मेंटीनेंस करने वाली कंपनी से शिकायत की, तो उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ित ने किदवई नगर थाने में शिकायत की है।

पॉलीटेक्निक परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र। अमृत विचार

पॉलीटेक्निक परीक्षा में नहीं मिली पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पॉलीटेक्निक परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा शहर के चार केंद्रों में संचालित हुई। पहले दिन परीक्षार्थियों ने फॉर्मेसी का प्रश्न पत्र हल किया। परीक्षा के दौरान पुलिस केंद्रों पर नहीं पहुंची। इस कारण संस्थान के शिक्षकों व कर्मचारियों को तलाशी कार्य में लगाया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र सामान्य रहा। कुछ प्रश्न कठिन थे जिन्हें समझने में समय लग गया। यह परीक्षा राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय चर्म संस्थान, एआईटीएस व श्रीराम देवी राम दयाल पॉलीटेक्निक साकेत नगर में हुई। राजकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य मुकेश चंद्र आनंद ने बताया कि परीक्षा के पहले दिन किसी भी केंद्र से अव्यवस्था की सूचना नहीं आई। गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा का ख्याल रखा गया था।

स्वास्थ्य सुविधा पर संकट भवन को आईआईटी टीम ने सर्वे में बताया है जर्जर, अब शासन को लेना है अंतिम फैसला

केपीएम में चलेगी ओपीडी, खत्म हो सकता अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कमलापत मेमोरियल चिकित्सालय का भवन जर्जर है। वर्तमान भवन के ढांचे पर अतिरिक्त भार भी नहीं डाला जा सकता है, क्योंकि जर्जर हालत होने से कभी भी हादसा हो सकता है। आईआईटी के अध्ययन दल की इस रिपोर्ट के बाद माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में केपीएम में सिर्फ ओपीडी का ही संचालन होगा। मरीजों को भर्ती नहीं किया जाएगा। इसकी वजह यह है कि मरीजों का यहां पर भर्ती होना खतरे से खाली नहीं है। हालांकि इस बाबत अंतिम निर्णय सरकार को लेना है कि केपीएम अस्पताल का पुनार्निर्माण किया जाएगा या मरम्मत आदि कराकर इसका उपयोग जारी रखा जाएगा।

बिरहाना रोड स्थित कमलापत मेमोरियल चिकित्सालय का कुछ माह पहले आईआईटी टीम ने सर्वे किया था। दो जगह दीवारों पर धमाका करने पर दरारें सामने आई थीं। इसके बाद टीम ने कुछ जगहों पर गड्ढा करके बुनियाद को भी परखा था, जिसमें स्थिति खराब मिली थी। इसके बाद सर्वे टीम ने माना था कि केपीएम अस्पताल भवन की हालत जर्जर है। सीएमसस डॉ.आरसी यादव ने आईआईटी के सर्वे के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों व शासन को भेज दी है। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच हुई बैठक में केपीएम अस्पताल के संबंध में वार्ता की गई है। हालांकि विभागीय स्तर से अधिकारी अस्पताल को बचाने की कोशिश में लगे है, क्योंकि यह अस्पताल पुराना जरूर है, लेकिन पांच लाख से अधिक आबादी के बीच में है। यहां प्राथमिक उपचार के साथ जरूरत पड़ने पर माइनर सर्जरी भी की जाती है।

केपीएम अस्पताल की वजह से उर्सला व डफरिन अस्पताल पर लोड भी कम पड़ता है। क्षेत्र के बीमार लोगों को इलाज के लिए दूर स्थित अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। इसलिए अधिकारियों के बीच चर्चा में इस बिंदु पर विचार किया गया है कि सर्वे के मुताबिक अस्पताल भवन की स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन अस्पताल के सुरक्षित भाग में ओपीडी का संचालन जारी रखा जा सकता है। फिलहाल अधिक मरीजों को भर्ती नहीं किया जाएगा। केपीएम में मौजूद उपकरण, पलंग, गद्दे आदि सामान को नौबस्ता मौरंग मंडी स्थित निर्माणाधीन 100 बेड के अस्पताल में रखा जा सकता है या अन्य अस्पताल को मदद दी जा सकती है।

अस्पताल का प्रवेश द्वार। अमृत विचार

स्वास्थ्य विभाग को मरीजों की सुरक्षा और सुविधा दोनों का ख्याल रखना है। केपीएम अस्पताल के संबंध में शासन को फैसला लेना है। यहां के उपकरण किस अस्पताल भेजे जाएंगे, ताकि वह खराब न हो, इस संबंध में जल्दी ही विभागीय बैठक की जाएगी।

–डॉ .आलोक रंजन, सीएमओ

- उपकरण व समान नौबस्ता में बन रहे 100 बेड के अस्पताल में भेजने पर हो रहा विचार

सरकार द्वारा बजट जारी होने पर बन सकती बात

शासन के अधिकारियों को फैसला लेना है कि पांच लाख आबादी के बीच बने केपीएम अस्पताल का ध्वस्तीकरण कर पुनार्निर्माण किया जाए या वर्तमान भवन को ही मरम्मत कार्य के बाद उपयोग में लाया जाए। दोनों ही काम के लिए बजट जारी होना है। सीएमएम डॉ .आरसी यादव के मुताबिक अस्पताल में वर्तमान में ओपीडी का संचालन हो रहा है और मरीज भर्ती किए जा रहे हैं।

महिला केस्को कर्मी से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

कानपुर। खुद को न्यूज चैनल का पत्रकार बता कर महिला केस्को कर्मी से छेड़खानी करने वाले आरोपी को जाजमऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जाजमऊ स्थित सबस्टेशन में कार्यरत महिला कर्मचारी ने बताया कि पिछले एक साल से सुनील मिश्रा नामक युवक सबस्टेशन में आता था और उसके साथ छेड़खानी कर करता था। विरोध करने पर आरोपी चैनल में खबर चलाकर नौकरी से हटवाने की धमकी देता था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी कई बार नशे में धुत होकर आया और शादी का दबाव बनाता था। बीती 10 फरवरी को घर जाते समय आरोपी ने रास्ते में रोका और शादी न करने पर तेजाब डाल देने की धमकी देने लगा। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया था। शनिवार को पीड़िता ने एसीपी कैंट अंजली विश्वकर्मा से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

गेट पर सीवर, ठूंठ हैंडपंप व नलों से खौलता पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

चुन्नीगंज बस अड्डे की दुर्दशा : गेट पर सीवर भराव से टूटी सड़क और खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

- चुन्नीगंज बस अड्डे के गेट पर महीनों से भरा है गंदा पानी, लाखों मच्छर बने मुसीबत
- हैंडपंप बिगड़ा पड़ा, ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं, विश्रामालय के पंखे भी हैं खराब

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बड़े-बड़े दावों की पोल खोल देता है, शहर के बीच स्थित चुन्नीगंज बस अड्डा। यह बस अड्डा अपनी किस्मत पर रो रहा है, यहां यात्रियों के लिए किसी प्रकार की सुविधा तो दूर रोडवेज के चालक, परिचालकों के लिए बनाए गए विश्रामालय का पंखा तक खराब है, जहां रोडवेज कर्मी भीषण उमस भरी गर्मी में करवट बदलते रहते हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चुन्नीगंज बस अड्डे पर अव्यवस्था बेहिसाब है। हालांकि इस बस अड्डे की उपयोगिता कितनी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां से हल्द्वानी, नैनीताल, शाहजहांपुर, बरेली समेत कई जिलों की बसों का आवागमन होता है, लेकिन बस अड्डे पर यात्री सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। बस अड्डे के गेट पर ही कई माह से सीवरभराव है। पानी की टंकी की टोटियां टूटी हैं, टंकी धूप में होने की वजह से खौलता हुआ पानी आता है, जिसे यात्री पीने को मजबूर रहते हैं। यहीं पर हैण्डपंप भी कई माह से खराब पड़ा है। चालक, परिचालकों के विश्राम के लिए एक कक्ष आरक्षित है लेकिन इस कक्ष की हालत खस्ता है, यहां दो पंखे चलते हैं जिसके नीचे लेटने वालों को आराम मिलता है लेकिन दो पंखे खराब हैं।

क्या बोले जिम्मेदार

चुन्नीगंज बस अड्डे का कार्यालय पहले ऊंचा किया गया था जिससे बस अड्डे का गेट नीचे हो गया है। इसी कारण सीवर भराव की समस्या हमेशा बनी रहती है। यात्रियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था जल्द ही की जाएगी।

प्रभात चौधरी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, चुन्नीगंज बस अड्डा

आवारा कुत्तों ने मोर को मार डाला

घाटमपुर। रेउना के ग्राम बक्सरा में कुत्तों ने एक राष्ट्रीय पक्षी मोर को नोंचकर घायल कर दिया। जिसको गांव के अंबर सिंह ने इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी मौत हो गई।

संजय सिंह, हर्षित सिंह, अजय सिंह, राजन सिंह छोटू प्रजापति आदि लोगों द्वारा बताया गया कि अग्रिम कार्रवाई के लिए इसकी सूचना वन दरोगा धीरज तिवारी को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे वन दरोगा धीरज तिवारी ने कहा मोर को गांव के कुछ आवारा कुत्तों के द्वारा नोंचने से मौत हो गयी है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मोर को सम्मान के साथ दफना दिया गया है।

श्रमिक की जान खतरे में डाली

महापौर प्रमिला पांडेय ने बिना सुरक्षा उपकरण के श्रमिक को गहरे नाले में सफाई को उतारा। नगर निगम विभाग द्वारा जारी की गईं तस्वीरें बयां कर रही नगर निगम में संसाधनों का अभाव है। गहरे नाले की सफाई में श्रमिक को बिना सुरक्षा उपकरणों के उतारा गया। नाला की सफाई करते श्रमिक को ना मास्क ना ऑक्सीजन सिलेंडर और ना ही सेफ्टी बेल्ट दिया गया। शनिवार को कोपरगंज बासमंडी में नाला सफाई कराने विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के लाव लस्कर के साथ महापौर प्रमिला पांडेय पहुँची थीं। ● अमृत विचार

पिता ही निकला 'शैतान' बेटे को उतारा मौत के घाट

हत्यारोपी बोला, बेटा और बहू मुझे मकान बेचने नहीं दे रहे थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लकड़ी की फंटी से घटना दी थी अंजाम, आलाकत्ल बरामद पुलिस ने भेजा जेल

अमृत विचार। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के आशा नगर में युवक की हत्या का शनिवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के पिता को जेल भेजा। पिता राकेश ने ही 'शैतान' बनकर सोते वक्त बेटे के सिर पर लकड़ी की फंटी से ताबड़तोड़ वार किए थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद हत्यारोपी ने पड़ोसियों से कहा था कि शैतान ने उसे मार डाला।

आरोपी राकेश।

पुलिस ने घटना का खुलासा किया तो पिता ही शैतान बनकर सामने आया। हत्यारोपी के चेहरे पर कोई मलाल नहीं था, उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी पर बेटा व बहू तंत्र-मंत्र कराते थे, जिस कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्यारोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद कर लिया। बिल्हौर, राधन गांव निवासी कारपेंटर सुभाष विश्वकर्मा (45) पत्नी नंद कुमारी व दो बच्चों अंकित (15) व खुशबू (12) और अपने पिता राकेश के साथ आशा नगर में रहता था। बीती 16 जून को सुभाष की पत्नी व बच्चे फतेहपुर, जहानाबाद, पनेरूआ गांव स्थित ननिहाल गए हुए थे।

19 जून की रात सुभाष पिता राकेश के साथ छत पर सो रहा था। बारिश होने पर दोनों नीचे सोने चले आए। 20 जून की सुबह सुभाष का लहूलुहान शव कमरे में मिला था। राकेश ने पड़ोसियों को बताया कि शैतान ने बेटे को मार डाला। पुलिस ने मृतक की पत्नी को घटना की जानकारी दी थी। पीड़िता ने ससुर व दो देवरों नीरज व सुधीर के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को पुलिस ने घटना का खुलासा किया। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि पिता ने ही पुत्र की हत्या की थी। हत्यारोपी पिता अपनी पत्नी कुसमा की मौत का जिम्मेदार बेटे व बहू को मानता था। उसे शक था कि पत्नी पर तंत्र-मंत्र कराने के कारण उसकी मौत हुई है। हत्यारोपी को बेटे को मारने का कोई पछतावा नहीं था। उसका कहना था कि पिछले दो साल से सुभाष व उसकी पत्नी नंद कुमारी पत्नी पर जादू टोना करवा रही थी, जिसके कारण उसकी मौत हुई। वह सुभाष की मौत की काफी समय से योजना बना रहा था, लेकिन उसे मौका नहीं मिल रहा था। पुलिस ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया।

युवती के दस्तावेज लेकर फाइनेंस करा ली स्कूटी

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र निवासी युवती ने डॉक्टर और उसकी पत्नी पर धोखे से दस्तावेज लेकर स्कूटी फाइनेंस कराने का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि किस्त जमा न करने पर उन्हें मामले की जानकारी हुई, विरोध करने पर डॉक्टर ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पटेल निवासी आरती देवी ने बताया वर्ष 2022 में वह श्याम नगर के निजी अस्पताल में नौकरी करती थीं, अस्पताल संचालक डा आनंद सिंह और उनकी पत्नी प्रीति सिंह ने खाते में सैलरी आने की बात कह कर दस्तावेज लिए थे। कुछ माह काम करने के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी। जिसके बाद आरोपियों ने उनके दस्तावेजों का प्रयोग कर एक स्कूटी फाइनेंस करा ली। फरवरी माह में उनके पास फाइनेंस कंपनी से फोन आने लगे। जिसके बाद उन्हें जानकारी हुई कि डॉ आनन्द सिंह और प्रीती ने स्कूटी फाइनेंस कराई है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी उन्हें धमकाने लगे।

नौकरानी व उसके प्रेमी ने डॉक्टर के घर से की थी 15 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर से हुआ घटना का खुलासा दोनों आरोपी किए गिरफ्तार
- 9.18 लाख रुपये नकद और 90 हजार के जेवरात पुलिस ने कर लिए बरामद

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी शिल्पी निषाद और दिलशाद शेख। अमृत विचार

अमृत विचार। कल्याणपुर पुलिस ने शनिवार को 24 घंटे के भीतर डॉक्टर के घर से लाखों रुपये की नकदी समेत जेवरात चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर किया। चोरी की वारदात को डॉक्टर के घर में काम करने वाली नौकरानी व उसके प्रेमी ने ही अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी समेत जेवरात बरामद कर लिए। सीसीटीवी कैमरे व सर्विलांस टीम की मदद से घटना का खुलासा हुआ।

इंदिरा नगर, रतन ऑर्बिट निवासी डॉक्टर गोपा कुमार अस्पताल गए थे। शुक्रवार को इस दौरान उनके आवास से चोरों ने नकदी व जेवरात पार कर दिए। डॉक्टर वापस आए तो अलमारी खुली व सामान बिखरा पड़ा मिला। उन्होंने घटना की जानकारी कल्याणपुर पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। डॉक्टर की तहरीर पर पुलिस नकदी व जेवरात समेत 15 लाख रुपये की चोरी होने का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने रतन ऑर्बिट में लगे कैमरे चेक किए तो घर के अंदर केवल नौकरानी कल्याणपुर, केशवपुरम आवास विकास निवासी शिल्पी निषाद आती जाती दिखाई दी।

शक होने पर पुलिस ने शिल्पी का सीडीआर खंगाला तो जानकारी मिली की उसने बिठूर के बगदौदी बांगर मंधना निवासी प्रेमी दिलशाद शेख से कई बार फोन पर बात की। जिसके बाद पुलिस ने सख्ती की तो वह टूट गई और अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर 9.18 लाख नकद, 90 हजार के जेवरात बरामद किए। डीसीपी विजय ढुल ने बताया कि आरोपियों ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 1.80 लाख रुपये जमा किए हैं, खाता सीज किया जा रहा है।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग को मिला एसी और कूलर

कानपुर। कोरोना कॉल के बाद से लोगों का अस्पतालों के प्रति विश्वास और अधिक गहरा हो गया है। अस्पतालों में जहां शासन स्तर से स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।

वहीं, कुछ दान दाताओं व समाजसेवियों का भी रूझान स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने की पहल में बढ़ा है। शहर में हो रही भीषण गर्मी को देखते हुए रेलवे से सेवानिवृत्त और समाज सेवी इंजीनियर आरके तिवारी ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग को एक एसी और एक कूलर दान किया।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कूलर व एसी लगने से सैंपल और मशीनों पर अधिक लोड नहीं पड़ेगा। लैब का वातावरण ठंडा रहेगा। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुरैया खानम ने समाजसेवी व इंजीनियर आरके तिवारी का आभार प्रकट किया।

व्यापारी की कार से रुपये भरा बैग पार, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो को दबोचा, 1.57 लाख बरामद

अमृत विचार। बेकनगंज में कार खड़ी करके नाश्ता कर रहे व्यापारी की कार का लॉक खोलकर शातिरों ने रुपये भरा बैग पार कर दिया। वापस लौटने पर कार से बैग गायब देख व्यापारी के होश उड़ गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी बेकनगंज पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें दो आरोपी कैद हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर नकदी बरामद कर ली।

श्रावस्ती निवासी कपड़ा व्यापारी आली हाशिम शनिवार सुबह व्यापार के सिलसिले में शहर आए थे। बेकनगंज सुलभ शौचालय के पास कार खड़ी कर वह पास स्थित एक होटल में नाश्ता करने लगे। इसी दौरान दो युवकों ने कार लॉक खोलकर उसमें रखा रुपये से भरा बैग पार कर दिया। व्यापारी वापस लौटा तो कार से बैग गायब मिला, जिस पर उन्होंने बेकनगंज थाने में शिकायत की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरे खंगाले तो आरोपियों की पहचान रिजवी रोड निवासी मो. फुरकान और नई सड़क मूलगंज निवासी मो. गुलशन उर्फ मिट्ठू के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 1.57 लाख रुपये बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों कई मुकदमें दर्ज हैं।

विवाद खत्म, विवाह बंधन में बंधे दिव्यांग

बिठूर। क्षेत्र के पारा प्रतापपुर गांव में बीती रात वर और वधू पक्ष में कुछ विवाद हो गया। दुल्हन के परिजन शादी के चढ़ावे में आए जेवर लेकर चले गए। शनिवार सुबह दोनो पक्ष के लोग बिठूर थाने पहुचे। जहां समाधान दिवस पर दोनो पक्षों में आपस में बात बन गई। जिसके बाद जोड़े ने बिठूर के सांई मंदिर में शादी कर ली।

शुक्रवार रात विक्रम मैनपुरी निवासी एक आंख से दिव्यांग अजब सिंह बारात लेकर बिठूर के पारा प्रतापपुर गांव में भूरा की बेटी खुशबू से शादी करने पहुचा था। द्वारचार के बाद लड़की के भाई ने नशे की हालत में आरोप लगाया कि उसे पता नही था कि उसकी बहन की शादी जिससे हो रही है वह आंख से दिव्यांग है। नशे की हालत में गाली गलौज करके शादी रुकवा दी। इसके बाद वर और वधू पक्ष के लोगो मे काफी बहस हुई दुल्हन खुशबू अपने परिजनों के साथ चली गयी थी। शनिवार को थाने में दोनो पक्षों में राजीनामा हो गया।

योग करते छात्र- छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

योग क्रिया से दूर होंगी शारीरिक परेशानियां

संवाददाता,कानपुर

अमृत विचार। यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय किदवईनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभागार में योगशाला का आयोजन हुआ। योगाचार्या नीलम आर्या व उनकी टीम ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को योग कराया और योग से लाभ की जानकारी दी। सभी से नित्य योग करने को कहा। प्रधानाचार्या रागिनी राठौर ने कहा कि योग से कई प्रकार दिक्कतें दूर भागती हैं। उप प्रधानाचार्या अंजना त्रिपाठी, तृप्ति अग्निहोत्री, रमेश श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, मीरा शुक्ला, प्रियंका शुक्ला व हितेश बाजपेई ने उत्साह से कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

गौशाला में खंड शिक्षा अधिकारी ने भूसा दान किया

साढ़(कानपुर)। गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों का पेट भरने के लिए भूसे की कमी न हो इसके चलते शासन द्वारा भूसा महादान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साढ़ स्थित गौशाला में खंड शिक्षाधिकारी पूनम वर्मा ने बीस कुंतल भूसा दान कर लोगो को भी प्रेरित किया।

बेसहारा गौवंशो से किसानों को निजात दिलाने के लिए विकासखंड भीतरगांव में कुल 16 गौवंश आश्रय स्थल संचालित है। जिनमे गौवंशो को भूसे की कमी न हो जिसके चलते सरकार द्वारा अधिकारियों को भूसा महादान अभियान के तहत गौशालाओ को भूसा दान करने की अपील की गई है। इन गौवंशो का चिकित्सीय उपचार पशुपालन विभाग के जिम्मे है। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम वर्मा ने साढ़ स्थित गौशाला में बीस कुंतल भूसा दान किया। केयर टेकर धर्मसिंह से कहा कि गौशाला की अन्य व्यवस्थाओं पर भी सहयोग किया जायेगा।

सार-संक्षेप

समस्याएं सुनते विधायक अभिजीत सिंह सांगा। अमृत विचार

चौपाल लगाकर विधायक ने सुनीं लोगों की जनसमस्याएं

साढ़ (घाटमपुर)। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने साढ़ क्षेत्र के बरईगढ़, रातेपुर, चंदापुर, कुढ़नी, अरंजराय गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान गांव में जिन घरों में गमी हुई थी। उनके घर जाकर संवेदना व्यक्त की। चौपाल के दौरान साढ़ के ग्रामीणों ने आईओसी पम्प के सामने से गांव के अंदर जाने वाली सड़क करीब 100 मीटर की समस्या को बताया। विधायक ने तुरंत उच्च अधिकारी को फोन पर साढ़ गांव में रोड बनाने को कहा। राजकुमार शुक्ला ने भी विधायक को अपनी समस्या बताई। वहीं बाद में विधायक ने जनता का आभार जताया। इस दौरान लल्ला सिंह, कुलदीप अवस्थी, संतोष कश्यप राजू परिहार मंडल अध्यक्ष विनय शुक्ला दिलीप सैनी आदि उपस्थित रहे।

तालाब में मिला वृद्ध का शव

कानपुर। शनिवार को मकड़ीखेड़ा निवासी श्रीनाथ शुक्ला (75) का शव आम्रपाली विहार रतन ऑर्बिट के पीछे तालाब में मिला, वह दो दिन से लापता थे। उनके तीन बेटे रामू, श्यामू व राजू है। श्यामू ने बताया कि उनके पिता गुरूवार को घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं आ। शनिवार सुबह 11:30 बजे परिजनों को तालाब में शव मिलने की जानकारी मिली तो वह देखने पहुंचे। नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। किसी प्रकार का आरोप नहीं है।

खेल | कलावती सुपरकिंग्स व पटेल प्रापर्टीज ने जीता मैच

सेमीफाइनल में पहुंची कलावती सुपरकिंग्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

जीत दर्ज करने के बाद कलावती सुपरकिंग्स के खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार। आजाद कुमार जैन चैलेंजर ट्रॉफी में शनिवार को दे मुकाबले खेले गए। ग्रुप-ए में अपने आखिरी लीग मैच में कलावती सुपरकिंग्स ने रमन ट्रेडर्स को हराया। ग्रुप-बी में पटेल प्रापर्टीज ने वीआई मेवरिक्स को शिकस्त दी। दोनों टीमों का सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है।

केसीए की ओर से आयोजित ट्रॉफी में शनिवार को बीएसए मैदान पर खेले गए पहले मैच में रमन ट्रेडर्स ने बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में ऑल आउट होकर 119 रन बनाए। टीम के राहुल यादव ने 50 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में सौरभ सिंह और आदित्य दीक्षित ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में उतरी कलावती सुपरकिंग्स ने 19.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाया और चार विकेट से मैच जीत लिया। जीत में भव्य तिवारी के नाबाद 47 और सौरभ सिंह के 33 रनों का योगदान रहा। गेंदबाजी में कुमार विनायक सिंह ने 3 विकेट लिए। सौरभ सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पटेल प्रापर्टीज ने 20 ओवर में 142 रन बनाया। टीम के सौरभ प्रताप सिंह ने 40, दिव्य प्रकाश ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में आर्दश सिंह ने 3, अभिनव शर्मा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीआई मेवरिक्स ने निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। टीम के शिवांशू सचान ने 42, साहिल मोर्या और प्रणव बोहरा ने 28-28 रन बनाए। विजयी टीम के नितिन यादव, दिव्य प्रकाश और अभिषेक यादव ने 2-2 विकेट लिए। दिव्य प्रकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

स्कूटी सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

कानपुर। यशोदा नगर पी ब्लाक निवासी बलराम तिवारी (73) की शुक्रवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले दिनों वे सड़क हादसे में घायल हो गए थे।

बेटी उमा ने बताया कि वह गार्ड की नौकरी करते थे। ड्यूटी खत्म होने के बाद 18 जून को जब वे घर वापस आ रहे थे तभी स्कूटी सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

शुक्रवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चकेरी पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

साइबर सुरक्षा में सीएस की बड़ी भूमिका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज डे पर कार्यक्रम का आयोजन

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान में विशेषज्ञ वक्ता का हुआ सम्मान। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद के कानपुर चैप्टर के तत्वावधान में प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्टार्टअप, एमएसएमई का समर्थन करने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने में कंपनी सचिव की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

विकसित भारत@2047 में कंपनी सचिवों की भूमिका थीम पर हुए कार्यक्रम में कहा गया कि जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, कंपनी सचिवों की अनुपालन और सलाहकार भूमिकाएं और भी महत्वपूर्ण हो रही हैं। सीएस रीना जाखोडिया, अध्यक्षा, कानपुर चैप्टर सदस्यों का स्वागत करते हुए स्टार्टअप, एमएसएमई और साइबर कानून क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। सीएस मनोज कुमार यादव ने बताया कि कैसे कंपनी सचिव विभिन्न कानूनी और नियामक आवश्यकताओं से उद्यमियों को मार्गदर्शन देकर उनके लक्ष्यों को अधिक कुशलता से प्राप्त करने में सहायता कर सकते हैं। साइबर 3 आरए केसंस्थापक आदर्शकांत ने स्टार्टअप की सफलता में साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि यह व्यावसायिक अनिवार्यता है। संचालन सीएस ईशा कपूर ने किया। सीएस वैभव अग्निहोत्री , सीएस आशीष बंसल, सीएस मनीष कुमार पाल, सीएस जागृति मिश्रा, सीएस वैभव गुप्ता, सीएस हेमंत सजनानी मौजूद रहे।

क्रिकेट टेस्ट मैच तो मिला पर ग्रीनपार्क में देख पाएंगे केवल 15 हजार ही दर्शक

अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी का मौका, लेकिन टी-20, वनडे मैचों पर अभी संकट बरकरार

रविवार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी नहीं मिलने का संशय हट गया है, लेकिन दर्शक क्षमता की चिंता अभी भी बरकरार है। ग्रीनपार्क को दर्शक क्षमता के कारण ही मैच नहीं मिल रहे थे। तीन साल बाद टेस्ट मैच की मेजबानी का मौका मिला है, लेकिन टी-20, वनडे मैचों के आयोजन पर अभी भी बादल छाए हैं। यूपीसीए के अनुसार 45 हजार क्षमता वाले स्टेडियम की मौजूदा स्थिति 15 हजार दर्शक क्षमता की है। इसलिए फिलहाल जब तक दर्शक क्षमता नहीं बढ़ती है, टेस्ट मैच का ही आनंद लेना होगा।

यूपीसीए के अनुसार ग्रीनपार्क की दर्शक क्षमता 15 हजार की है। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय मैच तो दूर टी-20 मैचों के आयोजन भी नहीं हो पा रहे थे। बीते साल यूपी लीग के दौरान लोक निर्माण विभाग ने जांच कराई तो ग्रीनपार्क की दर्शक क्षमता 22,230 बताई थी। ग्रीनपार्क में आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2021 में भारत और न्यूजीलैंड के मध्य टेस्ट मैच के रूप में हुआ था। 2017 में इन्हीं दोनों देशों के बीच आखिरी वनडे और टी-20 भी भारत व इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसके बाद ही लोक निर्माण विभाग ने यूपी टी-20 लीग के दौरान ही दर्शक क्षमता का आकलन किया था। जांच करने वाले लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राहुल ने उस समय दर्शक क्षमता के अनुसार कई दीर्घाएं जर्जर थीं। इस हिसाब से क्षमता और कम हो सकती है। दर्शक क्षमता कम होने का कारण स्टेडियम का रखरखाव न होना बताया था। उस समय यूपीसीए के सीईओ ने क्षमता 20 हजार के करीब बताई थी। यूपीसीए के अनुसार अब ठीक से 15 हजार ही दर्शक क्षमता मानी जाए, क्योंकि मैच के दौरान एलईडी लगने से उस गैलरी में दर्शकों का प्रवेश वर्जित हो जाता है। खेल विभाग के अनुसार दर्शक क्षमता 27,400 है, जो 2021 में टेस्ट मैच के दौरान थी।

● लोक निर्माण विभाग के आकलन में 22,230 बताई गई है ग्रीनपार्क की दर्शक क्षमता पर हकीकत में है इससे काफी कम

03 साल बाद ग्रीन पार्क स्टेडियम एक बार फिर से होगा गुलजार

रखरखाव के अभाव में कुर्सियां टूटीं और शीशे रहे चटक

लोक निर्माण विभाग के अनुसार रखरखाव के कमी के कारण दर्शक क्षमता कम हो रही है। यूपीसीए भी कम दर्शक क्षमता के कारण मैच न हो पाना बताता है। ग्रीनपार्क स्टेडियम को एमओयू के तहत यूपीसीए ने अपने पास ले रखा है। करार में साफ है कि स्टेडियम के अधिपत्य के उसके हिस्से के पूरे रख-रखाव की जिम्मेदारी यूपीसीए की होगी। जबकि यूपीसीए केवल बड़े इवेंट पर ही आगे आता है। रखरखाव के अभाव में कुर्सियां टूट रहीं है, शीशे चटक रहे हैं। दर्शक क्षमता घटती जा रही है। जब मेजबानी का समय आता है तो यूपीसीए खुद कहता है कि ग्रीनपार्क की दर्शक क्षमता 15 हजार ही है।

स्टेडियम में टूटी कुर्सियां। अमृत विचार

पीडब्ल्यूडी के अनुसार दर्शक क्षमता

स्टेडियम की दर्शक क्षमता को लेकर पीडब्ल्यूडी ने 2023 में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट पर गौर करें तो यहां अब दर्शक क्षमता सिर्फ 15 हजार ही रह गई है। पवेलियन बालकनी में 1150,पवेलियन ग्राउंड -1000,ए-बालकनी -1100, ए ग्राउंड -1000, बी-जनरल -1850 ,बी-गर्ल्स -150, सी-बालकनी -1800, सी-स्टॉल -4200, डी-चेयर -1200, डी-इंविटेशन -500 , ई-पब्लिक -1700, वीआईपी पवेलियन -2400, डायरेक्टर पवेलियन -2600, 12 बॉक्स डायरेक्ट्रेट पवेलियन -80, 14 बॉक्स ओल्ड पवेलियन -009, बॉक्स वीआईपी पवेलियन -70, प्लेयर पवेलियन प्रथम फ्लोर वीआईपी सीट -280, प्लेयर पवेलियन द्वितीय फ्लोर -1150 दर्शक क्षमता है।

... इस तरह घटता चला गया दर्शकों का हिस्सा

वर्ष 1945 में जब ग्रीनपार्क स्टेडियम का निर्माण हुआ, तब दर्शक क्षमता 45000 के करीब थी। उस समय स्टेडियम में मौजूद स्टूडेंट गैलरी विश्व की सबसे बड़ी गैलरी थी। जो वर्ष 2013 में डायरेक्टर पवेलियन और वीवीआईपी पवेलियन बनने के बाद गायब हो गई। तब स्टेडियम की क्षमता 32 हजार रह गई थी। इसके बाद यूपीसीए गैलरी की जगह न्यू प्लेयर पवेलियन निर्माण से क्षमता 27,400 पहुंची, जो अब घटकर 22,230 से भी कम रह गई है।

प्लेयर व डायरेक्टर पवेलियन के मिलते हैं पास

प्लेयर पवेलियन और डायरेक्टर पवेलियन की सीटों की बिक्री नहीं की जाती है। इनके लिए पास जारी होते हैं। डायरेक्टर पवेलियन की 70 प्रतिशत सीटें खेल निदेशालय के अधीन होती हैं। वही इनके पास भी जारी करता है।

ट्रेनों में ओवरक्राउड की दिन में जांच और रात में खानापूरी

कानपुर। ट्रेनों के आरक्षित एसी व स्लीपर कोचों में ओवरक्राउड के खिलाफ अभियान खानापूरी बनकर रह गया है। दिन में तो रेलवे अधिकारी कुछ ट्रेनों की चेकिंग कर लेते हैं, लेकिन रात में कंट्रोल रूम पर सूचना आने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है। ओवरक्राउड का दंश झेलने वाले आरक्षित श्रेणी के यात्रियों का इससे बुरा हाल है।

12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में शनिवार रात आरक्षित कोचों में सवार सामान्य यात्रियों ने जमकर परेशान किया। रेलवे स्टाफ ने कंट्रोल में सूचना दी, लेकिन कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा। ट्रेन तड़के 4.40 बजे प्लेटफार्म पांच पर पहुंची। लेकिन आरक्षित कोचों में भरे सामान्य यात्रियों को नीचे नहीं उतारा गया। 12417 प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर शुक्रवार देररात 12.32 बजे पहुंची और 25 मिनट खड़ी रही, मगर शिकायत के बाद भी कोई टीटी या आरपीएफ स्टाफ आरक्षित कोच में नहीं पहुंचा।

कबीर मेरी सिमरनी रसना ऊपर राम, मेरा मुझमें किछु नाहि...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी में भगत शिरोमणि संत कबीर एवं सिखों के छठवें गुरु श्री गुरु हरगोविंद सिंह का जन्मदिन गुरमत समागम के रूप में मनाया गया। लाल सिंह कीर्तनी जत्था ने शबद गायन 'कबीर मेरी सिमरनी रसना ऊपर राम, मेरा मुझमें किछु नाहि जो किछु है सो राम' से संगत को निहाल किया।

शनिवार को गुरुद्वारा में आयोजित गुरमत समागम में गुरमत दीवान ने बताया कि श्री गुरु हरिगोविंद जी ने धर्म व राजनीति में समन्वय रखने के लिए दो तलवारें मीरी पीरी के नाम से धारण करके अमृतसर में अकाल तख्त का निर्माण कराया। संत कबीर ने अपनी वाणी दोहे से संसार में हो रहे धार्मिक प्रखंड व कुरीतियों पर प्रहार करते हुए हर जाति के लोगों को प्रभु के सिमरन से जोड़ते हुए निराकार ब्रह्म की उपासना का बल दिया। दीवान की समाप्ति के उपरांत मिस्सी रोटी, प्याज, अचार, नमकीन लस्सी का लंगर वितरित किया गया।

इस अवसर पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 155 की प्रेसीडेंट सरिता वर्मन द्वारा गुरुद्वारा को वाटर कूलर, आरओ मशीन समर्पित की गई। कानपुर संघ प्रमुख संचालक भवानी भीख द्वारा एलांयस प्रेसीडेंट को सिरोपा देकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा के प्रधान एवं मुख्य सेवादार सरदार नीतू सिंह ने कानपुर संघ प्रमुख संचालक भवानी भीख को सिरोपा भेंट किया। इंद्रजीत कौर, डॉ. त्रिपता, डॉ. मनमीत सिंह, जगदीश सत्ती, अंकुर दीक्षित, अशोक मिश्रा मौजूद रहे।

आरएसएस के कानपुर संघ संचालक भवानी भीख को सम्मानित करते गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नीतू सिंह। अमृत विचार

● गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी में हुआ गुरमत समागम

आईआईटी कानपुर में भी सीएस का जलवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी ने राउंड-1 सीट अलॉटमेंट का रिजल्ट जारी कर दिया है। राउंड 1 में सीट आवंटित होने पर कैंडिडेट को सावधानी बरतनी होगी। कैंडिडेट राउंड 1 से आवंटित सीट से संतुष्ट हों या असंतुष्ट, दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सीट मिलने के बाद जेईई एडवांस के मेधावी को ऑनलाइन चार चरण पूरे करने होंगे।

देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों आईआईटी, एनआईटी और ट्रिपल आईटी में प्रवेश के लिए ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी ने राउंड-1 सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी कर दिया है। एडमिशन के लिए च्वॉइस फिल करने वाले अपना सीट अलॉटमेंट की वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही सीट आवंटन के प्रत्येक राउंड के बाद जोसा कट-ऑफ 2024 भी चेक किया जा सकता है। जोसा काउंसलिंग में इस बार कुल छह राउंड होंगे। स्टूडेंट्स को उनकी रैंक और च्वॉइस के आधार पर हर काउंसलिंग में सीट और संस्थान अलॉट किया जाएगा। कंप्यूटर साइंस में जोसा राउंड-1 सीट अलॉटमेंट में आईआईटी कानपुर की क्लोजिंग रैंक ओपन जेंडर न्यूट्रल में 248 रही है।

● ओपन जेंडर न्यूट्रल में इस बार 248 रही क्लोजिंग रैंक

सीएस में आईआईटी कानपुर का कटऑफ

ओपन जेंडर न्यूट्रल- 248, ओपन महिला- 1117, ईडब्ल्यूएस जेंडर न्यूट्रल- 49, ईडब्ल्यूएस महिला- 294, ओबीसी-एनसीएल-जेंडर न्यूट्रल-129, ओबीसी-एनसीएल महिला- 538, एससी-जेंडर न्यूट्रल-89, एससी-महिला-397, एसटी-जेंडर न्यूट्रल-54, एसटी-महिला-141।

सीट मिली है तो सावधानी से पूरे करें चार चरण

एजूकेशन विशेषज्ञ ने बताया कि 1 राउंड में सीट आवंटित होने पर कैंडिडेट को चार चरण ऑनलाइन पूरे करने होंगे। आवंटित सीट एसेप्ट करें व आवश्यकतानुसार फ्लोट, फ्रिज व स्लाइड ऑप्शन का उपयोग करें। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन ऑफिसर के प्रश्नों का जवाब दें। ऑनलाइन रिपोर्टिंग का एक भी चरण यदि अधूरा रह जाता है तो आवंटित सीट निरस्त कर दी जाएगी। सीट एसेप्टेंस फीस तय समय सीमा में डिपाजिट नहीं करने पर आवंटन निरस्त होगा।

औद्योगिक क्षेत्र में आदर्श रोड बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उद्यमियों ने उद्योग को समर्पित आदर्श सड़क बनाने की मांग उठाई है। उद्यमियों के संगठन फीटा ने जेके जूट मिल से फजलगंज तक की सड़क को सीएम ग्रिड अरबन योजना से बनाने का सुझाव दिया है। उपायुक्त उद्योग को दिए प्रस्ताव में कहा गया है कि 1861 में ब्रिटिशकाल में फजलगंज में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की गई थी।

यह औद्योगिक क्षेत्र शहर में सभी क्षेत्रों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग कालपी रोड से जुड़ा है। इस मार्ग पर रिहायशी, वाणिज्यिक व औद्योगिक गतिविधियां संचालित होती है। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि इस रोड पर स्कूल, अस्पताल, फायर स्टेशन, बस अड्डा, कमला क्लब जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेट ग्राउंड मौजूद हैं। भारतीय रेल का लोको इंजिन का शेड व स्लीपर कारखाना भी यहीं स्थापित है। इसके अलावा मेट्रो भी इसी मार्ग से गुजारा जाना प्रस्तावित है।

उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के एमएसएमई कार्यालय और काफी बड़े निर्यातक उद्योग भी इसी मार्ग में जुड़े हैं। ऐसी स्थिति में इस मार्ग को संवारकर आदर्श रोड घोषित किए जाने से शहर के औद्योगिक स्वरूप को बेहतर बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण भी किया जाए।

● फीटा का जेके जूट मिल से फजलगंज तक सीएम ग्रिड से सड़क बनाने का सुझाव

● शहर के औद्योगिक स्वरूप को संवारने के लिए विकास कार्यों के साथ करें पर्यावरण संरक्षण

शहर में उद्योग को समर्पित यदि एक रोड मिल जाए तो इससे उद्यमियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा इस रोड से रोजाना शहर के उद्यमियों का सामना होता है ऐसे में इस रोड का विकास होना भी बहुत जरूरी है।

-उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा

यह रोड यदि सीएम ग्रिड योजना में शामिल हो जाए तो इससे उद्यमियों का मनोबल बढ़ेगा। इस रोड का विकास होने से शहरवासियों को भी राहत मिलेगी। उद्यमियों ने काफी सोचने के बाद यह मांग की है।

-शुभम भरतिया, उद्यमी

फजलगंज में चलाया गया सफाई अभियान

कानपुर। औद्योगिक क्षेत्र फजलगंज में शनिवार को अभियान चलाकर सफाई कार्य कराया गया। इस दौरान क्षेत्र के उद्यमियों ने भी अपनी यूनिट से बाहर आकर निगम अधिकारियों का सहयोग किया। दो दिनों से चल रहे सफाई अभियान के दौरान नालियों व क्षेत्र में फैले कूड़े को साफ किया गया। हाल ही में उद्यमियों ने उपायुक्त उद्योग कार्यालय में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें उद्यमियों ने फजलगंज व दादा नगर में चोक नालियों और क्षेत्र में फैली गंदगी का मुद्दा उठाया था।

उप मुख्यमंत्री को बताईं समस्याएं

कानपुर। व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिला। उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व व्यापारी नेता व मंडल के अध्यक्ष संदीप पांडेय ने किया। व्यापारी नेता संदीप पांडेय ने डिप्टी सीएम से उत्पीड़न बंद किए जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि विभागों के अधिकारी निरंकुश हो गए हैं। वे व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। बाजारों में बिना बताए छापेमारी का असर कारोबार पर पड़ रहा है। इससे सरकार की छवि भी खराब हो रही है। व्यापारियों ने मांग की है कि व्यापारियों का उत्पीड़न बंद होना चाहिए। व्यापारियों ने शहर में जाम की समस्या भी उठाई और कहा कि हर बाजार में जाम लगना आम बात है। जाम की परेशानी से बाजारों में ग्राहक आना कम हो गए हैं। डिप्टी सीएम ने समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। व्यापारी नेता आनंद गौतम, विपिन यादव, सुशील कुमार, जितेंद्र आदित्य श्रीवास्तव मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ व्यापारी। अमृत विचार

भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में पौधे बांटते अध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

मां के साथ वृक्षारोपण की सेल्फी एप पर अपलोड करेंगे भाजपाई

कानपुर। भाजपा अपने नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाएगी। पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन करेंगे और संगोष्ठी कर डॉ. मुखर्जी के जीवन परिचय और उनके संघर्षों के बारे में बताएंगे। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपनी मां के नाम पर पौधा लगाएंगे और मां के साथ सेल्फी लेकर सरल ऐप पर अपलोड करेंगे। इसके लिये शनिवार को वृक्षारोपण अभियान के लिए भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों को पौध वितरण वितरण किया। विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, वंदना गुप्ता, मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, अर्जुन बेरिया , शिवपूजन सविता, वीरेंद्र दिवाकर, विजेंद्र मक्कड़, संजीव बेरी अंकित शर्मा, अंकुर गुप्ता मौजूद रहे। भाजपा उत्तर के मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई ने बताया कि इस मौके पर मोती झील पर पंडित जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम किया जाएगा।

● डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस की तैयारी

जीएसटी नियमों में राहत रेट्रोस्पेक्टिव मामलों पर मिली तीन वित्तीय वर्ष की छूट को बताया महत्वपूर्ण

कारोबार को मिली सहूलियत से उद्यमी उत्साहित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसटी काउंसिल की दिल्ली में हुई बैठक में लिए गए कई निर्णयों का शहर के कारोबारियों ने स्वागत किया है। कारोबारियों ने कहा कि हर वह नर्णय सराहनीय है, जिससे आम लोगों की जेब पर महंगाई का असर कम हो। वित्तीय वर्ष 2017 से 2020 में ब्याज और पेनल्टी के लिए जितने भी टैक्स नोटिस भेजे गए हैं, उनको माफ करने की सहमति को कारोबारियों के लिए राहत बताया है।

उद्यमियों ने यह भी कहा कि सरकार को इस तरह के रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स को माफ करने के साथ ही जीएसटी को सरलीकरण भी करना चाहिए। यह कानून बेहद जटिल है। जब तक यह सरल नहीं होगा कारोबार लगातार प्रभावित होता रहेगा। कारोबार को पूरी तरह पटरी पर लाने के लिए जीएसटी के जटिल कानून सरल करने की लंबे समय से चली आ रही उनकी मांग को जल्द पूरा करने की जरूरत है।

● कारोबारियों ने कहा कि जीएसटी सरलीकरण की जरूरत, जल्द हो फैसला

मौजूदा कानून में बड़े खरीदार जीएसटी का पेमेंट होल्ड कर देते हैं। उम्मीद थी इसका निदान कुछ हद तक इस बैठक में हो सकेगा। उस पर किसी तरह की कोई जानकारी अब तक नहीं हुई है। इससे कई बार विक्रेता की कार्यशील पूंजी ब्लॉक हो जाती है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।

-सुशील शर्मा, चेयरमैन इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश

जीएसटी परिषद की बैठक में लिए एक कुछ निर्णय स्वागत योग्य है। इसके बावजूद अभी तक उद्यमियों की कई मांगों पर विचार नहीं हुआ है। खासतौर क्रेता और विक्रेता के बीच जीएसटी न जमा करने पर पड़ने वाले भार पर नियम में संशोधन होना चाहिए। कई महत्वपूर्ण बदलाव होने जरूरी हैं।

-मनोज कटारिया, चेयरमैन इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश

जीएसटी इतना जटिल कानून है कि उसमें किए गए हर संशोधन कारोबारी के लिए राहत की बात है। इसके बावजूद कारोबारी लंबे समय से इस कानून की जटिलता को खत्म करने और स्लैब घटाने की मांग कर रहे हैं। जब तक व्यापारियों की यह मांग नहीं मानी जाएगी, कारोबार खत्म होता रहेगा। -आशु शर्मा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन

2017 से 2020 में डिमांड नोटिस मे ब्याज व जुर्माना पूर्णतया माफ़ किया गया है। रेलवे की कुछ सर्विसेज को कर मुक्त करना स्वागत योग्य कदम है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रिटर्न दाखिल करने दो माह बढाकर 30 जून करने से व्यापारियों को राहत मिलेगी।

-ज्ञानेश मिश्रा, प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

ऑनलाइन गेमिंग और फर्टिलाइजर पर जीएसटी घटाने से मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेल टैक्स बार एसोसिएशन के कर सलाहकारों ने परिचर्चा में जीएसटी परिषद में लिए गए निर्णयों को सराहा। शनिवार को सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनपुर कार्यालय में जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक के संबंध में परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल कटियार और महामंत्री मुकुंद गुप्ता ने कहा कि शनिवार को जीएसटी परिषद की बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑनलाइन गेमिंग और फर्टिलाइजर पर जीएसटी की दरें कम करने का निर्णय लिया है। यह निश्चित ही स्वागत योग्य है। ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी की दर कम होने से ऑनलाइन गेमिंग को बढ़ावा मिलेगा लेकिन इसके साथ सरकार को इसके प्रयोग पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होगी।

फर्टिलाइजर पर जीएसटी की दरें कम होने से देश के कृषक वर्ग को लाभ और राहत मिलेगी। इससे खाद सस्ती होने का रास्ता खुलेगा। परिचर्चा में उपाध्यक्ष विनय अवस्थी, एसपी सिंह, दीपक द्विवेदी, राम विशाल, हेमंत कुमार और एसोसिएशन के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

● सेल टैक्स बार एसोसिएशन के कर सलाहकारों ने की परिचर्चा

● खाद सस्ती होने से किसानों को मिलेगा लाभ

सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन में बैठक करते अधिवक्ता। अमृत विचार

दबंगों ने युवती को किया मरणासन्न रिपोर्ट हुई दर्ज

मंगलपुर। मुड़ेरा किन्नर सिंह गांव में रास्ते से निकलने पर दबंगों ने एक युवती को ईंट पत्थरों से हमला कर मरणासन्न कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के मुड़ेरा किन्नर सिंह गांव निवासी शीलू देवी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर के पास से निकलने के लिए आम रास्ता है। जिससे निकलने के लिए गांव के ही बलवंत सिंह मना करते हैं।

बीती 20 जून को शाम को निकलने को लेकर बलवंत सिंह, उसकी पत्नी मनीषा, बेटे ऋषि व रामू ने गालीगलौज की। मना किया तो उक्त लोगों ने ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिए। बचाने के लिए जब मां राम बेटी, बहन राजा देवी व नीलम आईं तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की।

थाने में दूर हो शिकायत तो खत्म हो सकते कई मामले

समाधान दिवस में बिल्हौर तहसील के तीन थानों मे फरियादियों की शिकायतें सुनने पहुंचे जिलाधिकारी

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश व जनसुनवाई को लेकर सजग जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह शनिवार को बिल्हौर तहसील के चौबेपुर, शिवराजपुर, व बिल्हौर कोतवाली पहुंच कर समाधान दिवस पर शिकायतों को सुना। सभी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहाकि शिकायतों को अगर थाना स्तर पर ही सजगता से निस्तारण कर दिया जाए तो तमाम मामले प्रारम्भिक स्तर पर ही खत्म हो सकते हैं।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश। अमृत विचार

थाना समाधान दिवस पर बरूआहार निवासी सोनू ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए हौदी तोड़ने की शिकायत की। जिसमें सिपाही धर्मवीर और हल्का इंचार्ज राजपाल पर कार्यवाही की मांग की जबकि सीमा पत्नी राधेश्याम देवहा ने अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप गांव के प्रदीप पर लगाया। इसी तरह शशि कला निवासी सिहुरा दाराशिकोह ने बताया कि वह भूतपूर्व सैनिक की विधवा पत्नी है और गांव के रामकृष्ण ,सुशील बृजेश उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके अतिरिक्त तहसील के अफसरों की शिकायत अधिवक्ताओं ने की। जिस पर जिलाधिकारी ने लिखित प्रमाण के साथ शिकायती पत्र मांगा है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस मे मौजूद अधिकारियों ने गुणवत्ता रूप से निस्तारण के निर्देश दिए है। बिल्हौर कोतवाल केशव कुमार तिवारी के अतिरिक्त कई राजस्व के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

चौबेपुर सवांददाता के अनुसार शनिवार को समाधान दिवस पर दोपहर थाने पहुंचे जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न अभिलेखों को देखने के दौरान कहा कि किसी भी मामले को छोटा मत समझें। समय रहते समस्या का समाधान न हो पाने से आगे चलकर समस्या और भी जटिल हो जाती है। इसलिए थाने पहुंचने वाले फरियादियों की दिक्कतों को किसी भी हाल मे अनदेखा न करें। इस दौरान आईं राजस्व संबंधी कुल 9 समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने राजस्व निरीक्षक व लेखपालों को निर्देश दिए। इस मौके पर एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी, थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव, विभिन्न हलकों के उपनिरीक्षक व राजस्व कर्मी मौजूद रहे

वहीं शिवराजपुर सवांददाता के अनुसार सामाधान दिवस पर अचानक पहुंचे जिलाधिकारी ने आई सभी 6 शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट उन्हें प्रेषित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस दौरान ग्राम सभा क्योंना में सरकारी चकरोड पर कब्जा, मुस्ता गांव मे भाईयो द्वारा जमीन बटवारें के बाद हिस्सा नहीं मिलना, कस्बे में विधवा महिला के खेत पर कब्जा, निवादा तारापति बटवारे के बाद भी कब्जा नहीं मिलना, गांव रमा लाल मे पुस्तैनी मकान में भाइयों द्वारा उचित बटवारा नहीं किए जाने की शिकायतें आईं। इस दौरान सखरेज क्षेत्र के कानूनगो श्रीप्रकाश द्वारा शिकायत का सही से निस्तारण न किए जाने पर फटकार लगाते हुए अगली बार शिकायत मिलने पर बर्खास्त करने की चेतावनी दी। वहीं नगर पंचायत कार्यालय की तरफ से ईओ व ग्राम सभाओं से संबंधित कुछ गायब लेखपालों पर भी सख्त कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमाफियों पर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। शिवराजपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लांबा, नायब तहसीलदार रंजीत यादव, थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, हल्का इंचार्ज शिवकरन वर्मा, राजस्व निरीक्षक उमाकांत तिवारी, श्रीप्रकाश लेखपाल ललित कुमार, भोले भयंकर, आकांक्षा, सूर्यकांत, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

बोर्ड बैठक में 11 प्रस्ताव पर लगी मुहर

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। घाटमपुर में शनिवार को नगर पालिका परिषद घाटमपुर के सभागार में बोर्ड बैठक पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई। जिसमें विकास कार्यों को लेकर कुल 14 प्रस्ताव आए। 11 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिए गए। शेष 3 प्रस्ताव को अगली बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

बोर्ड बैठक में पेश किए गए प्रस्ताव पर चर्चा करते सभासद अमृत विचार

● घाटमपुर नगर पालिका की बोर्ड बैठक में आए 14 प्रस्ताव

घाटमपुर नगर पालिका परिषद में शनिवार को एक बोर्ड बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष गजाला तबस्सुम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन डॉक्टर महेंद्र कुमार अधिशासी अधिकारी ने किया। पालिका परिषद की बैठक में पेश किए गए सभी 14 प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिसमें 11 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। शेष तीन प्रस्ताव अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय बैठक में लिया गया। बोर्ड बैठक में पालिका बोर्ड द्वारा दुकान की नीलामी, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट, पोल व केबिल, जल निकासी की व्यवस्था सहित अन्य प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गये। बैठक में सभासद विजय कुमार, अमरदीप, निजामुद्दीन, राकेश कुमार, मोहम्मद हाशिम, अजय सिंह ,जितेंद्र यादव ,मोहम्मद शाहिद खान, राजेश कुमार कुटार, मोहम्मद साहिबान, ओवैस अहमद, ज्ञान सिंह, मुकेश कुमार दीक्षित, विवेक शुक्ला,सुल्तान सिंह,श्रीमती मंजुला, लक्ष्मी सबीना खातून,तराना, ममता साहू, रीना देवी आदि मौजूद रहीं।

पोल पर चढ़े संविदा कर्मी की गिरकर मौत

बिधनू। बिधनू कस्बे में शनिवार रात बारिश की वजह से हुए फाल्ट को सही करने के लिए पोल पर चढ़ा लाइनमैन गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी लाइनमैन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

शिवप्रताप।

जामू गांव निवासी 32 वर्षीय शिवप्रताप उर्फ छोटू दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के उपकेंद्र बिधनू में संविदा लाइनमैन था। शनिवार देर शाम तेज हवा के साथ हुई बारिश की वजह से कई फाल्ट हो गए। फाल्ट की वजह से बिधनू कस्बे की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। बारिश बंद होने के बाद शटडाउन लेकर वह साथी लाइनमैन बबलू के साथ फाल्ट सही करने बिधनू बाजार के पास पहुंचा। जहां बबलू को नीचे खड़ा करके वह पोल पर चढ़ गया। तार जोड़ने के दौरान अचानक से वह झटका खाकर नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी बबलू ने उसे क्षेत्रीय लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सार-संक्षेप

घाटमपुर में हीट स्ट्रोक से एक की मौत

घाटमपुर। घाटमपुर में शुक्रवार रात को एक युवक की अचानक हालत गंभीर हो गई। जिससे घर पर मौजूद परिजन घबरा गये। और आनन फानन उसे सीएचसी घाटमपुर ले गए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर ने गर्मी से मौत होने का कारण बताया है। घाटमपुर कस्बा के वार्ड 13, जवाहर नगर पूर्वी प्रथम निवासी धर्मवीर संखवार (38) की अचानक हालत गंभीर होने पर परिजनों व सभासद जितेंद्र यादव ने उसे आनन-फानन सीएचसी घाटमपुर ले गए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने मौत का कारण हीट स्ट्रोक बताया है। बताते चलें कि धर्मवीर संखवार पैर से विकलांग था। वह बैटरी रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक फंदे से लटका, हुई मौत

घाटमपुर। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के सजेती थाना क्षेत्र अंतर्गत देर रात एक युवक ने घर के बाहर लगे शीशम के पेड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। सजेती थाना क्षेत्र के कोटरा गांव निवासी सुनील कुमार निषाद (22) गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। देर शाम नशे में होकर घर पहुंचा था और मां से झगड़ा करने के बाद सोने चला गया। देर रात सुनील ने घर के बाहर लगे शीशम के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह ज़ब परिजनों ने सुनील को लटकते देखा। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सुनील

दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

चौबेपुर। क्षेत्र के एक गांव में करीब ढाई माह पूर्व किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शनिवार दोपहर थाना पुलिस ने कस्बे के निकट से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र निवासी करन गौतम 4 अप्रैल को मौका पाकर गांव की एक किशोरी को अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने करन के खिलाफ पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू की थी। शनिवार को मुखबिर से मिली जानकारी के बाद उपनिरीक्षक सुरेश कुमार , पवन राजपूत व कांस्टेबल गुलाबचंद ने कस्बे के बिदूर रोड तिराहे के निकट सवारी के इंतजार में खड़े से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

चौबेपुर। क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित बस डिवाइडर पर जा चढ़ी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। मालूम हो कि शनिवार दोपहर शिवराजपुर की ओर से तेज रफ्तार आ रही एक निजी खाली बस ने क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने बाइक मे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरा ।हादसे के बाद अनियंत्रित हुई बस हाईवे के डिवाइडर के ऊपर जा चढ़ी ।हादसे में बाइक चालक सूरज सिंह पुत्र करतार सिंह ,निवासी गोवा गार्डन ,कल्यानपुर कानपुर गंभीर रूप से घायल हुआ ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सी एच सी भेजा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि बस में कोई भी सवारी मौजूद नहीं थी। दुर्घटना करने वाली बस को कब्जे मे लिया गया है।

दुर्घटना के बाद डिवाइडर पर चढ़ी बस।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में नहीं आए अफसर

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। विकास खंड में शनिवार को ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में कई विभागों के अधिकारियों के न आने पर बीडीसी सदस्यों व प्रधानों ने आक्रोश व्यक्त किया। बैठक में घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि अधिकारियों को शासन की मंशा समझनी होगी। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानों को इस बात का भी भरोसा दिया। कि जनपद स्तर पर अगर उनकी समस्याओं का निदान नहीं किया जाता तो प्रदेश स्तर पर समाधान करायेंगे। वहीं ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सूचना दिए जाने के बाद भी बैठक में न आने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

अफसरों के न आने पर सदस्यों ने गुस्सा जताया। अमृत विचार

बैठक में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण चर्चा जल जीवन मिशन योजना को लेकर हुए। बीडीसी व प्रधानों का कहना था कि पानी की टंकियों के निर्माण व पाइप लाइन बिछाने में खोदी गई सड़कें यूं ही पड़ी हैं। बारिश में गांवों की क्या हालत होगी समझा जा सकता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित कुमार ने साधन सहकारी समिति अमौली के सचिव द्वारा किसानों के साथ की गई धोखाधड़ी में मुकदमें के आदेश के बाद भी अब तक मुकदमा दर्ज न किए जाने की बात उठाई। इसी तरह अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान ब्लॉक प्रमुख इन्द्र जीत सिंह ने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहता है कि विकास कार्यों में किसी तरह का भेदभाव न हो। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से समय समय पर समस्याओं से अवगत कराने को भी कहा। बैठक में प्रमुख रूप से खण्ड विकास अधिकारी चंद्रमणि, एडीओ पंचायत विनोद कुमार झा, प्रभारी एडीओ पंकज पांडेय,एपीओ आनन्द शुक्ला तथा वरिष्ठ लेखाकार कपिल कुमार के अलावा ग्राम पंचायत व विकास अधिकारीयों में जिला संगठन के महामंत्री सुभाष वर्मा, ओम नारायण, रामनरेश पटेल, आलोक कुमार, अभिषेक सिंह, पीयूष सचान, निशांत चंद्राकर,रितिवज दुवेदी, मुकेश कुमार, सहित आदि मौजूद रहे।

जंगल में मिला युवक का कई दिन पुराना शव, नहीं हुई पहचान

घाटमपुर। सजेती थाना के अंतर्गत जंगल में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की मानें तो प्रथम दृष्टया मौत गर्मी लगने से होने की आशंका जताई जा रही है ।फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

सजेती थाना क्षेत्र के कुआं खेड़ा चौकी के अन्तर्गत भदवाड़ा गांव के पास एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में दहशत फ़ैल गई। वहां से निकल रहे राहगीरों द्वारा शव पड़े होने की सूचना सजेती पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। सजेती थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि अज्ञात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष के आस पास हो सकती है। नीली टीशर्ट व कत्थई रंग का कैपरी पहने था।

जिम्मेदार ध्यान दें गंदगी होने से मच्छर पनप रहे, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा

गांव में जगह-जगह गंदगी, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचार। ग्राम पंचायत हरबसपुर में पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में सफाई नहीं कराए जाने से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और नाले-नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार बिधनू ब्लाक के जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा हैं।

बताया गया है कि लोगों द्वारा शिकायत करने के बाद भी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से बदबू आते रहती है।

कई जगह इस तरह गंदा पानी भरा पड़ा है। अमृत विचार

लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले, नालियों के कचरे से अटे हुए हैं। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर से होकर बहता रहता है। शिकायत करने के बाद भी सचिव नैन्सी शुक्ला व ग्राम प्रधान पूजा यादव सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाएगी। कागजों में राशि का बंदरबाटः ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा ग्राम विकास के लिए पर्याप्त राशि भेजी गई है लेकिन जनप्रतिनिधियों ने उसका उचित इस्तेमाल नहीं किया है।

सिर्फ कागजों में ही राशि का बंदरबांट कर लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में फैली गंदगी को तुरंत साफ कराए जाने की मांग की है जिससे कि लोगों को संक्रमित बीमारी फैलने से बचाया जा सके। वही खंड विकास अधिकारी रवि शंकर प्रधान, सीएससी प्रभारी डॉक्टर नीरज सचान, ऐडियो पंचायत सुरेश चंद निगम ने सभी सचिवो, व सफाई कर्मियों को बुलाकर सफाई के निर्देश दिए।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी रविशंकर प्रधान ने बताया कि अगर किसी गांव में गंदगी फैली है, सफाई नहीं हो रही तो कार्यवाही की जायेगी!

कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक : 156/न0पा0परि0सुल0/2024-25 दिनांक - 21-06-2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि मद के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फम्स से दिनांक 2/7/24. को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा 01/7/24. तक प्राप्त प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर गर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक शादी किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियों किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

क्र0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	आगणन धनराशि (लाख में) जी0 एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि	टेण्डर प्रपत्र का मूल्य+ जी0 एस0टी0 सहित	कार्य पूर्ण का समय
1	वार्ड विवेकनगर में 01 अदद नलकूप हेतु कमरे का निर्माण कार्य।	431705.00	522821.00	21600.00	500+90	01 माह
2	वार्ड विवेकनगर में रणविजय सिंह के मकान से केदार शुक्ला के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य।	129272.00	151994.00	6500.00	500+90	01 माह
3	जलकल परिसर में 02 अदद शौचालय एवं 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य।	506777.00	597000.00	25400.00	500+90	01 माह
4	कार्यालय परिसर की पानी की टंकी के बगल की बाउण्ड्रीवाल तथा गेट निर्माण कार्य तथा बिजली विभाग कार्यालय का मरम्मत कार्य।	608124.00	717586.00	30400.00	500+90	01 माह
5	वार्ड आदर्शनगर में टीइएनइ श्रीवास्तव के घर से सूर्य प्रताप दूने के घर तक व बैकुण्ठधाम गली में व सनसाइन गली में इंटरलाकिंग व कबर्ड नाली निर्माण कार्य।	372185.00	439178.00	18600.00	500+90	01 माह
6	बेन्डिंग जोन में 01 अदद केयर टेकर रूम का निर्माण कार्य।	436009.00	514490.00	21800.00	500+90	01 माह
7	नवीन पार्किंग स्थल में अवशेष खण्डजा निर्माण कार्य।	328622.00	387774.00	16500.00	500+90	01 माह
8	सफाई विभाग कार्यालय की मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य।	645000.00	761100.00	32300.00	600+108	01 माह

लाल चन्द्र सराज
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

प्रवीन कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

एक नजर

विचाराधीन बंदी की मौत में जांच अधिकारी नामित

कानपुर देहात। कानपुर नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र के लाल्हेपुर गांव निवासी विचाराधीन बंदी राजा की बीती 18 जून को कानपुर के हैलट अस्पताल में मौत हो गई थी। मामले में जांच के लिए अवंतिका प्रभाकर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/फास्ट ट्रैक कोर्ट को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी सीजेएम अंलकृता शक्ति त्रिपाठी ने दी है।

महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

रूरा। महिला के लापता होने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। धनीरामपुर गांव के रहने वाले दिव्यांग सियाराम ने बताया कि बुधवार की शाम उसकी पत्नी सावित्री अपने दो बच्चों को साथ बाजार गई थी। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज की गई है।

पोहा, हल्दी और चाय की पत्ती में मिला रंग

कानपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार को काकादेव के तुलसी नगर में फूड सेफ्टी वैन से चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने अलग-अलग स्थानों से कुल 42 नमूने भरे। जिसमें चार फेल हुए। खाद्य विश्लेषक विजय कुमार यादव ने बताया कि राधे पोहा के यहां पोहा की जांच की गई, जिसमें रंग पाया गया।

खड़ंजा पर पत्थर रखकर रोका रास्ता

थाना समाधान दिवसः अकबरपुर कोतवाली में जिलाधिकारी-एसपी ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। शनिवार को जिलास्तरीय थाना समाधान दिवस अकबरपुर कोतवाली में आयोजित हुआ। वहीं अन्य थानों में भी जनसुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किया गया।

अकबरपुर कोतवाली में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने जनसुनवाई करते हुये आए फरियादियों को बारी-बारी से सुना। उन्होंने समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी तरह राजपुर क्षेत्र के सटटी थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार राकेश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। मदारीपुर गांव की श्यामकली ने शिकायती पत्र देकर बताया कि कई वर्ष पहले बीमारी से उसके पति बाबूराम की मौत के बाद एक बीघा भूमि उसके नाम पर दर्ज हो गई है। आरोप है कि उसका पुत्र श्यामसुंदर व बहू सावित्री देवी ने जबरन खेत पर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वहीं ढिकची गांव के विनय कुमार ने बताया कि गांव बाहर पुश्तैनी आम व कटहल का बाग है। परिवार के राजबहादुर जबरन फल तोड़ रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट कर दी। इसके अलावा दो अन्य राजस्व संबंधी शिकायते है। थानाध्यक्ष शिवशंकर ने मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण करा दिया। वहीं राजपुर थाने में थानाध्यक्ष प्रभात कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज हुई।

अनवां गांव की प्रधान कल्लन देवी ने बताया कि गांव में विधायक निधि से खड़ंजा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। गांव के कुछ लोगों ने खडंज़ा मार्ग पर पत्थर लगाकर निर्माण कार्य अवरुद्ध कर दिया है। थानाध्यक्ष ने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर समस्या का निस्तारण कराया। इसी तरह रूरा थाने में थाना समाधान दिवस सीओ सदर तनु उपाध्याय के मौजूदगी में संपन्न हुआ। बनीपारा गांव के मोतीलाल ने अपनी जमीन पर अन्य लोगों के कब्जा करने की शिकायत दी। सीओ ने लेखपाल को तत्काल मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाने के लिए कहा। समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित 15 शिकायतें आई। इनमे से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसओ रूरा एसएन सिंह, दरोगा अतेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज राकेश सिंह, लेखपाल अनिरुद्ध सिंह, अरुण कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, कल्पना आदि मौजूद रहे।

अकबरपुर कोतवाली में पीड़ित की फरियाद सुनते जिलाधिकारी व एसपी।

राजपुर थाना में शिकायत सुनते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीम

मूसानगर। थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। गुढ़ा शेरपुर गांव के रमेश ने घर के सामने घूरा डालने को लेकर शिकायत दी। उसी गांव के रामनारायन ने भी घर के आगे गुरु प्रसाद द्वारा घूरा डालने की शिकायत की। जिसपर पुलिस टीम के साथ लेखपाल शिवम निगम को मौके पर भेजा गया। इसी प्रकार सरौटा तृतीय से राजस्व सम्बंधित शिकायत आई। दो अन्य शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर कानूनगो रामगोपाल यादव, लेखपाल प्रवीन शुक्ला, प्रवीण कुमार चकबंदी लेखपाल, रामचंद्र पटेल, ब्रम्ह कुमार, शिवम् निगम, कपिल उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

महिला सिपाही के साथ होटल में पकड़े गए थे सीओ कृपा शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर जाने के लिए लिया था अवकाश पत्नी की शिकायत पर जांच में होटल में मिली थी लोकेशन

अमृत विचार। सीओ से सिपाही के पद पर पदावनत किए गए सीओ कृपा शंकर कनौजिया 2021 में महिला सिपाही के साथ कानपुर के होटल में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए थे। तब उन्हें निलंबित किया गया था और मामले में विभागीय जांच शुरू हुई थी।

उन्नाव जिले के बीघापुर सर्किल के सीओ पद पर तैनाती के दौरान कनौजिया ने घर जाने के लिए पुलिस अधीक्षक से अवकाश लिया था। शाम करीब चार बजे वह वहां से कानपुर के लिए निकले थे। उनके साथ एक महिला सिपाही भी थी। दोनों माल रोड स्थित एक होटल पहुंचे थे और कमरे में ठहरे थे। जब वे देर रात घर नहीं पहुंचे तो उनकी पत्नी ने फोन मिला पर उनके दोनों मोबाइल नंबर बंद थे। इससे वह परेशान हो गई थीं और अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक को फोन किया था। उन्होंने पति की हत्या की आशंका जताते हुए मदद मांगी थी। सीओ कनौजिया के सभी फोन बंद होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पुलिस अधीक्षक ने आनन-फानन सर्विलांस टीम को सक्रिय किया तो पता चला कि उनकी अंतिम लोकेशन मालरोड के एक होटल की थी। फोन उसी होटल में बंद हुआ था। रात लगभग 12 बजे उन्नाव पुलिस होटल जब पहुंची तो पता चला कि सीओ किसी महिला सिपाही के साथ कमरे में ठहरे हुए हैं। पूछताछ के बाद पुलिसकर्मी वहां से लौट गए थे। पुलिस ने जांच में पाया था कि सीओ और महिला सिपाही ने कमरा बुक करने के लिए बकायदा अपने- अपने पहचान पत्र भी दिए थे। दोनों हम उम्र लग रहे थे इसलिए होटल स्टॉफ को भी किसी तरह का शक नहीं हुआ था। जांच के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीओ से मुलाकात की थी। किसी तरह की अनहोनी न होने की वजह से पुलिसकर्मी वहां से चले गए थे और पूरी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को दे दी थी।

हाजी वसी की संपत्तियां होंगी जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। तीन जून को नई सड़क पर हुई हिंसा के मास्टरमाइंड और फंडिंग करने के आरोपी हाजी वसी की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। गैंगस्टर की कार्रवाई होने के बाद अब पुलिस ने वसी और उसके गैंग के सदस्यों की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने नगर निगम को पत्र भेजकर हाजी वसी समेत चार गुर्गे के द्वारा अर्जित संपत्तियों का पूरा ब्योरा मांगा है। ताकि, जब्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

नई सड़क हिंसा में हाजी वसी समेत कई लोगों के खिलाफ बेकनगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनको जेल भेजा था। इसके साथ ही हाजी वसी की बेकनगंज थाने में हिस्ट्रीशीट भी खोली गई थी। पुलिस ने आरोपियों की कमर तोड़ने के लिये भन्नानापुरवा निवासी हाजी मो. वसी व मुख्तार अहमद उर्फ बाबा निवासी कंघीमौहाल, अकील

- बजरिया पुलिस ने नगर निगम से मांगी जानकारी, 3 जून हिंसा का मास्टर माइंड है वसी

खिचड़ी निवासी गम्मू खाँ का हाता और शफीक निवासी गंगाघाट के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी।

पुलिस ने गैंग का लीडर हाजी वसी को बनाया था। गैंगस्टर एक्ट की विवेचना बेकनगंज थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह कर रहे हैं। पुलिस गैंग के सदस्यों की सम्पत्तियों की कुंडली खंगालने में जुट गई है, जिन्हें गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त किया जाना है। पुलिस ने इस मामले में नगर निगम को पत्र भेजकर भवनों का विवरण मांगा हैं। बता दें कि इससे पहले 17 मार्च को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर पुलिस ने 14 मुकदमों में नामजद हाजी वसी की हिस्ट्रीशीट खोली थी।

यह था पूरा मामला

बेकनगंज थाना क्षेत्र स्थित यतीमखाना, नई सड़क में तीन जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद भाजपा नेता नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद हिंसा भड़क गई थी। हिंसा को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था। हिंसा के दौरान जमकर पत्थरबाजी, फायरिंग और पेट्रोल बम चलाए गए थे। नमाज के बाद भीड़ ने चंद्रेश्वर हाते पर हमला बोल दिया था। पुलिस की जांच में सामने आया था कि हिंसा के भीड़ जुटाने के लिए बिल्डर हाजी वसी ने पैसों की फंडिंग की थी। पुलिस ने हाजी वसी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ समय पूर्व हाजी वसी जमानत पर छूट कर जेल से बाहर आया है।

विवादित शत्रु संपत्तियों को खरीदते थे

मुख्तार बाबा और बिल्डर हाजी वसी विवादित जमीनों को खरीदने-बेचने का काम करते थे। हाजी वसी और मुख्तार बाबा विवादित जमीनों और शत्रु संपत्तियों को खरीदते थे। इसके बाद उन जमीनों को डीटू गैंग के सदस्य अकील खिचड़ी और शरीफ जैसे बदमाशों को जमीन खाली कराने के लिए लगाया जाता था। चंद्रेश्वर हाता भी इसी की भेंट चढ़ने वाला था, लेकिन नई सड़क हिंसा ने राज खोलकर रख दिया।

मौसम सुधरा पर बिगड़ी रही बिजली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में हल्की बारिश होने से मौसम में बदलाव होने से लोड विद्युत घटा है, लेकिन केस्को की बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। शनिवार को बिजली गुल होने पर लोग केस्को के हेल्पलाइन नंबर और संबंधित सबस्टेशनों के नंबर पर कॉल करते रहे पर समाधान नहीं हो पाया।

शहर में शुक्रवार रात कल्यानपुर शिवली रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, जूही लाल कॉलोनी, पनकी, किदवई नगर, बारादेवी समेत एक दर्जन क्षेत्रों में बिजली संकट रहा। शनिवार को विकास नगर, गायत्री नगर, इंद्रा नगर, बर्रा चार व छह गुंजन विहार, विष्णुपुरी समेत 20 से अधिक क्षेत्रों में बिजली संकट रहा। इसके अलावा काकादेव, बर्रा विश्व बैंक, नवीन नगर, फजलगंज, सर्वोदय नगरसमेत आदि क्षेत्रों में ट्रिपिंग की समस्या रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक केडीए कॉलोनी, मक्का मस्जिद, डिफेंस कॉलोनी, मंडी परिषद के एसजे स्कूलके आसपास का क्षेत्र, सर्वोदय नगर, पनकी स्टेशन रतनपुर ई, डी, एम,आई, जी ब्लाक, न्यू आजाद नगर एबीआई गली, गुलमोहर अपार्टमेंट के पीछे व आसपास के क्षेत्र में मरम्मत कार्य की वजह से सुबह आठ बजे से 12 बजे तक बिजली नहीं रही।

यहां आज रहेगा बिजली संकट

केस्को मीडिया प्रभारी के मुताबिक टेलीफोन एक्सचेंज के भैरम गांव, मंडी परिषद के एसजे विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के आसपास क्षेत्र, भैरमपुर गांव, निहूरा गांव व बिठूर के पांच हजार घरों में बिजली संकट रहेगा। इन क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। इसके अलावा ग्रीन पार्क चौराहे व उसके आसपास के क्षेत्र में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

अब डफरिन अस्पताल में होगी थायराइड व एचसीवी की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जांच के लिए नहीं जाना होगा उर्सला अस्पताल या निजी पैथोलॉजी
- सैंपल डफरिन में लेकर उर्सला अस्पताल की पैथोलॉजी भेजा जाएगा

अमृत विचार। महिला जिला अस्पताल यानी डफरिन में अभी तक थायराइड और एचसीवी जांच की सुविधा नहीं थी, जबकि यह दोनों जांचें गर्भवती के लिए काफी महत्वपूर्ण होती है। उनको इन जांचों के लिए उर्सला अस्पताल या निजी पैथोलॉजी भेजा जाता था, ऐसे में कभी-कभी जब मरीज गंभीर अवस्था में स्ट्रेचर पर होता था, तो उसे काफी दिक्कत होती थी। अब इस समस्या का समाधान हो गया है। डफरिन अस्पताल में ही इन दोनों महत्वपूर्ण जांचों के लिए सैंपल लिया जाएगा।

बड़ा चौराहा स्थित डफरिन अस्पताल में शहर के साथ आसपास के जिलों से भी महिलाएं इलाज के लिए आती हैं। ओपीडी में प्रतिदिन तीन से चार सौ महिलाएं पहुंचतीं हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएं गर्भवती होती हैं। प्रतिदिन 15 से 20 गर्भवतियों को यहां पर भर्ती किया जाता है। अस्पताल में अभी महिलाओं की सीबीसी, एलएफटी, केएफटी, बिलुरुबीन, एसजीओटी, एसजीपीटी, यूरिक एसिड, सीआरपी आदि की जांचें ही होती है, जबकि एक गर्भवती के लिए थायराइड और एचसीवी की जांच काफी महत्वपूर्ण होती है, इसकी सुविधा डफरिन अस्पताल में नहीं थी। गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार महिलाओं को जांच के लिए उर्सला अस्पताल ले जाना पड़ता था। अक्सर निजी एंबुलेंस से निजी अस्पताल या पैथोलॉजी में जांच कराने भेजा जाता था। अब महिलाओं की थायराइड और एचसीवी की जांच डफरिन अस्पताल में ही होगी। इस संबंध में डफरिन अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सीमा श्रीवास्तव ने उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल से वार्ता की है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि पहले की तरह अब महिलाओं या गर्भवतियों को जांच कराने उर्सला अस्पताल की पैथोलॉजी में नहीं जाना होगा। उनका सैंपल डफरिन अस्पताल में ही निकाला जाएगा। फिर सैंपल को अस्पताल प्रशासन उर्सला अस्पताल की पैथोलॉजी भेजेगा। जननी सुरक्षा योजना के तहत यह जांचें निःशुल्क होंगी।

बीज भंडारों में आया धान उर्द और मूंग का बीज

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- 50 प्रतिशत अनुदान का भुगतान कर किसान प्राप्त करें बीज

अमृत विचार। खरीफ वर्ष 2024 में जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर धान, उर्द व मूंग बीज पीओएस मशीन से वितरण के लिए उपलब्ध है। किसान बीज भंडार पहुंच कर पीओएस मशीन में अगूंठा लगाने के बाद धान बीज की दस वर्ष से अधिक की प्रजाति पर 13 रुपये प्रति किलाग्राम दस वर्ष से कम की प्रजाति पर 26 रुपये प्रति किलोग्राम या 50 प्रतिशत अनुदान का भुगतान कर बीज ले सकते हैं।

उप कृषि निदेशक रामबचन राम ने बताया कि प्रमाणित बीजों पर पीओएस मशीन से अंगूठा लगाकर अनुदान की धनराशि घटाते हुए कृषक अंश प्राप्त कर बीजों का वितरण किया जाएगा। इस खरीफ वर्ष में धान का 814 क्विंटल लक्ष्य है। जिसमें धान क्रांति आधारीय-163.80 क्विंटल, धान पंत 24 आधारीय 255.75 क्विंटल, धान पंत 24 प्रमाणित 23.85 क्विंटल, धान एनटीयू आधारीय 39.90 क्विंटल, धान पूसा बासमती-1718 109.92 क्विंटल, धान पूसा बासमती-1692 70.32 क्विंटल जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उर्द 20 क्विंटल व मूंग 11 क्विंटल बीज वितरण के लिए है। उर्द में 55.75 रुपये व मूंग में 54.03 रुपये या 50 प्रतिशत में जो भी कम हो, अनुदान का भुगतान कर बीज प्राप्त किया जा सकता है।

कीचड़ से निकल रहे गंगदासपुर के लोग

संवाददाता सिकंदरा

अमृत विचार। गंगदासपुर गांव में गंदे पानी के भराव व बदबूदार कीचड़ से गांव में मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों को बीमारी फैलने का भी डर सता रहा है। सफाई कर्मचारी के न होने के चलते सफाई व्यवस्था औंधे मुंह पड़ी है। ऐसे में लोगों को कीचड़ से आवागमन करना पड़ता है।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के की ग्राम पंचायत रायपुर के मजरा गंगदासपुर निवासी राम अवतार, गंगादास, बेटा लाल, मुकुट सिंह आदि ने बताया कि गांव में इस कदर जलभराव और कीचड़ है कि ग्रामीणों को मुंह पर कपड़ा रखकर आवागमन करना पड़ता है। गंदा पानी बीमारियों को दावत दे रहा है। काफी अरसे से ग्रामीण कीचड़ में घुसकर आने-जाने को मजबूर हैं। कई बार तो साइकिल-दुपहिया सवार व स्कूली बच्चे कीचड़ में गिरकर चुटहिल तक हो चुके हैं ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के बावत कई बार ग्राम प्रधान और सचिव को जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक न कोई सफाई कर्मचारी आया और न ही जलभराव की समस्या से निजात मिल सकी। जिससे जलभराव व कीचड़ के साथ ही हर गली-मोहल्ले में कूड़े व गंदगी के ढेर सार्वजनिक तौर पर देखते जा सकते हैं। जिससे समस्या बनी हुई है। इस संबंध में संदलपुर के खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि सचिव से बात करके कीचड़ व जलभराव की सफाई कराई जाएगी।

गंगदासपुर की गली में कीचड़ व जलभराव के बीच से निकलते बच्चे। अमृत विचार

- गांव में मच्छरों का प्रकोप, लोग संक्रामक बीमारियां फैलने की जता रहे आशंका

रास्ते से निकलने को लेकर युवती को पीटा, केस दर्ज

मंगलपुर। मुड़ेरा किन्नर सिंह गांव में रास्ते से निकलने पर दबंगों ने एक युवती को ईंट पत्थरों से हमला कर मरणासन्न कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के मुड़ेरा किन्नर सिंह गांव निवासी शीलू देवी ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर के पास से निकलने के लिए आम रास्ता है। जिससे निकलने के लिए गांव के ही बलवंत सिंह मना करते हैं। बीती 20 जून को शाम को निकलने को लेकर बलवंत सिंह, उसकी पत्नी मनीषा, बेटे ऋषि व रामू ने गालीगलौज की। मना किया तो उक्त लोगों ने ईंट पत्थर चलाने शुरू कर दिए। बचाने के लिए जब मां राम बेटी, बहन राजा देवी व नीलम आईं तो उक्त लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की।

सार-संक्षेप

44.25 लाख रुपये के खोए 203 मोबाइल बरामद

कानपुर देहात। सर्विलांस टीम ने लोगों के 203 खोए हुए मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत करीब 44 लाख 28 हजार रुपये है। उन्हें बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किए हैं। एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के मार्गदर्शन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद में लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। जिसके क्रम में स्पेशल टीम प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह व सर्विलांस सेल टीम ने देश के विभिन्न राज्यों व जनपदों से खोए हुए मोबाइल फोन बरामदगी के लिए सर्विलांस पर लगाया था। कड़ी मशक्कत के बाद करीब 44 लाख 28 हजार रुपये कीमत के 203 मोबाइल बरामद कर लिए गए। शनिवार को एसपी ने बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। जिसे पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने पुलिस के प्रयास की सराहना की है।

महिला को मोबाइल देते एसपी।

वाहन की टक्कर से मोर की मौत

रूरा। थाना क्षेत्र के बनीपारा गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। गांव के देवेंद्र अग्निहोत्री व गोल्डी ने बताया कि शनिवार सुबह किसी वाहन के नीचे आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई है। सुबह खेत से गांव की ओर आ रहे थे तो उन्हें मृत अवस्था में मोर पड़ा मिला। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे वन कर्मी अरविंद सिंह मोर का शव पशु चिकित्सालय ले गए। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया गया।

मृत मोर को देखते वन कर्मी।

शाहजहांपुर के आरोग्य मंदिर में ताला, भटकते रहे मरीज

राजपुर। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में शनिवार को लगने वाला मेला महज नाम भी के लिए रह गया है। कई आरोग्य मंदिर बंद रहने से मरीज भटकने को मजबूर रहे। अमरौधा ब्लॉक के शाहजहांपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर शनिवार की दोपहर करीब सवा बारह बजे बंद मिला। यहां तैनात सीएचसओ दीक्षा सचान सेंटर में नहीं थी। केंद्र खुलने के इंतजार में बाहर खड़े शाहजहांपुर के हर्षित ने बताया कि पेट दर्द की समस्या पर वह सेंटर में इलाज कराने आए थे। दोपहर तक सीएचओ के न पहुंचने मरीज वापस लौट गए। केंद्रों पर ताला पड़ा होने से मरीजों को जांच और दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। शाहजहांपुर आरोग्य मंदिर में तालाबंदी के बाबत अमरौधा पीएचसी प्रभारी डॉ. अमित निरंजन ने बताया कि शनिवार को सभी आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन होता है।

भगवान शिव की बारात में मगन होकर नाचते रहे भूत-प्रेत

मूसानगर। क्षेत्र के क्योंटरा बांगर गांव स्थित श्रीशंकर जी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा एवं रुद्र महायज्ञ में चौथे दिन शनिवार को बाल व्यास दीपेंद्र शास्त्री ने सृष्टि की उत्पत्ति, वाराह अवतार व भगवान भोलेनाथ के विवाह समेत अन्य कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था। शिव पुराण की वह कथा है, जिसमें शिवजी के विवाह की कथा का वर्णन किया गया है। महाशिवरात्रि पर शिव विवाह की कथा को सुनना और पढ़ना बड़ा ही पुण्यदायी होता है। शिवजी जब बारात लेकर चलने लगे तो भूत-प्रेत सब नाच रहे थे। भगवान शिव स्वयं नंदी पर विराजमान थे और गले में सर्पों की माला धारण किए हुए थे। साथ में भगवान विष्णु और ब्रह्माजी भी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। वहीं सुबह से रूद्र महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित अनूप शास्त्री ने यज्ञ में आहुतियां डलवाईं।

आदेश परिषदीय विद्यालयों में 12 रजिस्टरों का भी होगा डिजिटलाइजेशन

15 से शिक्षकों की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

कार्यालय संवाददाता कानपुर

अमृत विचार। जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति और पढ़ाई के लिए बेहतर योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इसी क्रम में परिषदीय स्कूलों में अब प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को टैबलेट से लैस किया गया है। इनके जरिए शिक्षकों को 15 जुलाई से लाइव लोकेशन से सेल्फी वाली उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

इस बावत महानिदेशक कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों व कार्मिकों की उपस्थिति के साथ प्रयोग में लाए जा रहे कई रजिस्टर डिजिटल रूप में प्रयोग किए जाएंगे। नई व्यवस्था में शिक्षकों को दिन में दो बार उपस्थिति दर्ज करनी होगी। स्कूल खुलने व स्कूल बंद होने पर, इसमें समय सीमा भी निर्धारित की गई है। ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होने पर शिक्षकों की लेटलतीफी पर अंकुश लगेगा। शिक्षण गुणवत्ता बेहतर होगी। इसके साथ ही जिले के परिषदीय विद्यालयों में 12 रजिस्टरों का डिजिटाइजेशन किया जाना है। इससे शिक्षकों को जल्द ही रजिस्टरों से मुक्ति मिल जाएगी। रजिस्टरों के रखरखाव के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए गए हैं। आदेश के बाद से विद्यालयों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

वर्तमान में विद्यालयों में प्रयुक्त की जा रही भौतिक पंजिकाओं के अनुरूप ही रजिस्टरों का डिजिटल प्रारूप तैयार किया जाना है। 12 रजिस्टरों के डिजिटल प्रारूप का जनपद के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रयोग सुनिश्चित किया जाना है। जिसमें उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीएम पंजिका, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, स्टॉफ पंजिका, आय-व्यय एवं इश्यू पंजिका, बैठक पंजिका, निरीक्षण पंजिका, पत्र व्यवहार पंजिका, बाल गणना पंजिका, पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका शामिल हैं। बीईओ डिजिटल रजिस्टर्स के बारे में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को जानकारी देंगे। शिक्षा विभाग ने स्कूल स्तर पर होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए यह निर्णय लिया है।

निर्माणाधीन भवन से गिर कर राजमिस्त्री की मौत

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। अफसरिया की मडैय्यां गांव में शुक्रवार को निर्माणाधीन भवन की तीसरी मंजिल से गिरकर घायल हुए राजमिस्त्री की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में मातम छा गया।

आरिफ।

अफसरिया गांव निवासी राजमिस्त्री आरिफ (25) राजमिस्त्री का कार्य करता था। शुक्रवार को आरिफ अफसरिया की मडैय्यां गांव में प्रधान मुकेश कुमार के निर्माणाधीन भवन की तीसरी मंजिल में प्लास्टर कर रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह तीसरी मंजिल से आरिफ जमीन में गिर गया। भवन स्वामी आनन-फानन में उसे राजपुर पीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। परिजनों ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार को इलाज के दौरान आरिफ की मौत हो गई। मृतक के पिता पीर मोहम्मद ने बताया कि आरिफ अविवाहित था और उसकी कमाई से परिवार का गुजारा होता था। अब मुसीबत आ गई है।

राहत : सफीपुर में 4.50 करोड़ रुपये से कराए जाएंगे विकास

विकासखंड सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्ताव हुए पास

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। विकास खंड सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने 4.50 करोड़ की कार्य योजना के प्रस्ताव दिए। मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने विकास कार्यों में बजट की कमी आड़े न आने देने की बात कही।

ब्लॉक के फतेहबहादुर सिंह सभागार में शनिवार को बीडीसी व ग्राम प्रधानों के साथ क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 78 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सापेक्ष 57 और 72 ग्राम प्रधान के सापेक्ष 48 प्रधान ही शामिल हुए। क्षेत्र पंचायत बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख निर्मला रावत ने की। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने क्षेत्र पंचायत निधि से विकास कराने की बात कहते हुए, कहा कि विकास कार्यों में बजट की कमी रोड़ा नहीं बनेगा। बैठक में इंटरलॉकिंग, सीसी मार्ग, नाली व खड़ंजा, सोलर लाइट, तालाब जीर्णोद्धार आदि के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने 4.50 करोड़ के प्रस्ताव दिए। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने गावों में साफ सफाई न होने का मुद्दा उठाया। खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि 4.50 करोड़ के प्रस्ताव विकास कार्यों के लिए प्राप्त हुए है। एसडीओ पंचायत छोटे लाल ने बैठक में पूर्व में हुए कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारियों व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, प्रधानपति अनूप सिंह चंदेल, अभिज्ञान तिवारी, प्रमोद सिंह, दिनेश यादव, शैलेश यादव, विनोद मिश्रा, सुधीर कुमार, हुकुम चंद्र, राधाकृष्णन, मुशर्रत अली नुफफी, विनीत तिवारी, प्रशांत बीडीसी बबली, रमेश व रेखा आदि रहे।

सफीपुर क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते अधिकारी।

महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति व बेटे पहुंचे

सफीपुर। बैठक में महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पतियों व बेटों ने उपस्थिति दर्ज कराकर महिला अधिकारों पर सवाल खड़ा किया। चर्चा रही कि असली प्रतिनिधि के बिना क्षेत्र पंचायत की बैठक अफसरों ने कैसे होने दी। कई प्रधानों में इस बात की चर्चा रही कि बैठक में जिला स्तरीय अफसरों ने भाग नहीं लिया व स्थानीय अधिकारी के न होने से ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने वाला भी कोई नहीं रहा। दबी जुबान कुछ सदस्यों ने कहा कि बैठक में महज खानापूर्ति हुई है। सभागार के बाहर सदस्यों ने अपने क्षेत्र में नाली व खड़ंजा जैसे कार्य न होने का दुखड़ा रोया।

बीज व भूमि शोधन से खेती होगी लाभकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- टीकाकरण की तरह काम करता है शोधन कार्य

अमृत विचार। किसान भाइयों खरीफ फसल की बुआई करने से पहले बीज शोधन कराना उत्पादन बढ़ाएगा। इसलिए लाभकारी खेती करने के लिए शोधित बीज की ही बुआई करनी चाहिए। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया कि इससे फसल विभिन्न रोगों से मुक्त रहती है।

उन्होंने बताया कि बीज शोधन टीकाकरण की तरह काम करता है। टीकाकरण नवजात शिशुओं को तमाम बीमारियों से सुरक्षित करता है। इसी तरह बुआई में शोधित बीज प्रयोग किए जाने से फसल को बीज जनित रोगों से ग्रसित होने की आशंका समाप्त होती है। बीज शोधन कम लागत में बेहतर फसल उत्पादन के माध्यम से लाभ बढ़ा देता है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक बीज शोधन के लिए कार्बेंडाजिम 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी दो ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से, थीरम 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज या ट्राइकोडर्मा दो प्रतिशत डब्ल्यूपी चार ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से शोधित करने में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इसी तरह भूमि शोधन को ट्राइकोडर्मा दो प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग किया जाना चाहिए। बताया कि भूमि शोधन द्वारा फसल को सड़न रोग व उकठा रोग आदि का बचाया जा सकता है। इसके लिए ट्राइकोडर्मा दो प्रतिशत डब्ल्यूपी 2.5 किलोग्राम मात्रा 60-70 किलोग्राम गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर एक सप्ताह तक छाया में रखकर प्रतिदिन हाथो से मिलाते रहना चाहिए। साथ ही आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव करते हुए अंतिम जुताई के समय छिड़काव कर खेत में पाटा चलवा देना चाहिए। विभागीय अधिकारी के मुताबिक फसल में कीट व रोग की आशंका होते ही ब्लाक स्तर पर तकनीकी अफसरों से संपर्क कर राहत के उपायों को जानना चाहिए।

एक नजर

युवती ने युवक के खिलाफ दी छेड़छाड़ की तहरीर

हसनगंज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव निवासी एक युवक उससे आए दिन छेड़खानी करता है। कई बार परिजनों ने लोकलाज के डर से शिकायत करने से मना कर दिया। इसके बावजूद शुक्रवार को फिर वह युवक उसे रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने लगा। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि युवती ने तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा

बांगरमऊ। कोतवाली में तैनात दरोगा विनोद कुमार हमराही धर्मराज सरोज व अंकित सिंह के साथ शनिवार को गश्त पर थे। तभी उन्होंने नगर के बाईपास मार्ग स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर संपर्क मार्ग मोड़ पर संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

बच्चों के विवाद में भिड़े बड़े, कई घायल

पुरवा। असोहा थानाक्षेत्र के गांव भाऊमऊ निवासी आशीष का गांव निवासी कमल से शुक्रवार को बच्चों को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद दोनों पक्ष में सुलह हो गई थी। शनिवार सुबह आशीष व कमल में फिर गालीगलौज होने लगी। जिस पर कमल के परिजन लाठी-डंडे निकाल लाए और आशीष को पीटने लगे। शोर सुन बचाने दौड़े पिता तेज नारायण, पत्नी अर्पणा व आरती को भी जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी लाई। जहां आशीष व तेजनारायण की हालत गंभीर देख डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज चल रहा है। एसओ राम अवतार ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद, लगे जयकारे

पूजन-अर्चन करतीं चेयरमैन व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार पर शहर में जगह-जगह भंडारा व शर्बत वितरण किया जाता रहा। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मिश्र भानू के साथ मिलकर झंडेश्वर मंदिर के बगल में पूजा-अर्चना करते हुए भंडारा की शुरुआत की। इस तरह कचौड़ी गली सहित अन्य स्थानों पर भी भंडारा का प्रसाद बांटा जाता रहा।

ज्येष्ठ के सभी बड़े मंगल सहित अन्य दिनों पर आस्थावान लोग बाबा बजरंगबली के प्रसाद के तौर पर भंडारा व शर्बत वितरण कराते रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने झंडेश्वर मंदिर के पास परंपरागत ढंग से भंडारा आयोजित कराया। उन्होंने पालिकाध्यक्ष के साथ संकट मोचन हनुमान के चित्र की पूजा-अर्चना करते हुए करीब 12 बजे से भंडारा शुरू कराया।

भंडारा में प्रसाद के तौर पर छोला-पूड़ी व पुलाव सहित शीतल पेय बांटा जाता रहा। इसी तरह कृष्णानगर में पंजाब धर्मकांटा के सामने आयोजित भंडारा में भी प्रसाद ग्रहण करने वालों की भारी भीड़ रही। इसके अलावा कचौड़ी गली, आवास विकास कालोनी, सिविल लाइंस, गांधीनगर, टैंपो स्टैंड व इंदिरानगर इलाकों में भी भंडारा व शर्बत वितरण किया जाता रहा।

श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर किया दान

परियर। ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर शनिवार को ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने स्थानीय गंगातट पर स्नान के बाद पूजा अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। वहीं, रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जलाभिषेक कर मंगल कामना की। स्थानीय ब्रह्मावर्त गंगातट पर श्रद्धालुओं के जत्थे शुक्रवार शाम से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। रात में कीर्तन भजन के बाद सुबह ब्रम्हमुहूर्त में गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और वहां मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेश्वर मंदिर व जानकी कुण्ड आश्रम स्थित मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की।

- चेयरमैन प्रतिनिधि ने झंडेश्वर मंदिर में दोपहर से शाम तक कराया भंडारा

लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक व महिला की मौत

उन्नाव। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत बम्हना गांव निवासी हरीओम (19) पुत्र सीताराम गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मरहला चौराहा के पास स्थित मिठाई की दुकान में काम करता था। शुक्रवार देरशाम वह माखी गांव के मोहल्ला मझखोरिया निवासी अपनी बहन पूनम की सास नंदनी (44) को छोड़ने जा रहा था। तभी माखी थानाक्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर डीहा गांव के पास सामने से आए लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, पीछे बैठी नंदनी उछलकर दूर सड़क किनारे गिर गई थी। पुलिस ने परिजनों को हादसे की खबर देकर शव मोर्चरी में रखवाया था। वहीं जब परिजन पहुंचे तो उन्होंने बाइक में बैठी नंदनी की तलाश की तो उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला।

नवीन मंडी के गेट पर फैला है अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नवीन मंडी के मुख्य गेट के बाहर एक दुकानदार ने स्थानीय सुपर मार्केट के सामने अतिक्रमण कर अवैध रूप से कारोबार करने का आरोप लगा सभापति व सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायत पत्र दिया है। इसमें मंडी को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

शहर स्थित नवीन मंडी गेट पर नृपेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण ने मंडी के मुख्य गेट के सामने एक युवक पर अतिक्रमण कर अवैध कारोबार करने का आरोप लगा सभापति व सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायतीपत्र देकर बताया कि मंडी के मुख्य गेट पर अमर नाम के युवक ने गेट के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण कर रखा है। साथ ही वह अवैध रूप से गांजा बेचने का भी काम करता हैं। उसके द्वारा कचरे में लगाई गई आग से कुछ दिन पहले एक कार जल गई थी। दुकानदार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर उससे कई बार कहा गया। लेकिन उसने कोई सुनवाई नहीं की। आरोप यह भी है कि वह मंडी परिसर में लगे नल की टोटियां तोडकर रबड़ से अवैध तरीके से पानी का प्रयोग करता है। साथ ही विद्युत के लाइन में कटिया डालकर चोरी भी करता है।

नवीन मंडी गेट पर किया गया अतिक्रमण। अमृत विचार

जहरीले कीड़े के काटने से गई किसान की जान

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। खेत की रखवाली कर रहे किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी औरास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख रेफर कर दिया। किसान की रास्ते में मौत हो गई।

कल्लू।

औरास थाना क्षेत्र के गांव दुर्गा गढ़ी के मजरा हिम्मत खेड़ा निवासी कल्लू (68) पुत्र पोहकर गांव किनारे खेत में मड़ैया डालकर रखवाली कर रहा था। शुक्रवार शाम सात बजे मड़ैया में रखी चारपाई बाहर डालने के लिये वह मड़ैया में गया। तभी वहां बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसकी हालत देख परिजन उसे एम्बुलेंस से सीएचसी औरास ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से देररात परिजन उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

शनिवार सुबह बेटे ज्ञान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेज दिया।

अमृत स्टेशन योजना

जेसीबी से नींव खोदने के दौरान निकाली गई मिट्टी के लगे ढेर से परेशान हो रहे हैं यात्री

उन्नाव स्टेशन के विकास का कार्य शुरू, बढ़ेंगी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। रेल अफसरों ने आखिरकार अमृत स्टेशन का निर्माण शुरू करवा दिया है। शुरू में खाली परिसर में निर्माण कराने के लिए नींव खुदाई शुरू हुई है। जेसीबी से की जा रही खुदाई से निकली मिट्टी का मौके पर ही अंबार लगा है। इससे तेज हवा चलने पर मिट्टी रेल यात्रियों की मुसीबतें बढ़ा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष रेल मंत्रालय ने सांसद साक्षी महाराज से स्वीकृत अमृत स्टेशन का शिलान्यास कराया था। निर्माण कार्य न शुरू होने से 100 साल से अधिक पुराने भवन में जहां रेल कर्मियों को काम करने में कठिनाई होती है। वहीं दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को भी एक से दूसरे प्लेटफार्म तक आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए शिलान्यास के महीनों बाद भी निर्माण न शुरू होने से लोगों में नाराजगी है। अमृत विचार ने अमृत स्टेशन का निर्माण न शुरू होने को लेकर जनभावनाओं को उजागर किया था। स्टेशन परिसर में कुछ पुराने आवासों को ढहाने के बाद रेल अफसरों ने पहले खाली पड़ी जमीन पर निर्माण शुरू किया है। नए भवन निर्माण के लिए नींव की खुदाई शुरू हो गई है। जेसीबी से नींव खुदवाने का कार्य शुरू हो चुका है।

खुदाई से निकल रही मिट्टी मौके पर ही ढेर किए जाने से तेज हवा के साथ आसपास इलाके में फैल रही है। इससे रेल यात्रियों सहित क्षेत्रीय निवासियों को मुश्किलें हो रही हैं। खानपान दुकानदारों ने बताया कि ग्राहक मिट्टी को लेकर आपत्ति जताते रहते हैं। अभियंताओं का कहना है कि योजना के तहत नए भवन का निर्माण कराने के बाद आवश्यकतानुसार पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि युद्ध स्तर पर निर्माण कराते हुए जल्दी से जल्दी अमृत स्टेशन तैयार कर दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन परिसर में भवन निर्माण के लिए की जा रही खुदाई। अमृत विचार

अब सरपट पहुंच सकेंगे हाईवे व रेलवे स्टेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अर्से बाद नगर पालिका परिषद ने जहां लखनऊ-कानपुर रोड को स्टेशन से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शुरू करा दिया है। वहीं वर्षों से गड्ढों में तब्दील भूरीदेवी से लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क भी बनने लगी है। इन मार्गों का निर्माण शुरू होने से हजारों लोगों का आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पालिकाध्यक्ष रहते हुए आईबीपी चौराहा से राष्ट्रीय राजमार्ग तक सड़क निर्माण कराया था। जल निकासी दुरस्त न होने से हाट मिक्स प्लांट से बनी सड़क कुछ वर्षों बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन पूर्व अध्यक्षों ने सड़क निर्माण की जहमत नहीं उठाई। इससे कई वर्षों से भूरीदेवी से हाईवे तक कई जगह वर्ष पर्यंत जलभराव बना रहता था। वहीं गड्ढों में तब्दील मार्ग से गुजरते हुए वाहन चालकों सहित सवारियों को काफी असुविधा होती थी। यह मार्ग न सिर्फ शहर के कुछ मोहल्लों को जोड़ता है, बल्कि बड़ौरा, बक्खाखेड़ा, पड़री व जमुका आदि गांवों के लोगों को भी शहर से जोड़ते हैं। पालिका ने जलभराव को देखते हुए इस बार डामरीकृत के बजाए इंटरलाक रोड बनवाना शुरू किया है। इसी तरह काफी व्यस्त रहने वाला पुराने लखनऊ-कानपुर रोड को स्टेशन से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण भी पालिका ने शुरू करा दिया है। इससे रेल यात्रियों को बस स्टेशन सहित विभिन्न मोहल्लों तक आसान सफर की सुविधा प्राप्त हो जाएगी।

भूरीदेवी से राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर होता निर्माण।

सार-संक्षेप

सत्संग समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

जय गुरुदेव का उद्देश्य अच्छे समाज का हो निर्माण

उन्नाव। मौरावां कस्बा के मोतेश्वर मंदिर में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के भक्तों ने एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किय। समारोह में मौजूद लोगों को उज्जैन से आए बाबा जयगुरुदेव संगत के प्रांत प्रभारी आनंद प्रकाश अवस्थी ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यह संसार दुखों का सागर है। यहां कोई सुखी नहीं है। इस नश्वर संसार से एक दिन सभी को जाना है। हकीकत और सच्चाई तो यह है कि मनुष्य शरीर से ही प्रभु की प्राप्ति होती है। लेकिन इस माया की भूल-भुलैया में प्राणी अपने मालिक अपने वतन को ही भूल गया और 84 लाख योनियों में चक्कर काट रहा है। सतसंग समारोह में शिवकंठ त्रिपाठी, जयशंकर पांडेय, सत्यप्रकाश शुक्ला, जगदीश पटेल, अजय शर्मा, गयालाल, राजे दीक्षित, रघुनाथ, डा. कमलू, गंगासेवक त्रिपाठी, ओम प्रकाश शुक्ला सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

दो वार्डों में उप चुनाव की प्रक्रिया तेज, 9 नामांकन पत्र बिके

हसनगंज उन्नाव। नगर पंचायत मोहान के दो वार्डों के चयनित सभासदों की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिस पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उपचुनाव कराया जा रहा है। शनिवार को तहसील के निर्वाचन कार्यालय में 9 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। बता दें कि नगर पंचायत मोहान के अजमतगढ़ी वार्ड-2 से शांति देवी व कजियाना वार्ड-4 से प्रकाश रावत सभासद थे। जिनकी बीते माह बीमारी के चलते मौत हो गई थी। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दोनों वार्डों में उपचुनाव हो रहा है। शनिवार को 9 नामांकन पत्र बिके। जिसमें वार्ड-2 से बुद्धेश्वरी, केसर जहां, अर्चना गुड़िया व वार्ड-4 से मनोज, सुरेश, विशाल, आजाद व सुनीता ने पर्चे खरीदे। जिसमें 26 तारीख को पर्चा वापसी, 27 को चुनाव चिन्ह वितरण व 8 जुलाई को मतदान के बाद 10 जुलाई को मतगणना होगी।

घर मे घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शुक्रवार रात वह घर अकेली थी। तभी गांव निवासी एक युवक उसके घर में घुस आया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसके शोर मचाने पर युवक ने अपने परिवार के अन्य युवकों को बुलाकर उससे गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से पीट दिया। शोर सुन उसका पिता मौके पर पहुंचा तो युवकों ने पिता को भी पीट दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

रिश्तेदारी में गए युवक के घर में चोरी

पुरवा। कस्बे के मोहल्ला जोतपुर निवासी सहदेव शुक्रवार को रिश्तेदारी में परिवार के साथ गया था। शनिवार सुबह वह लौटा तो कमरे का दरवाजा खुला था। अंदर देखा तो वहां रखा साउंड, पंखा व अन्य सामान गायब था। उसने पड़ोस के दो युवकों पर शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

करंट की चपेट में आई महिला गंभीर

बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला सिद्धार्थ नगर निवासी देवेश की पत्नी सोनम (25) शनिवार सुबह अपने घर में कूलर का तार प्लग में लगा रही थी। तभी वह तेज़ करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

छत से नीचे गिरी महिला,भर्ती

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी विजय पाल की पत्नी सरोजिनी (55) बीती शुक्रवार रात गर्मी के चलते घर की छत पर सो रही थी। शनिवार सुबह वह छत से नीचे उतरने लगी। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आग की चपेट में आने से किशोर झुलसा

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के भदेहरा गांव में शनिवार दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तब तक आग की चपेट में आने से गांव के महेश का 12 वर्षीय बेटा छोटू बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को आग से बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने झुलसे बच्चे को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर आग की चपेट में आने से महेश के घर का सामान जलकर राख हो गया और चार बकरियां जलकर मर गईं। वहीं रोशन, राजाराम व कमलेश के छप्पर भी जलकर स्वाहा हो गए और उनके कई मवेशी आग की चपेट में आने से झुलस गए। आग की सूचना पर पहुंचे लेखपाल आलोक वर्मा ने इसमें हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

चाट के ठेले पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

औरास। थानाक्षेत्र के गागन गांव निवासी राम सिंह पुत्र सजीवन राठौर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह भुरकुंडी चौराहे पर किराये की दुकान लेकर चाट का ठेला लगाता है। शुक्रवार रात दो बजे भुरकुंडी चौराहा निवासी दो युवकों ने उसके तीन ठेलों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब वह पूछने गया तो गालियां देकर और जान से मारने की धमकी देकर उसे भगा दिया। जिस पर पीड़ित ने युवकों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिनी बस ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, मां-बेटे समेत तीन घायल

बांगरमऊ। हरदोई जिला के थाना माधौगंज अंतर्गत गांव इकसैया निवासी दूबरि प्रसाद (70) पुत्र शिवलाल अपनी बहू रिंकी (22) व अपने तीन माह के पौत्र आर्यन के लिए दवा लेने कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद गया था। दवाई लेने के बाद वह शनिवार को बहू व पौत्र के साथ ई-रिक्शा से बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में सुबह 11 बजे लखनऊ मार्ग स्थित गांव सुरसेनी व मऊ के बीच तेज रफ्तार मिनी बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलट गया और बहू व पौत्र सहित दूबरि प्रसाद गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। चिकित्सकों ने दूबरि को गंभीर देख रेफर कर दिया। जबकि बहू व पौत्र का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

बाग में मिला फ्लोर मिल मजदूर का शव

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में संडीला मार्ग के सहदानी गांव के पास एक फ्लोर मिल मजदूर का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। बिहार प्रांत के समस्तीपुर जिला के विधान थानाक्षेत्र के फुहिया गांव निवासी ठेकेदार गुलाब पुत्र अनिल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 15 दिन पहले बिहार के खगड़िया जिला के थाना मुडकाही क्षेत्र के बसौटा गांव निवासी दिलीप (34) पुत्र रामसागर साहू मजदूरी करने आया था। इस पर उसने उसे कोतवाली क्षेत्र के संडीला रोड पर बाला जी फ्लोर मिल में मजदूरी के लिए भेजा था। बताया कि तीन दिन पहले दिलीप बीमार हो गया था। शुक्रवार को साथी मजदूर से दवाई लेने बांगरमऊ जाने की बात बताकर निकला था। लेकिन, वापस नहीं लौटा। शनिवार को उसका शव सहदानी गांव के पास एक बाग में पड़ा मिला।

जाजमऊ पुल पर कंटेनर खराब होने से लगा जाम

शुक्लागंज उन्नाव। लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक कंटेनर शनिवार शाम जाजमऊ पुल पर खराब हो गया। जिस कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने किसी तरह मशक्कत कर जाम हटवाया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। शनिवार शाम करीब छह बजे लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा एक कंटेनर जाजमऊ पुल पर खराब हो गया। चालक ने स्टार्ट करने का प्रयास किया लेकिन कंटेनर चालू नहीं हो सका और बीच पुल पर खड़ा हो गया। जिस कारण पीछे से आ रहे बड़े वाहन आगे नहीं निकल सके और लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची पुलिस ने किसी तरह कंटेनर को क्रेन से किनारे करवाया गया। जिसके बाद वाहन निकलना शुरू हुये। इस दौरान शाम सात बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में तमाम वीआई और लंबी दूरी के बसों के अलावा तमाम वाहन सवार फंसे रहे।

समस्याओं के तत्काल निस्तारण के दिये गए निर्देश

समाधान दिवस : जिलाधिकारी व एसपी ने सुनीं लोगों की समस्यायें,एसपी ने मालखाना का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। समाधान दिवस पर जिले के सभी थाना-कोतवाली में पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने लोगों की फरियाद सुनकर उनके निस्तारण के आदेश दिए। जिलाधिकारी व एसपी ने सदर कोतवाली में फरियादियों की समस्यायों को सुनकर तत्काल निस्तारण के आदेश दिए। वहीं पुरवा तहसील के तीन थानों में समाधान दिवस पर 78 शिकायत पहुंची इनमें आठ का मौके पर निस्तारण कराया गया।

थाना सामाधान दिवस पर डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने सदर कोतवाली में पहुंचे शिकायतकर्ताओं की समस्यायें सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सिटी सोनम सिंह भी मौजूद रहीं। इसके बाद एसपी माखी थाना भी पहुंचे। जहां उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए। एसपी ने कार्यालय, सीसीटीएनएस, मालखाना व थाना परिसर का निरीक्षण कर अभिलेखों की प्रविष्टियों को भी चेक किया।

लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना।

समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एएसपी अखिलेश सिंह। अमृत विचार

78 शिकायती पत्रों में मात्र आठ का हुआ निस्तारण

पुरवा। सर्किल के तीनों थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुबह से भीड़ रही। पुरवा कोतवाली में एसडीएम रणवीर सिंह व एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने लोगों की शिकायते सुनीं। इनमें राजस्व व पुलिस से संबंधित 27 शिकायती पत्रों में तीन का निस्तारण कराया गया। वहीं, मौरावां थाना में तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह व एसओ चंद्र कांत सिंह के सामने 35 फरियाद पहुंची। इनमें सिर्फ एक का मौके पर समाधान हो सका। असोहा थाना में नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय व एसओ राम औतार ने लोगों की फरियाद सुनी। 16 में चार शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों भेज कर निस्तारण के लिए कहा गया।

28 शिकायतों में मात्र तीन का हुआ निस्तारण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- एएसपी और इंस्पेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं
- मामलों का निस्तारण न होने से मायूस होकर लौटे फरियादी

अमृत विचार। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे। जहां उन्होंने फरियादियों की फरियाद सुनी। समाधान दिवस में समस्याओं का अंबार रहा। इसके बावजूद महज तीन समस्याओं का निस्तारण हो सका।

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दोपहर के समय अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह पहुंचे। जहां उन्होंने समस्याएं सुनीं। कुल 28 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 15 मामले राजस्व से संबंधित आये। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर एएसपी ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं पुलिस से संबंधित 13 मामले पहुंचे।

जहां एएसपी ने तीन मामलों को मौके पर ही निस्तारित करा दिया। अन्य मामलों को संबंधित दरोगाओं को निस्तारण के लिये सौंपा है। अधिकांश मामलों का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट गये।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

वरीयता से निपटाई जाएं निर्यातकों व उद्यमियों की समस्याएं : जिलाधिकारी

अमृत विचार। कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति व उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। उद्यमियों की समस्याएं सुनते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि निर्यातकों सहित सभी उद्यमियों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में हीलाहवाली कदापि बर्दास्त नहीं की जा सकती है। इसलिए विभागाध्यक्षों को सतत समीक्षा करते हुए समस्याओं को निस्तारित कराना चाहिए।

डीएम ने सबसे पहले उद्यमियों को समस्याओं से अवगत कराने को कहा। इस पर किसी ने उद्योग स्थापना के लिए अग्निशमन संबंधी एनओसी प्राप्त होने में अनावश्यक विलंब होने की जानकारी दी। साथ ही उद्योग अवस्थापना के लिए भूमि का कब्जा न प्राप्त होने, भूमि विनियमितीकरण में टालमटोल, औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग जारी रहने, जलनिकासी के समुचित संसाधन न होने, नाला-नालियों में सिल्ट जमा होने, दुर्दशाग्रस्त सड़कों, बंद स्ट्रीट लाइट्स, औद्योगिक भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे किए जाने की समस्याएं बताईं। डीएम ने मौजूद अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। अगली बैठक में उद्यमियों को समस्याओं को दोहराने की जरूरत नहीं रहनी चाहिए। क्रास चेकिंग में लापरवाही व घालमेल पाया जाने पर दोषी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक भूमि पर अराजक कब्जेदारी को बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए। सीओ सिटी सोनम सिंह को संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल ट्रिपिंग बंद कराने को कहा। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, उपायुक्त उद्योग सुरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता शारदा नहर शैलेश कुमार सिंह, रियाजुद्दीन आदि मौजूद रहे।

एनएच पर यूटर्न की सुविधा का दिया भरोसा

बंथर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को डीएम ने एनएचएआई के माध्यम से जल्द से जल्द लखनऊ-कानपुर हाईवे पर यूटर्न के लिए कट उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उद्यमियों ने कहा कि यूटर्न सुविधा न होने से अनाधिकृत रूप से इधर से उधर वाहन गुजारने वाले दुर्घटना का शिकार होते हैं, जिससे इकाईयों से आवागमन करते समय उद्यमियों को अनावश्यक समय नष्ट करने को मजबूर होना पड़ता है।

प्रदूषण से निपटने को पौधरोपण में मांगा सहयोग

डीएम ने औद्योगिक क्षेत्रों को स्वच्छ व सुंदर बनाने की सलाह देते हुए इस संदर्भ में शहर को आकर्षक बनाने में सहयोग दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि घरों की तरह ही अपना औद्योगिक क्षेत्र और शहर भी आकर्षक होना चाहिए। इसके लिए सबसे अधिक जरूरी हरियाली हो सकती है। इसलिए सभी को इकाइयों सहित आसपास इलाके में शुरू होने वाले पौधरोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगवाने चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र के साथ निकटवर्ती शहर को भी साफ-सुथरा व सुंदर बनाने में उद्यमियों को आगे आना चाहिए। डीएम ने कहा पौधरोपण पर्यावरण प्रदूषण की समस्या समाप्त करने के लिए सबसे कारगर साबित होते हैं।

निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की गई जान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी कंजौरा निवासी एक मजदूर शनिवार दोपहर अंबिकापुरम में निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान तीसरी मंजिल से गिर गया। यह देख साथी मजदूर उसे इलाज के लिये नगर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कानपुर निवासी धीरज सोनी का अंबिकापुरम में एक साल से मकान बन रहा है। जिसमें बनी गांव निवासी राजकुमार रावत का 22 वर्षीय बेटा अनिल रावत भी एक साल से काम कर रहा है। शनिवार दोपहर अनिल तीसरी मंजिल से बांस लेने गया। तभी वह अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा। यह देख साथी मजदूर दौड़े और उसे उठाया। जिसके बाद बेहोशी की हालत में इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

रोते -बिलखते परिजन।

अनिल।

13 जुलाई को होनी थी अनिल की शादी

मृतक अनिल की 13 जुलाई को शादी होनी थी। शादी को लेकर परिजन तैयारियों में जुटे थे। वहीं उसकी मौत होने पर शादियां की खुशियां मातम में बदल गई।

कानपुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी साथी मजदूर लता, रताना, राज मिस्त्री करन ने मृतक के परिजनों को दी। मुआवजे को लेकर हंगामा काटने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा काट रहे लोगों को शांत कराया। जिसके बाद ठेकेदार ने 20-25 हजार रुपये देने की बात कही लेकिन इंकार कर दिया। परिजन और मकान मालिक के बीच थाने में बात चलती रही।

दो पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग घायल

उन्नाव। असोहा थानांतर्गत भूमऊ गांव में शुक्रवार देरशाम पड़ोसी बच्चों में हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनमें मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष के अत्री भारद्वाज आदित्य, कमल पुत्र स्व. दिवाकर, करुणा शंकर पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण, रजोल पुत्र स्व. बिहारी व दूसरे पक्ष से आशीष शर्मा, उसके पिता तेज नारायण शर्मा, अपर्णा शर्मा पत्नी आशीष सहित आरती पत्नी कृपाशंकर शामिल थे। मारपीट के दौरान फायरिंग की भी चर्चा रही। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और दूसरे पक्ष से घायल हुए चार लोगों को सीएचसी लाई। जहां आशीष व उसके पिता को जिला अस्पताल भेजा गया। एसओ राम अवतार ने बताया कि दोनों पक्ष पड़ोसी व रिश्तेदार हैं। किसी ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सुबह गंगा तट पहुंचे और आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया,जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। वहीं पूर्णिमा स्नान होने पर स्टेशन पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।

ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, नबावगंज, पिपरसंड, हरौनी, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई समेत तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई।

गंगा तट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं पूर्णिमा के अवसर पर नगर में जगह जगह शर्बत वितरण व भंडारे का आयोजन कराया गया। इसके अलावा नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे।

एक साथ हुआ तीनों भाइयों का अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दिल्ली से लौटा पिता दो बेटों का शव देखकर हुआ बेहाल

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत मियागंज चौराहा पर शुक्रवार रात दो सगे व एक ममेरे भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। तीनों का गांव के बाहर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। दो बेटों की मौत की खबर पाकर दिल्ली से लौटा पिता बदवास हो गया।

आसीवन क्षेत्र के कस्बा मियागंज के मेवाती टोला निवासी वंशराज के बेटे अभिषेक (20) व अभय (17) मजदूरी करते थे। शुक्रवार शाम दोनों यहीं के रहने वाले अपने 14 वर्षीय ममेरे भाई जय राठौर पुत्र बबलू के साथ मियागंज आम मंडी से एक ही बाइक से लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े 6 बजे बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर मियागंज सीएचसी के सामने दूसरी बाइक से उनकी बाइक टकरा गई थी। इसमें तीनों सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आए ट्रक ने उन्हें रौंद दिया था। इसमें अभिषेक, अभय व जय की मौके पर मौत हो गई थी। इसके बाद गांव के बाहर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं दिवंगत जय के पिता बबलू की तहरीर पर ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दुकान में घुसे डंपर ने वृद्ध व किशोर को रौंदा

फोसंवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-दही मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर रोड किनारे पंचर की दुकान में घुस गया। इसमें दुकान में मौजूद एक वृद्ध व किशोर की मौके पर मौत हो गई। चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला।

सौरभ।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-पुरवा मार्ग पर पावर हाउस के पास इसरार की सड़क किनारे पंचर की दुकान है। इसमें शनिवार रात कोतवाली क्षेत्र के दलीगढ़ी मोहल्ला निवासी निसार (70) देखभाल के लिए रुकता है। शनिवार शाम वह दुकान पर था।

घटना के बाद मौके पर जाम लगाए परिजन। अमृत विचार

वहीं पास में भूपतीपुर गांव निवासी ओमप्रकाश का बेटा सौरभ (15) भी था। सौरभ के पिता ने अभी हाल में पावर हाउस के पास मकान बनवाकर रहने आए थे। वह कक्षा नौ का छात्र था। शनिवार रात आठ बजे उन्नाव से आया एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया और निसार व सौरभ को रौंद दिया। इसमें दोनों की मौके पर मौत हो गई। जब लोग दौड़े तो चालक डंपर लेकर भाग निकला। हादसे की खबर मिलते ही परिजन व सैकड़ों लोग एकत्र हो गए और रूट डायवर्जन के बाद से बढ़ते हादसों से नाराज होकर परिजनों के साथ शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी पटक कर लोगों को हटाया और शवों को मोर्च्युरी भिजवाया।

सरकारी जमीनों पर भी धड़ल्ले से हो रहे कब्जे

हसनगंज उन्नाव। थाना दिवस पर इन्होंने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने भूमि संख्या-1642 में 13 बिसुआ जमीन खरीदी थी। उसकी जमीन पर रवि प्रकाश पुत्र सत्य नारायण निवासी आलम नगर लखनऊ, सरवन यादव पुत्र छोटा गांव बाराती खेड़ा, रामसेवक पुत्र मिश्रीलाल व राजू यादव पुत्र रमेश निवासी जानकी खेड़ा के मजरा बेलगढ़ मलिहाबाद ने दबंगई के बल पर कब्जा कर लिया है। जब वे लोग बीती शुक्रवार रात जमीन पर निर्माण करा रहे थे तो वह उन्हें रोकने गया तो उन लोगों ने उसे बांका, डंडा व तमंचा दिखा जान से मारने के लिए दौड़ पड़े। इससे उसने वहां से भागकर जान बचाई। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है।

सार-संक्षेप

यूपीकैटेट में जिले के देवग्य व अविनाश ने लहराया परचम

उन्नाव। यूपीकैटेट परीक्षा-2024 में जिले के दो युवाओं ने सफलता प्राप्त की है। प्रवेश परीक्षा में पहली रैंक प्राप्त करने वाले वाले देवग्य प्रताप सिंह मैरीन बायलाजिस्ट या कृषि वैज्ञानिक बनना चाहते हैं। वहीं अविनाश सिंह कृषि क्षेत्र में कुछ विशेष करने की इच्छा रखते हैं, जिससे अन्नदाताओं का जीवन स्तर ऊपर उठ सके।चंद्रशेखर कृषि विश्वविद्यालय आजाद नगर कानपुर से बैचलर करने वाले देवग्य के मुताबिक पिता सहित अन्य पुरखे कृषि कार्य करते आ रहे हैं। इसीलिए उन्होंने कृषि संबंधी शिक्षा ग्रहण करने को जीवन का लक्ष्य तय किया। स्नातक स्तर तक शिक्षा ग्रहण करते हुए कृषि से जुड़े अन्य पाठ्यक्रमों की अपेक्षा मत्स्य पालन में रुचि होने से उन्होंने मास्टर डिग्री इसी विषय से करना तय किया है। जिले में मत्स्य पालन में बहुत संभावनाएं न होने के सवाल पर कहा कि वैश्वीकरण के दौर में पूरी दुनिया अपनी है। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश में कृषि को जीविकोपार्जन का माध्यम बनाना कठिन है। बांदा कृषि विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले अविनाश सिंह ने तीसरी रैंक हासिल की है। उन्होंने कहा कि कृषि व्यवसाय की जटिलताओं को कम करने के उद्देश्य से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वह कृषि को अधिक सुविधाजनक व लाभकारी बनाना चाहते हैं, जिससे अन्नदाताओं का जीवन खुशहाल हो सके।

अविनाश सिंह।

देवग्य प्रताप सिंह।

परेशानी | 18 मार्च से अधिवक्ताओं ने कर रखी है अनिश्चित कालीन हड़ताल

4 माह से सिर्फ तारीख पर तारीख

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। करीब चार माह से चल रही अधिवक्ताओं की अनिश्चित कालीन हड़ताल से वादकारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने तहसील की सभी राजस्व कोर्टों में कार्य बहिष्कार कर रखा है। जिससे कोर्टों में विचाराधीन मामले लंबित पड़े हैं।

बार महामंत्री राजीव कुमार।

बता दें कि बीती 18 मार्च को नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी के निजी वाहन चालक से अधिवक्ताओं की झड़प हो गई थी। इसके चलते नायब तहसीलदार ने दो अधिवक्ताओं पर सरकारी काम में बाधा डालने व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। जिसके विरोध में अधिवक्ता संघ ने अनिश्चित काल के लिए तहसील की सभी राजस्व कोर्टों का बहिष्कार कर दिया था। जिसके चलते हजारों वादकारियों को कोर्ट से सिर्फ तारीख ही मिल रही है। अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ताओं पर दर्ज मामला वापस लेने की मांग रखी थी। जिस पर तहसील प्रशासन द्वारा अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। जिससे कोर्टों में विचाराधीन हजारों मामले बिना सुनवाई व पैरवी के लंबित पड़े हैं। इस संबध में बार महामंत्री राजीव सिंह ने बताया कि बात चल रही है। संभवतः मंगलवार तक हड़ताल समाप्त हो जाएगी।

तहसील परिसर में पसरा सन्नाटा।

आंख में मिर्च झोंककर रिक्शा चालक से 12 हजार लूटे

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। अज्ञात लुटेरे ने आम लादने का झांसा देकर रास्ते में ई-रिक्शा चालक की आंख में मिर्च झोंक दिया और चालक की जेब में रखे 12 हजार रुपये छीनकर भाग गया।

कोतवाली अंतर्गत गांव जगत नगर के मजरा लौहान पुरवा निवासी ओमकार (30) पुत्र मुन्नीलाल शनिवार सुबह अपने ई-रिक्शा से गांव व क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को कोचिंग सेंटर छोड़ने बांगरमऊ नगर के स्टेशन रोड आया था। बच्चों को छोड़कर वह वापस घर आ रहा था। तभी नगर में अज्ञात लुटेरे ने आम की पेटियां लादकर लाने का झांसा दिया और ई-रिक्शा कोतवाली क्षेत्र के गांव पंपापुर जा रहा था। रास्ते में सुनसान जगह देख उसने ई-रिक्शा चालक की आंख में मिर्च झोंक दी और उससे 12 हजार रुपये छीनकर भाग गया।

जेवर व नकदी लेकर महिला घर से गायब

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के इस्लाम नगर में रहने वाली एक महिला एक सप्ताह पहले घर से जेवर और नकदी लेकर कहीं चली गई। उसके पति ने खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इस्लाम नगर निवासी मो. शकील ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी पत्नी 15 जून की दोपहर को बिना बताये घर में रखे सोने चांदी के जेवरात और 35 हजार रुपये लेकर चली गई। जब वह घर वापस आया तो बेटे मो. तौहीर, मो. फैज, मो. सैफ ने मां के कहीं चल जाने की बात बतायी। उसने खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। जिस पर उसने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराने को कहा है।

बांगरमऊ की किशोरी को बिहार की किशोरी से हुआ प्यार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- पहले बांगरमऊ की किशोरी बिहार पहुंच गई और वहीं रहने लगी
- पिता की तहरीर पर पुलिस उसे वापस लाई तो बिहार की किशोरी यहां आ धमकी

अमृत विचार। इंस्टाग्राम पर मैसेज व कालिंग के जरिए दो किशोरियों में प्यार ऐसा परवान चढ़ा कि कस्बे की किशोरी भागकर बिहार प्रदेश जा पहुंची। जहां दोनों किशोरियों ने साथ-साथ जीने-मरने की कसमें खाईं। पिता की तहरीर पर पुलिस ने बिहार पहुंचकर कस्बे की किशोरी को बरामद कर लिया और यहां ले आई। किंतु बिहार की किशोरी ने भी पीछा नहीं छोड़ा और वह भी यहां आ पहुंची। अब समलैंगिकता के साथ ही दोनों किशोरियों के नाबालिग होने से पुलिस पशोपेश में फंसी है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी मोबाइल पर इंस्टाग्राम चलाती है। इंस्टाग्राम पर मैसेज व कालिंग के जरिए यहां की किशोरी और बिहार प्रांत के जिला दरभंगा अंतर्गत थाना पतौर के एक गांव की किशोरी के बीच प्यार पनपने लगा। इंस्टाग्राम का यह प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि बीती 12 जनवरी को कस्बे की किशोरी अपने पिता को बताए बिना घर से रफूचक्कर हो गई और जिला दरभंगा निवासी साथी किशोरी के घर जा पहुंची। जहां दोनों किशोरियों ने साथ-साथ जीने-मरने की कसमें खाईं और एक ही घर में रहने लगीं। इधर कस्बे की किशोरी के पिता ने बेटी की नाते-रिश्तेदारों में काफी खोज की। लेकिन, किशोरी का कोई पता नहीं चला। थक-हारकर पिता ने बेटी की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई। कुछ दिनों पूर्व पिता को पता चला कि उसकी बेटी जिला दरभंगा के थाना पतौर स्थित एक गांव में है। पिता की सूचना पर पुलिस थाना पतौर पहुंची और किशोरी को कोतवाली लाई।

खास बात यह है कि बिहार की किशोरी अपनी साथी से जुदाई सहन नहीं कर सकी और वह भी कोतवाली क्षेत्र आ धमकी। अब कोतवाली में दोनों किशोरियां साथ-साथ रहने की जिद पर अड़ी हैं। चूंकि दोनों की उम्र 18 वर्ष से कम है और समलैंगिक विवाह आड़े आ रहा है। ऐसी परिस्थिति में पुलिस किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही है। दोनों किशोरियों के बीच का यह मामला अभी भी पुलिस के गले की फांस बना हुआ है।

योग आत्मबोध का दर्शन



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मन : शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

विज्ञान और दार्शनिक पक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटैशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार, लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है, वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती, क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं, भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने

प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं, मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था, क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं, मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए, लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है, लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है, वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है, जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है, जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है, बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए, आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

सनातन सहिष्णुता

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिघ्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं, पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा।

इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

उत्तराखंड में हादसों की सड़कें

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिंदगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

सीमेंट की बोरियों से भरा लूटा गया ट्रक बरामद, 4 गिरफ्तार, 1 फरार

कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने किया खुलासा

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने सीमेंट की बोरियों से लदे 22 चका ट्रक (ट्रेलर) की लूट की घटना का खुलासा कर दिया। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे घटना में प्रयुक्त कार, मोबाइल और तमंचा-कारतूस बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को यह जानकारी दी।

17 जून को सतना (मप्र) की संग्राम कालोनी निवासी हरिओम गुप्ता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 जून को उसका सीमेंट से लदा ट्रेलर जब नो इंट्री में सोनेपुर के पास खड़ा था, किसी ने चुरा लिया था। एसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान हरिओम और खलासी इंद्रबहादुर के बयान और सीसीटीवी फुटेज से यह तथ्य प्रकाश में आया कि राधे उर्फ फुल्लू पुत्र रामसेवक निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज (कौशांबी), जाकिर पुत्र मो. साकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह

पुलिस की गिरफ्त में चारों आरोपी और बरामद ट्रक। अमृत विचार

नई बाजार भरवारी थाना कोखराज (कौशांबी), प्रसादे पुत्र सूरजपाल निवासी मुहम्मदपुर और अली पुत्र मुन्ना निवासी भरवारी गांधीनगर कोखराज ने कार से वहां पहुंचकर खलासी से मारपीट की और ट्रेलर को माल सहित लेकर कर्वी होते हुए राजापुर रोड की ओर भाग गए। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं एसओजी टीम को खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी। 22 जून की रात मुखबिर की सूचना दी कि वही कार, जिससे लूट करने आरोपी पहुंचे थे, राजापुर से पहाड़ी की ओर आ रही है। इस पर पुलिस ने वहां घेरेबंदी कर कार से राधे उर्फ फुल्लू और जाकिर को पकड़ लिया। राधे से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। आरोपियों ने कड़ाई से पूछतांछ पर बताया कि उन लोगों ने पैसे की लालच में यह वारदात की थी। दोनों ने बताया कि ट्रेलर को मय माल मूरतगंज कस्बे के आगे मेला बाग के मैदान में छिपा दिया था। पुलिस ने वहां जाकर देखा तो तिरपाल से ढका हुआ ट्रेलर मिल गया। वहीं दो आरोपी राधेश्याम पुत्र जीवनलाल सरोज और अंकेश पुत्र सुरेश सरोज मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज (कौशांबी), जो ट्रेलर की चौकीदारी कर रहे थे, को भी पुलिस ने दबोच लिया। नीलू पुत्र तीरथ सरोज निवासी मुहम्मदपुर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

इसलिए लिखवाई थी चोरी की रिपोर्ट

एसपी ने बताया कि जब हरिओम से यह पूछा गया कि लूट की जगह चोरी की रिपोर्ट क्यों दर्ज कराई तो उसने बताया कि उसके वकील ने कहा था कि यदि लूट की रिपोर्ट लिखवाओगे तो बीमा क्लेम मिलने में बहुत समय लगेगा। इसी वजह से उसने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस टीम में ये रहे शामिल

कोतवाली की टीम की अगुवाई उपेंद्र प्रताप सिंह और एसओजी टीम की अगुवाई एमपी त्रिपाठी ने की। टीम में अपराध निरीक्षक लाखन सिंह, एसआई अंशुल कुमार, आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राहुल देव, रोहित सिंह, नीतू द्विवेदी, रोशन सिंह, गोलू भार्गव और राघवेंद्र शामिल रहे।

प्रांशी ने प्रवेश परीक्षा में देश में पाई 676वीं रैंक

सुमेरपुर (हमीरपुर)। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट स्कूलों में दाखिला के लिए अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं की राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा में टेढ़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा प्रांशी अनुरागी ने 676 वीं रैंक हासिल की।

छात्रा को प्रवेश परीक्षा की तैयारी करा रही उच्च प्राथमिक विद्यालय टेढ़ा की शिक्षिका आकांक्षा तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार अनुसूचित

जाति के छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक शिक्षा व्यवस्था देश के सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट सेक्टर के कॉलेज में प्रवेश कराती है। इसके लिए देशभर में कुल 3000 सीटें हैं। बीते 20 जून को परिणाम घोषित किया गया।जिसमें प्रवेश परीक्षा में टेढ़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा प्रांशी ने देश में 676 रैंक प्राप्त करके घर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हसीन फातमा,सहायक अध्यापक रामविलाश साहू,दीप्ति वर्मा,बृजेन्द्र कुमार व आकांक्षा तिवारी सहित ऑनलाइन राज्य सन्दर्भ दाता रामकृष्ण शुक्ल को दिया है।

जब तीर्थक्षेत्र में लक्ष्मण पहाड़ी के रोपवे पर रुक गई केबल कार

मॉक ड्रिल

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। शनिवार को तीर्थक्षेत्र में लक्ष्मण पहाड़ी पर उस समय हड़कंप मच गया जब रोपवे पर एक केबल कार अचानक रुक गई। 90 फीट की ऊंचाई पर कार के अंदर यात्री फंस गए। इस पर लोगों की सूचना पर पहुंची वाराणसी एनडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू किया और सभी को सुरक्षित नीचे उतारा।

दरअसल यह पूरा वाक्या आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम के निर्देशन में किए गए मॉक ड्रिल का था। उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा की अगुवाई में एनडीआरएफ की 11 टीमों की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

झारखंड के देवघर स्थित त्रिकूट रोपवे में पिछले साल के हादसे को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ टीमें यूपी और एमपी के सभी केबल कार (रोपवे) पर बचाव अभियान का पूर्वाभ्यास कर रही हैं। मॉक ड्रिल की कमान संतोष कुमार उप कमांडेंट ने संभाली। इंस्पेक्टर रामयज्ञ शुक्ला व रेस्क्यू टीम के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, विभिन्न हितधारकों एवं रोपवे टीम ने यह अभ्यास किया। पूर्वाभ्यास में एनडीआरएफ की टीम का जिला प्रशासन के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, लक्ष्मण झूला रोपवे के कार्मिक, पुलिस, वन विभाग व फायर डिपार्टमेंट और पर्यटक विभाग के लोगों ने सहयोग किया।

लक्ष्मण पहाड़ी रोपवे पर फंसीं केबल कार। अमृत विचार

इस तरह किया गया पूर्वाभ्यास

लक्ष्मण पहाड़ी पर एक केबल कार में कोई तकनीकी समस्या आ गई और जमीन से लगभग 90 फीट की ऊंचाई पर रोपवे पर यह रुक गई। रोपवे प्रबंधन ने एनडीआरएफ नियंत्रण कक्ष और अन्य संबंधितों को यह जानकारी दी। कुछ ही देर में पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने स्थल पर ऑपरेशन के बेस, कमांड, मेडिकल और संचार पोस्ट की स्थापना की और बचाव अभियान शुरू किया। सभी फंसे हुए यात्रियों को रस्सी व बचाव के अन्य तरीकों से सुरक्षित नीचे उतारा। प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया।

महिला से टप्पेबाजी कर जेवरात ले उड़े कार सवार

संवाददाता बिंदकी

- कार में बैठाकर रास्ते में झांसा देकर ले लिया झुमकी व माला

अमृत विचार। ललौली चौराहे में दिनदहाड़े टप्पेबाजों ने सवारी के रूप में एक महिला को अपनी कार में बैठा लिया और रास्ते में झांसा देकर उसके सोने की झुमकी व माला निकाल लिया और रास्ते में उतार दिया। टप्पेबाजों ने महिला को एक लिफाफे में नकली जेवरात भर कर दे दिए।

ललौली थाना क्षेत्र के अढ़ौली गांव निवासी सरला देवी पत्नी बलवीर कानपुर अस्पताल में भर्ती अपने भाई को देखने गई थी। वापस लौटते समय बिंदकी क्षेत्र के सिखट्टनपुर गांव अपने नंद के घर पहुंची। नंद के घर से वापस अपने गांव जाने के लिए ललौली चौराहे में सवारी के इंतजार में खड़ी थी तभी एक कार सवार आए और महिला को सवारी के रूप में बैठा लिया। महिला के मुताबिक रास्ते में कार में सवार लोगों ने उसे झांसे में लेते हुए कहा कि साहब की गाड़ी है इसलिए जेवर उतार कर रख लो और थोड़ी देर बाद ही कहा कि आगे साहब है गाड़ी से उतर जाओ और उसके सोने की झुमकी व माला लेकर चले गए और महिला को एक लिफाफा दे दिया। जिसमें नकली जेवरात भरे थे, महिला ने देखा तो होश उड़ गए। महिला को टप्पेबाजों ने रास्ते में उतार दिया था और चले गये थे। महिला बड़ी मुश्किलों व परेशानी से रिक्शे से वापस ललौली चौराहा पहुंची और पुलिस को सूचना दी गई। बिंदकी और जोनिहा के बीच टप्पेबाजों ने महिला को उतारा था। पुलिस का कहना है कि जल्द ही टप्पेबाजों को पकड़ा जायेगा।

नाइजीरिया का ठग दिल्ली से गिरफ्तार

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। इलाज के नाम पर ठगी करने वाले कथित विदेशी डाक्टर को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया साइबर ठग नाइजीरिया का रहने वाला है। पुलिस ठग से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा स्ट्रीट लोहाई रोड निवासी डॉ. अमित शुक्ला ने साइबर क्राइम थाना में एक धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी पत्नी डॉ. शिवानी को पुत्र अर्नव की आंखों के इलाज के लिए फेसबुक के माध्यम से एक विज्ञापन मिला। जिसमें साइबर ठग ने खुद को डॉक्टर एलेक्स जेबिल लंदन बताया । साथ ही विज्ञापन में ब्रिटेन का कंट्री कोड का नंबर भी पड़ा था। जब पुत्र की आंखों की दवाई के लिए उस नंबर पर बात की तो कथित चिकित्सक ने धोखाधड़ी कर दवाई

गिरफ्तार आरोपी ओलाटोव ओलाडेले।

- इलाज के नाम पर की 3 लाख की ठगी, अलग-अलग बैंक खातों में डलवाई रकम

भेजने की बात कही। इसके लिए अलग-अलग बैंक खातों में 3 लाख 19 हजार रुपये डलवा लिए। जब काफी दिनों तक दवा नहीं आई तो पीड़िता को समझ में आया कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुकी है। इसके बाद पीड़िता के पति ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की विवेचना साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने शुरू की। इसके बाद कई साक्ष्यों की मदद से वह आरोपित की पहचान कर पाने में सफल हुए। सर्विलांस टीम व साइबर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंदन नगर वीर बाजार रोड थाना निहाल दिल्ली से आरोपित को गिरफ्तार किया।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि आरोपित ओलाटोव ओलाडेले, निवासी ब्रांसस्ट्रीट लागोस, नाइजीरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन, सिम सहित बरामद हुआ है। आरोपित की गैंग के संबंध में जानकारी की जा रही है। यह लोग कब से और किस तरीके से ठगी कर रहे हैं। पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी है। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार उप निरीक्षक सुबोध यादव साइबर सेल प्रभारी विशेष कुमार आदि शामिल रहे।

बिग बॉस में पहुंचने पर शिवानी के छलके आंसू

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अनिल कपूर के सामने पहुंच कहा, सपना पूरा हो गया
- परिजनों ने कहा कि हमें अपनी बेटी पर गर्व है

अमृत विचार। एक छोटे से गांव से निकलकर देश भर में नाम कमाने वाली शिवानी की बिग बॉस में एंट्री हो गई है। अनिल कपूर के सामने जाते ही वह रोने लगी। कहा कि आज उसका सपना पूरा हो गया। शिवानी के गांव अरियारी में टीवी पर लोगों ने कार्यक्रम देखा। शिवानी की मां ने कहा की बेटे की आश में जब तीसरी बेटी हो गई थी तो गम मनाया था। आज उसी बेटी ने नाम रोशन कर दिया। हमे गर्व है अपनी बेटी पर।

बिग बॉस में जाने से पहले शिवानी ने बताया कि जब उनका जन्म हुआ था तब मातम छा गया था। उनकी मां ने उनसे पहले तीन लड़कियों को जन्म दिया था। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि शायद इस बार लड़का पैदा होगा, लेकिन जब वह पैदा हुईं तब गांव में शोक मनाया जाने लगा।

शिवानी के जन्म के एक साल बाद उनके पिता की मृत्यु हो गई। पिता के जाने के बाद उनकी मां दिन-रात काम करके जैसे-तैसे उन्हें और उनकी तीन बहनों को एक वक्त का खाना दे पाती थीं। ऐसी हालत में शिवानी ने अपनी मां के सामने स्कूल जाने की इच्छा जताई। उनकी मां ने उन्हें पढ़ाने से मना कर दिया। ऐसे में शिवानी ने लोगों के घरों में काम किया, पैसे कमाए और अपनी पढ़ाई पूरी की।

कर्ज वापसी के दबाव में वृद्धा ने खाया जहर, मौत

तिर्वा-कन्नौज। सगरा गांव निवासी शिवदुलारी (60) पत्नी स्व. हीरालाल ने शनिवार की सुबह घर पर रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे मेडिकल कालेज ले आए। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुत्र ने आरोप लगाया कि पिता हीरालाल ने अगौस गांव की एक बैंक से वर्ष 2018 में 80 हजार रुपये कर्ज लिया था। दो साल बाद 2020 में पिता की मौत हो गई जिस कारण बैंक से लिया कर्ज जमा नहीं हो सका। अब कर्ज की राशि बढ़कर डेढ़ लाख रुपये हो चुकी है। बैंक कर्मी कर्ज की वसूली को लेकर उसके समेत मां पर दबाब बना रहे थे। शुक्रवार को बैंक कर्मी घर पर आए और रकम जमा करने का दबाव बनाते हुए आधार कार्ड ले लिया। जबरदस्ती एक कागज पर हस्ताक्षर बनवा लिए और सोमवार को बैंक आने के लिए कह गए थे।

मुठभेड़ में 3 लुटेरों को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सोने-चांदी के जेवर, 3 तमंचे नकदी और मोबाइल बरामद

अमृत विचार। चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहिन पुल के पास शुक्रवार की रात को पुलिस की लुटेरों के साथ मुठभेड़ हो गई। तीनों लुटेरे पैर में गोली लग गई।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि स्टेट बैंक में फील्ड अफसर के पद पर तैनात भानू प्रकाश पुत्र सोबरन लाल निवासी बनारसी दास, बाइक से जनपद औरैया जा रहे थे। रास्ते में तीन मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने तमंचा के बल पर उनके पास से 10 हजार रुपये व दो मोबाइल लूट लिए थे। इसके अलावा मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव नगला दोले निवासी रजनेश सिंह पुत्र बलवीर सिंह अपनी पत्नी के साथ कहीं जा रहे थे तभी लुटेरों ने उनके पास से अंगूठी, नकदी व मोबाइल लूट लिया था। वहीं अंजली पत्नी रजनेश निवासी अशोक नगर थाना भरथना अपने मायके से वापस आ रही थी। ग्राम भदवा साबरन से पहले तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने दोपहर के समय तमंचा दिखाकर 1 मोबाइल व अंगूठी लूट ली थी । शुक्रवार की रात को एसओजी टीम, थाना चौबिया एवं थाना बसरेहर पुलिस लोहिया पुल पर चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि लूट करने वाले अपाचे बाइक से किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में रुकईया नहर पुल की तरफ से राहिन पुल की तरफ आ रहे हैं।

पुलिस को एक बाइक आती दिखाई दी। पुलिस के अनुसार रोकने पर बाइक सवार लुटेरे फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों लुटेरे पैर में गोली लगने से घायल हो गए। बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

जेल में बंद गैंगस्टर के सीने में उठा दर्द

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लोको रोड निवासी सपा नेता देवेंद्र सिंह के खिलाफ 12 जून को गैंगस्टर की रिपोर्ट कोतवाल फतेहगढ़ ने दर्ज कराई थी। 13 जून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शनिवार सुबह सीने में दर्द की शिकायत पर पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जिला अस्पताल लोहिया लेकर आई। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक डॉक्टर मनोज पांडे ने ओपीडी में चेस्ट फिजिशियन को दिखाने की सलाह दी। सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत की जानकारी दी गई।

पोल में उतरे करंट से दुकानदार की मौत

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

अमृत विचार। करंट ने एक युवा दुकानदार की जान ले ली। बताया जाता है कि वह दुकान के पास बिजली के खंभे के करंट की चपेट में आ गया। युवक की मौत से परिवार में मातम पसर गया।

कस्बा निवासी कमल किशोर साहू (30) पुत्र फूलचंद्र साहू मेन चौराहे पर सब्जी मसाला व तंबाकू की दुकान कर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि रोजाना की तरह वह शुक्रवार शाम दुकान में ग्राहकों को सामान दे रहा था। इसी दौरान वह दुकान के बाहर

कमल किशोर।

बिजली के खंभे से छू गया और उसके तेज करंट की चपेट में आ गया। यह देखते ही ग्राहकों और आसपास के दुकानदारों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया पर रास्ते में ही कमल ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि बिजली के खंभे से तेज करंट उतर आया था। कमल की सात साल पहले मऊ निवासी सीमा देवी से शादी हुई थी और उसके पांच वर्षीय पुत्र पवन व चार वर्षीया पुत्री आयुषी है। वह अपने बड़े भाइयों दुर्गा और राजकिशोर से अलग रहता था। सदर विधायक अनिल प्रधान ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

टेंट के पाइप में उतरे करंट से गई युवक की जान

बांदा। दहिनवारा संस्कार कार्यक्रम खत्म होने के बाद टेंट का सामन खोल रहे युवक को करंट लग गया। जिससे वह झुलस गया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के सरस्वाह निवासी 21 वर्षीय रोहित अपने फूफा अशोक के टेंट हाउस मे काम करता था। शुक्रवार को नरैनी कस्बे में दाहिनवारा संस्कार में टेंट का सामान लगा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद रात को रोहित टेंट का सामान खोल रहा था। तभी उसका हाथ टेंट के पाइप मे छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर चिपक गया। मौके पर पहुंचे अन्य साथियों ने देखा तो उसे करंट से मुक्त कराया। उसे नरैनी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

आयोजन साहित्य संस्था कलमकार के प्रथम स्थापना दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन हुआ

जब लगा सब कुछ ठीक हो गया, तभी एक पर्चा लीक हो गया...

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। साहित्य संस्था कलमकार के प्रथम स्थापना दिवस पर भव्य कवि सम्मेलन मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें आये हुए अतिथियों एवं साहित्यकारों का संस्था की अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम प्रगति श्रीवास्तव ने स्वागत करते हुए सम्मान किया।

वरिष्ठ साहित्यकार रसखान नासिर अली नदीम साहब की अध्यक्षता में अमरेंद्र पोतस्यायन, कृपाशंकर, बच्चू महाराज, वरिष्ठ साहित्यकार अनिल शर्मा ,एके श्रीवास्तव के आतिथ्य में प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने की सरस्वती वंदना की। संचालन कर रहे साहित्यसभा के संयोजक शफीकुर्रहमान कशफी ने दानिश को पढ़ने के लिये बुलाया। उन्होंने पढ़ा,जो दिल तेरे गम से मुनव्वर न

आये हुए अतिथि को प्रतीक चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

होता, मैं कुछ और होता सुखनवर न होता, इसके बाद सौमित्र त्रिपाठी ने पढ़ा,जब लगा कि सब कुछ ठीक हो गया, तभी एक और पर्चा लीक हो गया, प्रगति मिश्रा ने पढ़ा, क़लमकार सच्चा वही करे सुखद संचार, विनय शीलता नम्रता वाणी में हो प्यार, दिव्यांशु दिव्य ने पढ़ा, हर संकट के हर पथ पर हम डटे रहेंगे, सत्ता को राह दिखाते क़लमकार हैं हम, शायर फ़हीम बसौदवी ने पढ़ा,हो गया गजब कितना उनके मुस्कुराने में, हो गए बहुत बदनाम रोज़ आने जाने में, फ़राज़ ने पढ़ा, शरीफ आदमी से ज़माना है लेकिन, शरीफ आदमी का ज़माना नहीं है, कवियत्री इंदु विवेक ने पढ़ा, लिखा उसने गजल में नाम मेरा,मगर हमसे छिपाया जा रहा है, शिरोमणि सोनी ने पढ़ा, प्रेम की बात समझते हो क्या प्रेम का सार समझते हो, दिल जिसे देखना चाहे क्या नैन की धार समझते हो,कवियत्री शिखा गर्ग ने पढ़ा, काट जंगल बनाये मनुज ने भवन,बढ़ रही ग्रीष्म में कुछ इसी से तपन, अनुज भदौरिया ने पढ़ा कलमकार ने रच दिया कलमकार का रूप।

पुष्पेंद्र पुष्प ने पढ़ा वही रंगत वही तस्वीर मेरी,बदलती ही नहीं तासीर मेरी, डॉक्टर रेनू चन्द्र ने पढ़ा, दुआ मांगें चलो सच्चे हृदय से, सभी को हो मयस्सर खिलखिलाहट, कार्यक्रम की आयोजिका कलमकार संस्था की अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम ने पढ़ा, दिखता सबको नूर हमारी आंखों में, तेरी जो तस्वीर उतारी आंखों में, सिद्धार्थ त्रिपाठी ने पढ़ा, झूठ की बुनियाद पर विश्वास की दीवार है,बन गई तो बन गई अब इसे गिराओ न,संचालन कर रहे शफीकुर्रहमान ने पढ़ा,उरूज पाएं जो मजलूम की तबाही से,तो हम फकीर भले ऐसी बादशाही से। असरार अहमद मुक़री ने पढ़ा,गंगा की शुद्धता को जाने न दीजिए, इसमें अशुध्द लोगों को आने न दीजिए। इस दौरान अनवार साहब,नईम ज़िया,महेश प्रजापति,परवेज़ अख्तर, रामशंकर गौर जावेद क़सीम,शिवम सोनी,फरीद अली बशर,ब्रह्मप्रकाश अवस्थी,विवेक राय,ने भी काव्यपाठ किया।

इस दौरान प्रगति श्रीवास्तव,सुरेश वर्मा,ताहिर अंसारी ने सभी साहित्यकारों माल्यार्पण कर स्वागत किया अंत में प्रिया श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों और वहां मौजूद सभी साहित्यकारों और सुधि श्रोताओं का सफल कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया और कहा आगे भी ऐसे कार्यक्रम होंगे।

दर्शनार्थियों से भरी कार खाई में पलटी छह लोग घायल

उदी, इटावा। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी-वाह रोड पर कृष्णा नगर रेलवे पुल के पास शनिवार को पूर्वाह्न के समय दर्शनार्थियों से भरी आल्ट्रो कार सामने से आई कार की टक्कर से सड़क किनारे खाई में पलट गई। उसमें सवार छह लोग घायल हो गए । ग्वालियर से बटेश्वर दर्शन के लिए श्रद्धालु आल्ट्रों कार में सवार होकर जा रहे थे । उक्त स्थान पर विपरीत दिशा की ओर से आई अज्ञात कार टक्कर मार कर फरार हो गई। पुलिस ने घायलों को उदी सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया।

अधीक्षक डॉ. विनोद शर्मा ने बताया कि सभी घायलों का इलाज किया गया सभी खतरे से बाहर हैं। घायलों में ग्वालियर के वार्ड नंबर 65 निवासी सुनीता, शिवांश, मृदुल, दक्षित, लवली और रूद्र शामिल हैं। टक्कर मारने वाली अज्ञात कार पकड़ी नहीं जा सकी।

मुख्यमंत्री का सचिव बन कर निलंबित शिक्षिका से मांगे रुपये

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष सचिव बताकर व्यक्ति ने निलंबित शिक्षिका का निलंबन निरस्त कराने के एवज में गोरखनाथ मंदिर में प्रसाद के लिए हजारों रुपये मांगे। आरोपी ने शिक्षिका को कान्फ्रेंस पर सुनवाया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) औरैया बात कर रहे हैं। पीड़िता ने जिलाधिकारी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री की फोटो लगे वाट्स एप नंबर से निलंबित शिक्षिका को मैसेज दिया गया कि आपका निलंबन निरस्त करा दिया जा रहा है। बस आपको गोरखनाथ मंदिर के लिए प्रसाद हेतु 31 हजार रुपये डालने होंगे। पहले 15 हजार रुपये डाल दें और निलंबन निरस्त हो जाने के बाद 16 हजार रुपये डालने की बात कही। इसके बाद निलंबित शिक्षिका ने इसकी शिकायत शनिवार को दिबियापुर थाना दिवस में उपस्थित होकर जिलाधिकारी से की। शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। अब देखने वाली बात ये होगी कि ऐसे फ्राड करने वालों पर जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है या यूं ही लोग धोखेबाजों का शिकार होते रहेंगे।



व्हाट्सएप पर रुपये मांगने का स्क्रीन शॉट।

प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश में सड़क पर खुलेआम चलाईं गोलियां

पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग, एक पक्ष ने दो बुलडोजर जलाए
- एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

अमृत विचार। इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन गाड़ियां कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

> प्लाट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।
>
> -घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दुकान पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय अपने बेटे अभिराज और चौकीदार समेत साथियों के साथ पहुंचे विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग वाहन छोड़ कर भागने लगे, दुकानें भी बंद हो गईं।

इन पुलिसकर्मियों को किया गया निलंबित

- एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों मौके पर पहुंचे और फिर थाने में भी मामले की जानकारी ली। एसएसपी की शुरुआती जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी जयशंकर सिंह, दरोगा राजीव प्रकाश, मुख्य आरक्षी योगेश सिपाही सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार और अजय तोमर को निलंबित कर दिया।

सेवानिवृत्त डीजीसी पर दिनदहाड़े फायरिंग बाल-बाल बचे

बहराइच। शहर के मोहल्ला सूफीपुरा में शनिवार दोपहर एक सेवानिवृत्त डीजीसी घर के बाहर बैठे थे। तभी बाइक से आए अज्ञात ने बाइक खड़ी कर फायरिंग कर दी। हमले में वह बाल बाल बच गए। घटना की जानकारी होने पर एसपी, एएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। कोतवाली देहात के मोहल्ला माधवपुरी सूफीपुरा निवासी शिव नारायण सिंह पुत्र जिमीदार सिंह सेवानिवृत्त डीजीसी हैं। उनका बेटा संजय सिंह सदर तहसील में मॉल बाबू के पद पर तैनात है। शनिवार को सेवानिवृत्त डीजीसी घर के सामने बरामदे में बैठे थे। दोपहर डेढ़ बजे एक अज्ञात बाइक सवार आया। उसने बाइक खड़ी कर शिव नारायण पर फायरिंग कर दी। हालांकि वह बाल बाल बच गए। घटना की जानकारी होने पर एसपी वृंदा शुक्ला, एएसपी रामनंद कुशवाहा, सीओ राजीव सिसोदिया, कोतवाल देहात बीके मिश्रा और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

उप्र में आपदा मित्र के रूप में तैनात होंगे होमगार्ड स्वयंसेवक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी
- मुख्यमंत्री का निर्देश, विभाग तैयार करे नियमावली

अमृत विचार। प्रदेश में अब आपदा मित्र के रूप में होमगार्ड स्वयंसेवक तैनात होंगे। इसके लिए 42 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड्स विभाग को शीघ्र नियमावली तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क़ानून-व्यवस्था का विषय हो, आपदा काल हो या आम लोगों के सहयोग का अवसर, हर जगह होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवाभावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पर तैनात हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग चार हजार होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी कर लेनी चाहिए। दो चरणों में 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती करने का लक्ष्य लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सेवारत होमगार्डों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण भी कराया जाय।

होमगार्ड स्वयंसेवकों की 'फिजिकल फिटनेस' के लिए उनकी साप्ताहिक 'ड्रिल' भी कराई जाय।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से बनाया जाये समन्वय

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष 'मैनपॉवर' है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त किया जाय और शीघ्र नियमावली तैयार कराई जाय।

ट्रक-कार में टक्कर, पिता पुत्र समेत तीन की मौत

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

- भाई-बहन समेत चार घायल तड़के सुबह हुआ हादसा

अमृत विचार। जनपद के नानपारा बहराइच मार्ग पर शनिवार सुबह सवा तीन बजे ट्रक और कार में आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार भाई बहन समेत चार घायल हो गए। सभी को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

नानपारा बहराइच मार्ग पर कोतवाली नानपारा अंतर्गत खुदादभारी गांव के पास शनिवार सुबह 3.15 बजे ट्रक और कार की भीषण टक्कर हो गई। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि नानपारा से बहराइच की ओर से जा रही ट्रक संख्या यूपी 21 डीटी और बहराइच से नानपारा की ओर जा रही हुंडई कार में हादसा हुआ। हादसे में मौके पर ही रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम सुजौली बाबा कुट्टी निवासी नौसाद (25) पुत्र ग्वाल उर्फ मोहम्मद हामिद, ग्वाल उर्फ मोहम्मद हामिद (60) पुत्र मोहम्मद फकीरे और मोहम्मद आरिफ (70) पुत्र फकीरे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हाशिम पुत्र (45) फकीरे, अर्श (10) पुत्र नौशाद, अरसा बानो (5) पुत्री नौशाद और खादिम (12) घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी एक ही परिवार के मृतक और घायल हैं।

ट्राली से टकराकर पेड़ में घुसी बस, 42 घायल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- शामली से सत्संग सुनकर लौटते समय सुबह 5 बजे हुआ भीषण हादसा

अमृत विचार। बिथरी चैनपुर क्षेत्र में कमुआ मोड़ के पास शनिवार सुबह ड्राइवर को झपकी आने से निजी बस लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 42 यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बस शामली से लखीमपुर खीरी लौट रही थी।

लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के लोग निजी बस से शामली में सत्संग सुनने गए थे। शनिवार सुबह पांच बजे बस बीसलपुर रोड स्थित कमुआ मोड़ के पास पहुंची कि तभी चालक को झपकी आ गई और बस लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर पेड़ में घुस गई। हादसे में 60 यात्रियों में से 42 यात्री घायल हो गए, जिनमें धनीराम और शिव शंकर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

> सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत गंभीर है। घायलों के परिजन सीयूजी नंबर 9454458072 पर संपर्क कर सकते हैं।
>
> -नितिन कुमार, सीओ हाईवे

हादसे में घायल हुए लोग : हादसे में लखीमपुर निवासी मिनकु, राजनाथ, मिलाप, पूजा, विक्रम, जमुना प्रसाद, दिनेश, शंकर लाल, कांति, मुस्कान, धर्मराज, राम चंद्र, शकुंतला, राम बेटी, धनीराम, शिव शंकर, ठुभा, चमेली, मोहनलाल, रामधनी दास, राधा, जशोदा, चित्रा, अंशुल, संध्या, राम श्री, ओमप्रकाश, मंजू, जसवीर, निराशा देवी, पूजा देवी, वैधनाथ, अनारो देवी, रिंकी, वंदना, मिथुन सिंह, प्रवीन कुमार, आनंद, रेखा देवी, सुशीला और रुकसाद अली और पीलीभीत निवासी दुखी प्रसाद और शकुंतला देवी हैं।

पिकअप खाई में गिरने से चालक की मौत, एक घायल

टनकपुर। टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमोड़ी और बेलखेत के बीच स्थित भनारखोला के पास शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे पिकअप वाहन संख्या- यूके 06 सीडी-9253 दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चालक दानिश (24) पुत्र मोहम्मद नवीस अहमद, निवासी न्यूरिया जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिकअप वाहन स्वामी वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस द्वारा खाई में गिरे मृतक और घायल को ऊपर मार्ग में लाया गया। बताया जा रहा है कि वाहन मुर्गियां लेकर नानकमत्ता से लोहाघाट जा रहा था। घायल वसीम (28) पुत्र मोहम्मद सलीम, निवासी न्यूरिया जिला पीलीभीत का प्राथमिक उपचार अमोड़ी के निजी क्लीनिक में करने के बाद उसे टनकपुर उप जिला चिकित्सालय भेजा गया है। सिर में अधिक चोट लगने के कारण यहां चिकित्सकों ने वसीम को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह घटना घटी।

चम्पावत हाईवे पर खाई में गिरा पिकअप।

राममंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा और मुख्य सचिव ने की बैठक

अमृत विचार। राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में 23 और 24 जून को चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा होगी।

उसके पूर्व शनिवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सीडीओ ऋषिराज, एलएंडटी और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ राम मंदिर और परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रशासनिक भवन में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर की सुरक्षा और निर्माण कार्य को लेकर मंथन किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अयोध्या पहुंचे थे। यहां सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार, बिड़ला धर्मशाला के सामने यात्री सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी ली है। इस दौरान उन्होंने मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन भी किया।

अल्पसंख्यकों के लिए 240 योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी है। पुरुषोत्तम का मतलब होता है उत्तम प्रकार का जीवन। जिसको राम ने इसी धरती पर चरितार्थ किया। उन्होंने सभी को जोड़ने और सही मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। जिसके चलते रामराज्य की स्थापना हुई। अल्पसंख्यक आयोग सभी धर्मों और वर्गों सिख, जैन, पारसी, मुस्लिम आदि का प्रतिनिधित्व करता है और इनके कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। ये बातें शनिवार को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहीं। वो सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश और अपनी उन्नति के लिए आवश्यक है कि सभी में सर्व धर्म समभाव की भावना हो और लोग आपसी भाईचारे के साथ रहें। सरकार की ओर से सामान्य वर्ग के लिए 225 जबकि अल्पसंख्यकों के लिए 240 प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

सर्किट हाउस में बैठक के पूर्व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पदाधिकारी।

योजनाओं के ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार की हिदायत

- अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने शनिवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन और दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। बैठक और समीक्षा में बताया गया कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं की समुदाय के लोगों को जानकारी ही नहीं है, जिसके चलते वह योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे में योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष केशरी के देबू, आयोग सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा व रिचेन लाम्हो, जिलाधिकारी नितीश कुमार समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गुरुनानक शिक्षा समिति पर लगा 31.26 लाख गबन का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

- कोषाध्यक्ष ने लगाया मैनेजर अध्यक्ष पर आरोप

अमृत विचार। शहर की शैक्षिक संस्था गुरुनानक शिक्षा समिति पर लाखों रुपये गबन करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर जहां कोषाध्यक्ष ने समिति के मैनेजर और अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं मैनेजर महज इसे द्वेष भावना से बदनाम करने की साजिश बता रहे हैं। उनका कहना है कि 31.26 लाख गबन नहीं, बल्कि बैंक की गलती और विद्यालय के कर्मचारी द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया। इसका पैसा वर्ष 2023 में ही बैंक द्वारा अपनी गलती मानकर जमा कर दिया है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के तीर शहर में चर्चा का विषय बन गए हैं।

गुरुनानक शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष अमरदीप ने समिति के खाते से हेराफेरी कर 113 चेकों के माध्यम से 32 लाख रुपये का गबन करने का आरोप लगाया था। 18 अगस्त 2023 को पुलिस महानिदेशक को भेजे गए शिकायती पत्र में उनका आरोप था कि वर्तमान शिक्षा समिति के मैनेजर गुरमीत सिंह व अध्यक्ष दिल राज सिंह ने विद्यालय के एक कर्मचारी के साथ मिलकर 113 चेकों के माध्यम से गबन किया। जब मामले की जांच सीओ सदर द्वारा शुरू की गई, तो आरोपी अपना बयान देने नहीं जा रहे हैं, जबकि वह दो बार अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। शैक्षिक समिति पर लगे गबन के आरोप के बाद कोषाध्यक्ष और समिति के मैनेजर आमने-सामने हो गए और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। सोशल मीडिया पर भी चर्चा रही।

पीटीआर के जख्मी बाघ का लखनऊ चिड़ियाघर ही बनेगा आशियाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आईवीआरआई के प्रिंसिपल साइंटिस्ट ने पाया अनफिट
- पैर में भी पाई गई सूजन के चलते लिया गया निर्णय

अमृत विचार। लखनऊ चिड़ियाघर में कैद पीटीआर के बाघ की अब घर वापसी नहीं हो सकेगी। आईवीआरआई के विशेषज्ञ की जांच में बाघ अनफिट पाया गया। वन अफसरों के मुताबिक बाघ के अगले पैर में सूजन भी है। हालांकि पूर्व में वन अफसर बाघ की वापसी की संभावना जता रहे थे। बाघ के जख्मी होने पर 21 अप्रैल को महोफ रेंज के समीप गांव मल्लपुर के पास से रेस्क्यू किया गया था।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में करीब दो माह पूर्व एक बाघ के लंगड़ाकर चलने की जानकारी मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बाघ की 24 घंटे निगरानी के लिए दो टीमों का गठन करने के साथ संबंधित क्षेत्र में ट्रेप कैमरे लगाकर निगरानी शुरू कराई थी। जिसके बाद कई दिन तक बाघ की लोकेशन नहीं मिल सकी थी। डिप्टी डायरेक्टर ने मामले की जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को देते हुए बाघ को रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी थी। 21 अप्रैल को बाघ कलीनगर क्षेत्र में महोफ रेंज से सटे गांव मल्लपुर के समीप देखे जाने पर डिप्टी डायरेक्टर रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। शाम तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के निर्देश के बाद बाघ को अगले दिन ही इलाज के लिए लखनऊ चिड़ियाघर भेज दिया गया था। वन अफसर जख्मी बाघ की हालत में हो रहे तेजी से सुधार को देख उसके पुनः पीटीआर में वापसी की संभावना जता रहे थे। इधर कुछ दिन पूर्व भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (आईवीआरआई) बरेली के सेंटर फॉर वाइल्ड लाइफ के प्रिंसिपल साइंटिस्ट/इंचार्ज डॉ. एएम पावड़े ने लखनऊ चिड़ियाघर पहुंचकर पीटीआर के बाघ का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद उन्होंने रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी। वन अफसरों के मुताबिक परीक्षण में बाघ वाइल्ड लाइफ में रहने के योग्य नहीं पाया गया। बाघ के अगले पैर में सूजन भी पाई गई। ऐसे में अब बाघ की पीटीआर में वापसी नहीं हो सकेगी।

सेना भर्ती सुबह 4 बजे भर्ती स्थल पर पहुंचना होगा, 8 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा

जेआरसी में सेना भर्ती रैली 1 जुलाई से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार। यूनिट हेड क्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन, अग्निवीर खिलाड़ी और अग्निवीर लिपिक पदों की भर्ती रैली 1 से 8 जुलाई तक जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी) में होगी।

सेंट्रल कमांड के पीआरओ शांतनु प्रताप सिंह के अनुसार यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद और घायल सैनिकों के पुत्र और सगे भाइयों के लिए आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस भर्ती रैली में अन्य रेजिमेंटों के भूतपूर्व, सेवारत सैनिक, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र व कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी भाग ले सकते हैं। इसके लिए प्रारंभिक जांच के लिए अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों के साथ सुबह 4 भर्ती स्थल जाट रेजिमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा। सुबह 7 बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में अनुमति नहीं दी जाएगी। विभिन्न प्रदेशों में अलग अलग तिथियों पर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। 2 को हरियाणा और 6 जुलाई को राजस्थान के विभिन्न जनपदों के लिए भर्ती रैली आयोजित होगी। अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण 2 जुलाई से होगा और लिखित परीक्षा 8 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

तिथिवार भर्ती रैली

- 1 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तराखंड और किसी भी राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए (उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा को छोड़कर) जिन खिलाड़ियों को खेल परीक्षण के दौरान चयनित किया गया था।
- 4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, अमेठी, अमरोहा, औरैया, आजमगढ़, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कनौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशाम्बी, लखीमपुर खेरी, कुशीनगर, ललीतपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।
- 5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपूर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलंदशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित होगी।
- 8 जुलाई को अग्निवीर ट्रेड्समैन पद के लिए सभी राज्यों के अभ्यर्थी रैली में भाग ले सकते हैं। अग्निवीर लिपिक पद के लिए सिर्फ जाट रेजिमेंट के लिए सभी राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

आईराड एप में चार और बिंदुओं पर अब रिकॉर्ड होंगी सूचनाएं

अनुपम सिंह, बरेली

स्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी नहीं दिख रहे संजीदा

- आईराड एप पर पुलिस और परिवहन विभाग तो सूचनाएं दर्ज कर रहे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी के स्तर से कोई सूचना एप पर नहीं दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग को सड़क हादसों के बाद अस्पताल पहुंचने वाले लोगों के बारे में सूचनाएं और पीडब्ल्यूडी को घटनास्थल की जानकारी भरनी थी। हादसे वाले स्थल पर जिस तरह की जानकारी पुलिस भर रही है, उसी तरह से लोक निर्माण विभाग को भी मौके पर पहुंचकर जानकारी भरनी है कि हादसा सड़क की खराबी की वजह से हुआ है या नहीं। इसके लिए फोटो भी अपलोड करना है, लेकिन अभी ऐसा नहीं किया जा रहा है, जबकि दोनों विभागों के लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन कपाही ने बताया कि एनआईसी के लोग प्रशिक्षण देने आए थे। सीएचसी, पीएचसी के एमओआईसी को बताया गया था। सूचनाएं क्यों नहीं भरी जा रहीं हैं, इसके बारे में पता करेंगे।

अमृत विचार। इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस यानी आईराड एप का दायरा और बढ़ा दिया गया है। अब एप में चार और बिंदुओं पर सूचनाएं रिकॉर्ड करने के लिए स्टेक होल्डर (हित धारकों) को शामिल किया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से 2021 में आईआईटी मद्रास की मदद से इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस मोबाइल एप लांच किया गया था। अब इसे इडार (ई-डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट) में परिवर्तित करने की प्रक्रिया चल रही है। पहले इस एप में पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग और परिवहन विभाग को ही शामिल किया गया था।

एप में इन विभागों के स्तर से सूचनाएं भरनी थी, लेकिन अब एप को अपडेट करते हुए चार और बिंदुओं को बढ़ाते हुए स्टेक होल्डरों को शामिल कर दिया है, जिसमें रोड ओनिंग एजेंसी (लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई), मैक्ट (मोटर एक्सीडेंट्स क्लेम ट्रिब्यूनल), लीगल सर्विस अथॉरिटी (कोर्ट से संबंधित मामले) और इंश्योरेंस (बीमा के मामलों) के बिंदु लिए गए हैं। जानकारों के अनुसार इस पर आईआईटी मद्रास की टीम काम कर रही है।

आने वाले कुछ समय में इन बिंदुओं पर भी सूचनाएं एप पर अपलोड होने लगेंगी, इससे इनसे संबंधित मामलों को भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा।

उगाही कर रहा फर्जी दारोगा गिरफ्तार

रुदौली, अयोध्या। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक फर्जी उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस की वर्दी आईडी कार्ड, नेम प्लेट और पी कैप आदि बरामद किया है। धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा आरोपी का चालान किया है।

क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने शनिवार को बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि एक उपनिरीक्षक की ओर से पीड़ितों को धमका कर वसूली की जा रही है। जिसके चलते चौकी प्रभारी किला उपनिरीक्षक मुनिमन रंजन दुबे को जांच के लिए कहा गया था। जाँच में शिकायत सही पाई गई और फर्जी दरोगा इसी कोतवाली के मोहल्ला मखदूमजादा निवासी नदीम की पहचान की गई। उन्होंने बताया कि कोतवाली पुलिस ने शानिवार को रसूलाबाद के निकट से नदीम को बावर्दी गिरफ्तार किया है।

एक नजर

उप्र में महिलाएं असुरक्षा के साए में: अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से साफ हो गया है कि प्रदेश में महिलाएं असुरक्षा के साये में जीने को विवश हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि आयोग की रिपोर्ट में इस वर्ष 12,648 शिकायतें मिलने का खुलासा हुआ है। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि अकेले प्रदेश से 6,492 शिकायतें मिली हैं, जो कि महिला आयोग के रिपोर्ट के अनुसार 55 प्रतिशत है।

आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिये मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मीकांत के निधन से अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की सेवा के लिए वह सदैव स्मरणीय रहेंगे।

बिजली व्यवस्था दुरुस्त करें अधिकारी: योगी

कहा- बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को न किया जाए परेशान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता दुरुस्त की जाए। बिजली बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को कतई परेशान न किया जाए। हर हाल में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल मुहैया कराया जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर गुणवत्ता पर देना होगा। बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं, उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाय। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करे। सही बिल के लिए मीटर रीडर को जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाय। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना के बारे में जागरूक किया जाए।

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

सोशल मीडिया का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि रखरखाव कार्य के कारण अगर बिजली आपूर्ति बंद शटडाउन की जाती है तो कब और कितनी देर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जाय।

अफसरों ने मुख्यमंत्री को गिनाई उपलब्धियां: मुख्यमंत्री के साथ बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उपलब्धियां गिनाईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। भीषण गर्मी के बावजूद केवल स्थानीय खराबी को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं, वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। बिल जमा करने में कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत व ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से व 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है।

रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में लाएं कमी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प शुल्क में कमी लाई जाय। आवासीय, अनावासीय व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए रेंट एग्रीमेंट का सरलीकरण किया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पौधरोपण जमीन पर किया होता तो गर्मी से इतना बुरा हाल न होता

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। पौधरोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले पौधरोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का पौधरोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

उन्होंने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा, मुख्यमंत्री, 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर साल पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये पौधे कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है।

सपा प्रमुख ने कहा भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता। गर्मी में सैकड़ों लोगों की जानें जा रही है। अस्पताल बीमारों से भरे पड़े हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में पौधरोपण सिर्फ कागजों पर हुआ है। पौधारोपण के झूठे दावे कर रही है। पौधों के लिए गड्ढे खोदने-लगाने में भी घपले करके पर्यावरण को बिगाड़ने का ही भाजपा ने काम किया है। भाजपा सरकार आपदा में अवसर खोजती है।

287 हाजियों को लेकर पहुंची पहली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हज यात्री। अमृत विचार

राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने किया स्वागत

अमृत विचार: ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दिन हज सम्पन्न होने के बाद हाजियों की वापसी का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। 287 हाजियों को लेकर पहली उड़ान जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची तो राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा हाजियों के स्वागत के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने सभी हाजियों को फूल देकर उनका स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश से इस साल 18,010 लोग हज करने गए थे। लखनऊ से जेद्दा की पहली उड़ान 9 मई को रवाना हुई थी। जिस क्रम से हज यात्रियों की रवानगी हुई थी उसी क्रम से हाजियों की वापसी भी होगी। सऊदी अरब से रोजाना हाजियों को लेकर उड़ान लखनऊ पहुंचेगी। आखिरी उड़ान 9 जुलाई को आएगी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर हाजियों के रिश्तेदार और दोस्त मौजूद थे। हवाई अड्डे से बाहर आकर अपनों को तलाशते हाजियों के चेहरे अपने रिश्तेदारों को सामने पाकर खिल उठे। एक हाजी ने बताया कि बहुत शिद्दत की गर्मी थी। बहुत मुश्किल दिन थे। कई बार लगता था कि इस गर्मी से निबट पाना आसान नहीं, जान निकल जाएगी लेकिन साथ खैरियत अपने देश वापसी हो गई है। अच्छी बात यह कि हमारा हज पूरा हुआ। हमने अपने मुल्क की तरक्की की दुआ मांगी। एक हाजी ने कहा कि इतनी गर्मी में बुजुर्ग की बात छोड़िये जवान को झेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि वहां जाकर यह अहसास हुआ कि किसी भी बुजुर्ग को हज पर अकेले नहीं जाना चाहिए। बहुत मुश्किल सफ़र है। इतनी गर्मी में रहकर हज पूरा कर लेना किसी चमत्कार से कम नहीं है। तमाम बुजुर्ग रास्ता भटक गए। कुछ लोगों की गर्मी से मौत हो गई। बहरहाल अंत भला तो सब भला। हम तो वापस आ गए।

किसानों को लेकर राज्य सरकार से होगी बात : त्यागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्याओं के निराकरण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से सीधे बात करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रालोद किसानों एवं अल्पसंख्यकों की समस्या पर गम्भीर है, इनके मुद्दों के लेकर पार्टी सजग है और उचित फोरम पर बात रखेगी। साथ ही बताया कि बुन्देलखण्ड में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी की अध्यक्षता में सम्मेलन प्रस्तावित हैं, केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति से तिथि घोषित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि संगठन को मजबूत करने और ब्लाक स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए जुलाई में संगठन की समीक्षा बैठक होगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल मौजूद रहें।

सदस्यता ग्रहण की

राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि शनिवार को पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दल व संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव की मौजूदगी में रालोद की सदस्यता ली। बुन्देलखण्ड विकास परिषद के अध्यक्ष अंचल अजेरिया, मौलाना फिरोज हुसैन, हरिओम शुक्ला, डॉ.रामप्रताप सिंह, शैलेन्द्र गोस्वामी, इसान अली, आरके दुबे, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जावेद सुल्तान, संदीप यादव, कंचन मौर्या समेत अन्य लोगों ने सैकड़ों साथियों के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

नव नियुक्त डिप्टी जेलरों का प्रशिक्षण शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नवनियुक्त महिला जेलर को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान।

मंत्री दारासिंह चौहान ने किया प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन

लखनऊ: कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं और यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 75 नवनियुक्त डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलरों ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में से 12 बीटेक, 01 एमटेक, 04 बीए, 04 एमए, 10 बीएससी और 02 एमएससी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ संपूर्णानंद संस्थान में नियमित रूप से अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों में प्रशासनिक भवन, व्याख्यान कक्ष, व्यायामशाला, पुस्तकालय, चिकित्सालय, अतिथि गृह, इनडोर खेल परिसर, आडीटोरियम, अधिकारी छात्रावास, बंदीरक्षक छात्रावास, महिला छात्रावास, आवासीय परिसर, कंप्यूटर लैब और परेड ग्राउंड शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रमाशास्त्री एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रिश्वत लेते वरिष्ठ पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा जांच में क्लीनचिट देने के नाम पर हुआ था सौदा

अमृत विचार: सीबीआई ने शनिवार को रिश्वत लेने के आरोप में आगरा के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर सहित दो को गिरफ्तार किया है। रिश्वत स्थानांतरण प्राप्त एक ऐसे कार्मिक से लिया जा रहा था, जिसका स्थानांतरण हो गया था और उसकी पूर्व की लंबित जांच पर एनओसी देना था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल 2024 को उसका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से आगरा फोर्ट प्रधान कार्यालय में कर दिया गया। उसके खिलाफ एक विभागीय जांच भी लंबित थी। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार ने अवैध रूप से रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय जांच में अनुकूल रिपोर्ट और निर्णय देने और नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने से राहत देने के एवज में रिश्वत की मांग पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के माध्यम से की थी। शिकायतकर्ता से पहले एक लाख रुपये मांगे गए। बाद में कम करके 50 हजार मांगे। सीबीआई ने शिकायत मिलने पर जाल बिछाया और शुक्रवार को रिश्वत की रकम लेकर शिकायतकर्ता पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर के पास पहुंचा और 20 हजार रुपये दे दिए। सीबीआई की टीम ने पहले पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीनियर पोस्ट मास्टर को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने आगरा और मथुरा में दोनों आरोपितों के आवासों की तलाशी ली। इसमें कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद होने की सूचना मिल रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को शनिवार को टीम गाजियाबाद में कोर्ट में पेश करेगी।

1 जुलाई से शुरू होगी सेना भर्ती रैली

शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्र व भाई को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय सेना में अग्निवीर लिपिक पदों के लिए भर्ती रैली का आयोजन 1 जुलाई से किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस रैली में यूनिट हेडक्वार्टर्स कोटा (यूएचक्यू) के तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समेन, अग्निवीर खिलाड़ी (जो अभ्यर्थी जाट रेजिमेंटल सेन्टर में स्पोर्ट्स ट्रॉयल में भाग लिए थे) और अग्निवीर लिपिक पदों के लिए की जायेगी।

इसका आयोजन जाट रेजिमेंटल सेंटर (जेआरसी), बरेली में होगा। मध्य कमान सेना प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने पूरा शेड्यूल जारी करते हुए बताया यह भर्ती रैली युद्ध विधवाओं के पुत्रों, जाट रेजिमेंट के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिकों, युद्ध के दौरान शहीद एवं घायल सैनिकों के पुत्रों तथा सगे भाइयों के लिये आयोजित की जायेगी। भर्ती रैली में अन्य रेजीमेन्टों के भूतपूर्व एवं सेवारत सैनिको, युद्ध के दौरान घायल सैनिकों के भाई, पुत्र तथा कानूनी रूप से गोद लिए हुए बच्चों सहित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

अभ्यर्थियों को प्रारंभिक जांच के लिए सभी दस्तावेजों के साथ प्रातः 4:00 बजे भर्ती स्थल जाट रेजीमेंटल सेंटर के जाट गेट पर पहुंचना होगा। 7:00 बजे के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जायेगी। अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण 2 जुलाई से होगा और लिखित परीक्षा 8 सितंबर को आयोजित की जायेगी।

4 को लखनऊ सहित इन जिलों में होगी भर्ती

4 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ, प्रयागराज, अंबेडकर नगर, अमेठी (छत्रपति शाहूजी महाराज नगर), अमरोहा (जेपी नगर), औरैया, आजमगढ, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कांशीराम नगर (कासगंज), कौशांबी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर (पड़रौना), ललितपुर, लखनऊ, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, चंदौली, देवरिया, फैजाबाद, चित्रकूट, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

5 को यहां होगी भर्ती

5 जुलाई को अग्निवीर सामान्य ड्यूटी पद के लिए बागपत, बहराइच, बलिया, बलरामपूर, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बदायूं, भदोही, बुलन्दशहर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, जालौन, हापुड़ (पंचशील नगर), पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, रायबरेली, सहारनपुर, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, मथुरा, शामली (प्रबुद्ध नगर), श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी, कानपुर देहात, बिजनौर और संभल (भीम नगर) के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी।

वर्ग पहेली-109

बाएं से दाएं

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।

5.1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।

8.1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।

9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

ऊपर से नीचे

2.1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।

3.1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।

6.1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।

7.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



वर्ग पहेली -108 का हल

	1 ख़ि	ज़ाँ				2 फ़
	ज़ा		3 गं			ह
	4 ब	हु	गा	मी		श
			ला		5 अं	
6 दु	रा	7 ल	भ		श	
चं		म			भा	
द		धी		8 जो	गी	ड़ा

सुडोकू-22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							9	3
		4			6			
	5			2		8		
			7			4		
3							1	6
		8			1			
	9	1						
	2		8			5		
6			4			7		

सुडोकू - 21 का हल

6	2	7	4	5	8	3	9	1
9	1	3	2	6	7	4	8	5
5	8	4	9	3	1	2	6	7
8	6	1	5	2	9	7	4	3
7	3	5	1	8	4	6	2	9
2	4	9	6	7	3	5	1	8
4	5	8	3	9	2	1	7	6
1	7	6	8	4	5	9	3	2
3	9	2	7	1	6	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03.25 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17.03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

मिथुन आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

कर्क आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

सिंह आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

कन्या आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

तुला आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

वृश्चिक आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

धनु आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकर आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

कुंभ आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

मीन आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

आज की फिल्में

हैसियत
दोपहर : 12.00
दरार
रात : 07.16
सिम्बा
सुबह : 11.00
शादी में जरूर आना
रात : 08.00

65
सुबह : 11.15
स्पाइडर मैन
रात : 09.00
रमैया वस्तावैया
दोपहर : 12.00
भोला
रात : 08.30
कर्ज
सुबह : 11.10
गंगूबाई काठियावाड़ी
रात : 07.55

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07.55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।

पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।

चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न

उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।

ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।

पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

नीट मामले में लीपापोती कर रही राजग: खरगे

पेपर लीक विवाद : कांग्रेस अध्यक्ष बोले- किसी स्तर पर जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है राजग सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि नकल विरोधी कानून को अधिसूचित करके भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधंन (राजग) सरकार का मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट धांधली मामले में लीपापोती का प्रयास है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए इस मामले की जिम्मेदारी से वह किसी स्तर पर बच नहीं सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री इस मामले में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नया कानून अधिसूचित हो गया है जबकि कानून कल ही अधिश्चित हुआ है और इसे फरवरी में है ही राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि घोटाले मे भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले-धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफ़िया को

● खरगे ने कहा- शिक्षा मंत्री मामले में कर रहे हैं गलत बयानबाजी

बढ़ावा देने की अपनी ज़िम्मेदारी से नहीं बच सकती। तीन तथ्य और तीन सवाल हैं जिनका जवाब मोदी सरकार को देना ही पड़ेगा। तथ्य - पेपर लीक के विरुद्ध क़ानून अधिसूचित नहीं हुआ था, जब शिक्षा मंत्री से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि क़ानून अधिसूचित हो गया। 13 फ़रवरी 2024 में इस क़ानून को राष्ट्रपति का एसेंट मिल गया था पर क़ानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है। सवाल है मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला कि क़ानून अधिसूचित हो गया है और विधि एवं न्याय मंत्रालय को उसके नियम बनाने ही रह गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दूसरा तथ्य - शिक्षा मंत्री पहले तो पेपर लीक को नकारते रहे फ़िर जब गुजरात, बिहार, हरियाणा में गिरफ्तारियां हुईं तब कह रहें हैं कि चूंकि कुछ जगहों पर स्थानीय तौर पर पेपर लीक हुए हैं इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं करा पाएंगे। जबकि तथ्य है कि 2015 में प्री मेडिकल टेस्ट में महज 44 छात्रों की संलिप्तता थी तब भी सुप्रीम कोर्ट के कहने पर छह लाख अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा दोबारा कराई गई। सवाल है नीट पर भी माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर 0.001 भी घपला हुआ है तो वो कार्रवाई होनी चाहिए पर मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही, जबकि शिक्षा मंत्री ने गड़बड़ी की बात मान ली है। तीसरा तथ्य है नौ दिनों में एनटीए ने तीन बड़ी परीक्षाएं रद्द या स्थगित की हैं। क़ानून पास करवाने के बाद भी भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में उप्र पुलिस तथा पदोन्नति बोर्ड जिसके तार गुजरात की एक कंपनी से जुड़े पाएं गए हैं।

परीक्षा कानून डैमेज कंट्रोल की कोशिश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया जाना डैमेज कंट्रोल (स्थिति को संभालने) की कोशिश है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह पेपर लीक के बाद की स्थिति से निपटता है जबकि यह सुनिश्चित करने के लिए कानून और प्रक्रियाओं की आवश्यकता है कि पेपर लीक ही न हो। नीट, यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है।

छात्र संगठनों का केंद्रीय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

हैदराबाद। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

करंट की चपेट में आने से एक मादा पैंथर, दो शावकों की मौत

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के नाका डेहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में बिजली का तार टूट कर गिरने के बाद करंट लगने से एक मादा पैंथर और उसके दो शावकों की मौत हो गई। मंडल वन अधिकारी राजेंद्र हुड्डा ने बताया कि 21 जून को रात 10 बजे पर अलवर वन मण्डल में रेंज के नाका डहरा शाहपुर के वन क्षेत्र अमृतवास में एक बघेरा और दो शावकों के शव मिलने की सूचना मिली। शव दो-तीन दिन पुराने हैं। उन्होंने बताया कि बिजली के तार टूटने से बघेरा एवं उसके दो शावको की मौत होने की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा दी गयी। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो घटनास्थल पर जहां बघेरों के शव पड़े हुये थे, वहाँ बिजली के तार टूटे हुये थे। मृत बघेरों के शवों पर बिजली का करंट लगने से उनके शरीर पर जलने के निशान भी स्पष्ट नजर आ रहे थे।

गुरुग्राम में फायर एग्जीक्यूटर फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत

गुरुग्राम, एजेंसी

● विस्फोट से आसपास के काफी संख्या में मकान और उद्योगों को हुआ भारी नुकसान

हरियाणा में गुरुग्राम स्थित दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में फायर एग्जीक्यूटर बनाने वाली कंपनी में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत होने का सूचना है। विस्फोट से आसपास के क्षेत्र में काफी संख्या में मकान और उद्योगों को नुकसान हुआ है।

सहायक दमकल अधिकारी सैनी ने बताया कि शनिवार को तड़के 2:45 बजे सिपाही संजय ने भीम नगर दमकल विभाग को फोन कर बताया कि दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में विस्फोट हुआ है और भयंकर आग लग गई है। सूचना मिलते ही भीमनगर और गुरुग्राम के सेक्टर 29 से दमकल विभाग के कार्यालय से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मसकत के बाद आग को काबू में किया। घटनास्थल से पांच लोगों को जख्मी हालत में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो व्यक्ति मृत मिले और एक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के कई मकानों और उद्योगों में भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक तथा प्रबंधकों खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है और जांच की जा रही है। अभी तक प्रशासन की ओर से इस घटना में आठ लोगों की मौत होने की पुष्टि नहीं हुयी है।

एक नजर

असम में 5 करोड़ मूल्य की हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कछार जिले में पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने चलचपरा में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर एक विशेष अभियान चलाया और एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर वाहन से 5 करोड़ रुपये मूल्य की 974 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, जिसे पड़ोसी राज्य से लाया जाया जा रहा था। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

तमिलनाडु में शराब से मरने वालों की संख्या हुई 53

कल्लाकुरिचि। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर 53 हो गई। प्रशासन ने बताया कि अवैध देशी शराब पीने से बीमार हुए 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। कल्लाकुरिचि के जिलाधिकारी एम.एस प्रशांत ने बताया कि जिले में मंगलवार रात अवैध देशी शराब पीने से 193 लोग बीमार पड़ गए और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, हालांकि उनमें से 140 लोगों की हालत अभी स्थिर है। उन्होंने कहा कि शराब पीने से 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इस घटना के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

झारखंड में ईडी का छापा, 1 करोड़ नकद, 100 कारतूस बरामद

रांची, एजेंसी

जमीन हड़पने का मामला

● पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ मामले की जांच के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

● आईएएस एवं रांची के पूर्व उपायुक्त सहित 25 से अधिक लोगों हुए हैं गिरफ्तार

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस जब्त किए।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि कांके रोड स्थित परिसर में छापेमारी कर ये जब्ती हुईं। परिसर का मालिक कमलेश सिंह है। छापेमारी की यह कार्रवाई पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन के खिलाफ कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में की जा रही है, लेकिन यह एक अलग भूखंड से जुड़ा मामला है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने कारसूत बरामद किए जाने के संबंध में शस्त्र अधिनियम के तहत पुलिस में मुकदमा भी दर्ज कराया है। मामले की जांच के तहत ईडी सोरेन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी एवं रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य सहित 25 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एजेंसी, सोरेन की ओर से रांची के बार्गेन इलाके में कथित तौर पर अवैध तरीके से हासिल किए गए कई भूखंड सहित 266 करोड़ रुपये कीमत के भूखंड जब्त कर चुकी है और एजेंसी अब तक चार आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। भूमि हड़पने के आरोपों को खारिज करते हुए सोरेन का कहना है कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने राजनीतिक प्रतिशोध में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही मिनटों बाद ईडी ने 31 जनवरी को उन्हें रांची स्थित राजभवन से गिरफ्तार कर लिया था।

बीटीसी की रेसिंग और सट्टेबाजी पर हाईकोर्ट की रोक

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बेंगलुरु टर्फ क्लब (बीटीसी) को ऑन-कोर्स और ऑफ-कोर्स घुड़दौड़ तथा सट्टेबाजी गतिविधियों को जारी रखने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने पहले के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका के बाद शनिवार को स्थगन आदेश जारी किया। कोर्ट ने घुड़दौड़ और सट्टेबाजी के लिए लाइसेंस देने के खिलाफ राज्य सरकार के मजबूत प्रथम दृष्टया मामले को नोट किया, जिसमें राज्य के गृह विभाग तथा वित्त विभाग की ओर से छह जून को अपने संबंधित इनकारों में उठाई गई चिंताओं पर जोर दिया गया। बीटीसी, कर्नाटक रेस हॉर्स ओनर्स एसोसिएशन, कर्नाटक ट्रेनर्स एसोसिएशन, पंटर्स और जॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि घुड़दौड़ लोगों को आजीविका पाने का समर्थन करती है और पर्याप्त कर राजस्व भी देती है।

4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अभिनेता दर्शन

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामला

कर्नाटक में बेंगलुरु की अदालत ने कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप को रेणुकास्वामी हत्या मामले में शनिवार को 4 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दर्शन के कथित साथियों विनय, प्रदोष और धनराज को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अभिनेता 11 जून से हिरासत में है। दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा सहित 13 अन्य आरोपियों को दो दिन पहले 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। रेणुकास्वामी की हत्या में अब तक 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उन पर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था।

आंध्र के पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर

अमरावती, एजेंसी

● वाईएसआरसीपी ने कहा-प्रतिशोध की राजनीति कर रहे चंद्रबाबू नायडू

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरवा दिया है। शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) ने की। गुंटूर के तडेपल्ली में यह कार्यालय करीब दो एकड़ जमीन में बनाया जा रहा था। कार्रवाई के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता की शिकायत को आधार बनाया गया। तेदेपा नेता ने सीआरडीए और मंगलगिरी ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के आयुक्तों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि वाईएसआर कांग्रेस का कार्यालय सिंचाई विभाग की दो एकड़ जमीन पर अवैध रूप से बनाया जा रहा है।

सत्तारूढ़ तेदेपा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ताडेपल्ली में सर्वेक्षण संख्या 202/ए1 के तहत कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि का यह टुकड़ा आवंटित किया था। जगनमोहन रेड्डी ने इस दो एकड़ जमीन पर पार्टी का कार्यालय बनाकर पड़ोस की 15 एकड़ जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। अब यह स्पष्ट हो गया है कि सिंचाई विभाग ने इस दो एकड़ जमीन को वाईएसआरसीपी को सौंपने की मंजूरी नहीं दी थी।

इससे पहले दिन में, वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने गुंटूर जिले के ताडेपल्ली में विपक्षी दल के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। रेड्डी ने दावा किया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पार्टी के कार्यालय को ध्वस्त किया गया। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रबाबू प्रतिशोध की राजनीति कर रहे हैं। एक तानाशाह की तरह उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

अनशन में बाधा डालने की कोशिश करा रही है भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

● अनशन स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, लहराईं तख्तियां

जल मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को जल संकट को लेकर नारे लगाए और तख्तियां लहराईं। आप ने भाजपा पर अनशन में बाधा डालने का आरोप लगाया। भाजपा ने आतिशी की भूख हड़ताल को नाटक बताते हुए पलटवार किया और दावा किया कि प्रदर्शनकारी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक तथा बस मार्शल थे, जिन्हें आप सरकार ने नौकरी से हटाया था।

दक्षिणी दिल्ली के भोगल में शुक्रवार को अनशन शुरू करने वाली आतिशी ने कहा कि कुछ लोग हंगामा करने और उन पर हमला करने के लिए अनशन स्थल पर आए। लेकिन मैं भाजपा को बताना चाहती हूं कि मैं सत्याग्रह के रास्ते पर हूं। मैं डरने वाली नहीं हूं। मैं ऐसे कार्यों से भूख हड़ताल को बंद नहीं करने वाली हूं। 28 लाख दिल्लीवासियों को उनके हिस्से का पानी मिलने तक यह भूख हड़ताल जारी रहेगी। आप ने कहा कि आतिशी के उपवास के दूसरे दिन स्थिति तब बिगड़ी जब भाजपा के भेजे गए लोगों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में बाधा डालने का प्रयास किया।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100
चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग-1045 बोल्ड- 1190 डीएमओ- 800

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूँदड़ा	2400-2450
आर.आर.21	2550-2600
गेहूँफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूँग	7800-8000
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	16700-16800
अरहरस्पेशल	14300-14400
चनादाल	7900-8000
मटरदाल	4750-4850
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000-13300
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8100-9700
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती न01.	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती न02.	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400-1460
मैदा	1380-1435
सूजी	1440-1460
लाही	5600-5800

केंद्र ने राज्यों का समर्थन करते हुए समय पर कर हस्तांतरण, जीएसटी का मुआवजा दिया: वित मंत्री

राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट से पहले बैठक में सीतारमण ने केंद्रीय योजना का लाभ लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह बात कही। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग अनुदान और जीएसटी मुआवजे के बकाया के जरिए राज्यों को केंद्र

सरकार के समर्थन को रेखांकित किया। सीतारमण ने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना का उल्लेख किया। ज्यादातर राज्यों ने केंद्र की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना की सराहना की और आगे सुधार के लिए सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी), जल जीवन मिशन (जेजेएम), कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने ऊपरी भद्रा जल परियोजना के लिए पहले से घोषित सहायता में से 5,300 करोड़ जारी करने और इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

उद्यमियों को कर-राहत, जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद

पुणे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। नयी सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है।

अरामको चेयरमैन की नियुक्ति के विरोध में रिलायंस के 16% शेयरधारक

नई दिल्ली, एजेंसी

● अल रुमय्यान के पक्ष में 83.97 और खिलाफ 16.02% मत पड़े

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों ने सऊदी अरामको के चेयरमैन यासिर ओथमान एच अल-रुमय्यान की कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में पांच साल के लिए पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि, 16 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया।

रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने डाक मतपत्र से अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के साथ ही हैग्रीव खेतान को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी। लंबे समय से कंपनी के कार्यकारी पीएमएस प्रसाद को अगले पांच साल के लिए निदेशक के रूप में फिर से नियुक्त करने को भी शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई। सूचना में कहा गया कि अल रुमय्यान की पुनर्नियुक्ति के प्रस्ताव के पक्ष में 83.97 प्रतिशत और खिलाफ 16.02 प्रतिशत मत पड़े। अल-रुमय्यन दुनिया के सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड में से एक सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष के प्रमुख भी हैं। अल-रुमय्यन को पहली बार 2021 में तीन साल के कार्यकाल के लिए रिलायंस के निदेशक मंडल में नियुक्त किया गया था। उनका पहला कार्यकाल 18 जुलाई, 2024 को समाप्त हो रहा है। ...और अब उन्हें 18 जुलाई 2029 तक फिर से नियुक्त किया गया है। खेतान एंड कंपनी में साझेदार खेतान को एक अप्रैल 2024 से पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। लेकिन उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ भी लगभग 13 प्रतिशत शेयरधारकों ने मतदान किया। उनकी नियुक्ति के पक्ष में 87.15% शेयरधारकों ने मतदान किया।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	90850
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,450
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72400
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71400
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,800

मांग कमजोर होने से ज्यादातर तेल-तिलहनों में आई गिरावट

नई दिल्ली। शनिवार को मांग कमजोर होने से तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट आई है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी तेल-तिलहन पिराई मिलों का हाल खराब हो गया है। थोक भाव टूट गए हैं लेकिन खुदरा बाजार में उपभोक्ता को ज्यादा फायदा नहीं मिलता है। हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाने से तेल के दाम में कोई वृद्धि नहीं होती है जबकि तिलहनों के दाम बढ़ जाते हैं, जिससे किसानों को लागत नहीं मिलती है। सस्ते आयातित तेल के आगे देशी मिलों में बिक्री नहीं हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तिलहनों की खरीफ की बिजाई चल रही है।

दूरसंचार अधिनियम 2023 से शुरू होगा कनेक्टिविटी का नया युग

नई दिल्ली। सरकार ने ब्रिटिश काल के भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफ अधिनियम, 1933 जैसे कानूनों के स्थान पर दूरसंचार अधिनियम 2023 की धाराएं एक, दो, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में कल गजट अधिसूचना जारी किया गया। जिन धाराओं को अधिसूचित किया गया है उससे कनेक्टिविटी को लेकर नये युग का सूत्रपात होगा। इसका उद्देश्य दूरसंचार सेवाओं और नेटवर्क के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित कानून को संशोधित और समेकित करना के साथ स्पेक्ट्रम का आवंटन और उससे जुड़े मामलों में तेजी लाना है। दूरसंचार क्षेत्र और प्रौद्योगिकियों में तकनीकी प्रगति से ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों के स्थान पर लाया गया है।

एलएनजी प्लांट के लिए ओएनजीसी और इंडियन ऑयल में साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

● दीनदयाल उर्जा भवन में हस्ताक्षर समारोह हुआ आयोजित

तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने विंध्य बेसिन क्षेत्र में मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएनजी) प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

ओएनजीसी शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्य बेसिन को श्रेणी दो से श्रेणी एक के बेसिन का दर्जा दिलाएगी। राजधानी में दीनदयाल उर्जा भवन में आयोजित हस्ताक्षर समारोह में आईओसीएल के निदेशक (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), सुजय चौधरी और ओएनजसी की निदेशक (अन्वेषण) सुषमा रावत मौजूद थीं। प्रस्तावित संयंत्र में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा।

जर्मनी की शिपिंग कंपनी के लिए चार मालवाहक जहाज बनाएगी जीआरएसई

कोलकाता। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उद्यम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को जर्मनी की शिपिंग कंपनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

एक अधिकारी ने बताया कि यह समझौता 4 बहुउद्देश्यीय मालवाहक जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए है। जीआरएसई ने एनएसई और बीएसई को बताया कि यह ठेका 5.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और इसे 33 महीनों में पूरा करना है। जीआरएसई के अधिकारी ने कहा कि जीआरएसई ने जहाजों के निर्माण और आपूर्ति के लिए जर्मनी की शिपिंग कंपनी कार्स्टन रेहडर शिफ्समैकलर अंड रीडरेई जीएमबीएच एंड कंपनी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते में निकट भविष्य में चार और जहाज बनाने का विकल्प भी है।

भारत की जीत में हार्दिक और कुलदीप चमके

बांग्लादेश को 50 रन से हराया, कोहली-पंत और दुबे भी गरजे

कुलदीप यादव

नॉर्थ साउंड (एंटीगा),एजेंसी

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद कुलदीप यादव के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपना दावा बेहद मजबूत किया। इस जीत से भारत के ग्रुप एक में दो मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया एक मैच में दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लगातार दूसरी हार झेलने वाले बांग्लादेश और अफगानिस्तान का अभी खाता भी नहीं खुला है।

भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (13 रन पर दो विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 29 और रिशाद हुसैन ने 24 रन की पारी खेली। इससे पहले पंड्या (नाबाद 50 रन, 27 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए।

बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने सतर्क शुरुआत करते हुए पावर प्ले में लिटन दास (13) का विकेट गंवाकर 42 रन बनाए। तंजीद ने अर्शदीप पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी दो चौके मारे।

लिटन ने पंड्या का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर इस शॉट को दोहराने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर सूर्यकुमार यादव को कैच

हार्दिक पंड्या

दे बैठे। तंजीद अगले ओवर में भाग्यशाली रहे जब बुमराह की गेंद पर विकेटकीपर पंत ने उनका कैच टपका दिया। कप्तान शंटो ने पंड्या पर दो छक्कों के साथ नौवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। कुलदीप ने तंजीद को पगबाधा करके कप्तान के साथ उनकी 31 रन की साझेदारी का अंत किया। उन्होंने 31 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। कुलदीप ने अपने अगले ओवर में तौहीद हृदय (04) को भी पगबाधा किया। शंटो ने जडेजा पर अपना तीसरा छक्का मारा। शाकिब अल हसन (11) ने कुलदीप पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर एक्स्ट्रा कवर पर रोहित को कैच दे बैठे जिससे बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 98 रन हो गया।

खेल डायरी

गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

सेलांगोर (मलेशिया)। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

समामीश (सिएटल)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

जम्मू। भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

चेन्नई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

पंत की वापसी काबिले तारीफ

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

इयान स्मिथ बोले

- **गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता**

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी

वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद

ब्रिजटाउन,एजेंसी

टी-20 विश्व कप

- **अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त**
- **अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज**

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

किंग्सटाउन, एजेंसी

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप

चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

टीमें : आस्ट्रेलिया : मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

शिमला, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।

बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप

- **अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम**
- **अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी**

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

यूरो कप | ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

लीपजिग, एजेंसी

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।

चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

हैम्बर्ग। जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउताद्ज़े के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

बेंगलुरु, एजेंसी

तीन मैचों की श्रृंखला

- **भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त**
- **फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर**

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

● हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।

भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।

रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर, एजेंसी

एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डुल्लू

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यहां भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के साथ डुल्लू ने वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए भारी सुरक्षा वाले आधार शिविर का दौरा किया। अमरनाथ के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर के छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। मुख्य सचिव ने आधार शिविर में संवाददाताओं से कहा, तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 28 जून को यहां (भगवती नगर) से रवाना किया जाएगा और अगले दिन (कश्मीर में) यात्रा शुरू होगी। हम व्यवस्था का निरीक्षण करने आए हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

एक नजर

इटली में शरणार्थी जहाज दुर्घटनाग्रस्त 34 की मौत

रोम। इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे।

ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

मद्यन (पाकिस्तान)। पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

ज़िचांग। चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च-2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

मॉस्को। रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

भविष्य की योजना पर जताई सहमति

भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुईं, जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

धनखड़ से मुलाकात की

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

● इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

● 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

● परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल करने का शनिवार को दावा किया। आतंकवाद-निरोधक विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, इस सप्ताह पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर पंजाब के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया तथा आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इन कथित आतंकवादियों को लाहौर, एटक, शेखपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डी जी खान, फैसलाबाद, मुल्तान, बहावलनगर और रावलिपंडी जैसे क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, संदिग्धों के पास से कथित रूप से 1645 ग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, एक आईईडी बम, 12 डिटोनेटर, एक पिस्तौल और प्रतिबंधित साहित्य सामग्री बरामद की गयी।

उन्होंने कहा, गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों ने पंजाब में गड़बड़ी फैलाने की साजिश रची थी और वे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं हस्तियों को निशाना बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 19 मामले दर्ज किये हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, पांच सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

● पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

बॉलीवुड हलचल

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

खगोल विज्ञान सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।

ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।